CMYK

तापमान अधिकतम :32°C न्यूनतम: 23°C
सेंसेक्स 81,312.32 निफ्टी 24,752.45
सोना 98,670 चांदी 1,00,000

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

बरेली, गुरुवार 29 मई 2025 बरेली संस्करण: वर्ष 22 अंक 184 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 2 विक्रमी सम्वत् 2082 1 ज़िलहिज्जा 1446 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



## ट्रम्प ने स्टूडेंट वीजा के इंटरव्यू पर लगाई रोक

विस्तृत खबर देश-विदेश पर



## IPL का फाइनल सशस्त्र बलों को समर्पित करना सराहनीय कदम: गंभीर

विस्तृत खबर खेल टाइम्स पर

# पाकिस्तान से सटे चार राज्यों में मॉक ड्रिल आज

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ राजस्थान, गुजरात, हरियाणा और जम्मू- कश्मीर शामिल, लोगों से सतर्क रहने की अपील की गई

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान से सटे राज्यों में गुरुवार (आज) की शाम मॉक ड्रिल होगी। इनमें जम्मू-कश्मीर, गुजरात, हरियाणा और राजस्थान शामिल हैं। वहीं, पंजाब में 3 जून को ड्रिल होगी। लोगों से सतर्क रहने की अपील की गई है।

इससे पहले 7 मई को देश के 244 जिलों में माक ड्रिल हुई थी। इसमें नागरिकों को हमले के दौरान खुद को बचाने की ट्रेनिंग दी गई। यह इसलिए किया गया ताकि युद्ध की स्थिति में लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। देश में पिछली बार ऐसी मॉक ड्रिल 1971 में हुई थी। तब भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध हुआ था। यह मॉक ड्रिल युद्ध के दौरान हुई थी। दरअसल, 22 अप्रैल को हुए पहलगाम आतंकी हमले के बाद 7 मई को भारत ने पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) और पाक में मौजूद 9 आतंकी ठिकानों पर एयरस्ट्राइक की थी। सेना ने 100 आतंकियों को मार गिराया था। इसे ऑपरेशन सिंदूर नाम दिया गया। इसके बाद से भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बना हुआ है। मॉक ड्रिल यानी एक तरह की प्रैक्टिस जिसमें हम यह देखते हैं कि अगर कोई इमरजेंसी (जैसे एयर स्ट्राइक या बम हमला) हो जाए, तो आम लोग और प्रशासन कैसे और कितनी जल्दी रिएक्ट करता है। ब्लैकआउट एक्सरसाइज का मतलब है कि एक तय समय के लिए पूरे इलाके की लाइटें बंद कर देना। इसका मकसद यह दिखाना होता है कि अगर दुश्मन देश हमला करे, तो इलाके को अंधेरे में कैसे सुरक्षित रखा जा सकता है। इससे दुश्मन को निशाना साधने में मुश्किल होती है।



# किसानों को मिलेगी अब फसलों की ज्यादा कीमत

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ धान समेत 14 फसलों की एमएसपी में बढ़ोतरी ■ किसान क्रेडिट कार्ड पर कम ब्याज में मिलेगा लोन

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने वर्ष 2025-26 में खरीफ की फसल के लिए धान, बाजरा, मक्का, उडद, मूंगफली और सूरजमुखी बीज सहित 14 फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में वृद्धि की घोषणा की है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को यहां हुई आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को स्वीकृति दी गई। बैठक के बाद सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में बताया कि विपणन सीजन -**शेष पृष्ठ दो पर**

## प्रो. महमूदाबाद की अंतरिम जमानत अवधि बढ़ी

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने अशोका यूनिवर्सिटी के एसोसिएट प्रो. अली खान महमूदाबाद को 'ऑपरेशन सिंदूर' से संबंधित कथित आपत्तिजनक सोशल मीडिया टिप्पणी मामले में हरियाणा में दर्ज दो मुकदमों के तथ्यों पर केंद्रित जांच करने का बुधवार को विशेष जांच दल (एसआईटी) को निर्देश दिया। शीर्ष अदालत ने प्रो. महमूदाबाद को 21 मई को दी गई अंतरिम जमानत अवधि बढ़ाते हुए कहा कि वह इस मामले में जुलाई में सुनवाई करेगी। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की अंशकालिक कार्य दिवस पीठ ने याचिकाकर्ता के अधिवक्ता के कपिल सिब्बल की इस आशंका पर कि जांच का दायरा बढ़ाया सकता है। उन्होंने कहा कि हम निर्देश देते हैं कि एसआईटी की जांच दो मुकदमों के तथ्यों तक ही सीमित रहेगी।

## मुंबई में तेज बारिश, राजस्थान में गर्मी बारिश व आंधी

**नई दिल्ली।** देश के 17 राज्यों में मानसून की एंट्री हो चुकी है। बुधवार को मानसून समय से 12 दिन पहले छत्तीसगढ़ और 13 दिन पहले ओडिशा पहुंचा। दोनों राज्यों के कुछ जिलों में तेज बारिश हुई। महाराष्ट्र के मुंबई, नवी मुंबई, ठाणे, पालघर, रायगढ़ में बुधवार को भारी बारिश हुई। यहां बारिश का एलो अलर्ट जारी किया गया है। बदलापुर, उल्हासनगर, कल्याण, डोंबिवली और ठाणे के अलग-अलग इलाकों में जलभराव हो गया है। राजस्थान में मौसम का तीन रूप देखने को मिल रहे हैं। बूंदी जिले में तेज गर्मी पड़ रही है। यहां के गांव में वृद्ध महिला की मौत हुई।

# जस्टिस वर्मा के खिलाफ चलेगा महाभियोग!

नई दिल्ली, वार्ता



■ मानसून सत्र में प्रस्ताव संभव, कैश कांड के दोषी जज के घर मिले थे जले नोट ■ सरकार अभी तक इंतजार कर रही जस्टिस वर्मा खुद दे दें इस्तीफा

**कैश कांड** मामले में जस्टिस यशवंत वर्मा के खिलाफ केंद्र सरकार संसद में महाभियोग प्रस्ताव लाने पर विचार कर रही है। एक न्यूज एजेंसी ने सरकार से जुड़े सूत्रों के हवाले से बताया कि 15 जुलाई के बाद शुरू होने वाले मानसून सत्र में यह प्रस्ताव लाया जा सकता है। हालांकि सरकार अभी इस बात का इंतजार कर रही है कि जस्टिस वर्मा खुद इस्तीफा दे दें।

दरअसल, जस्टिस वर्मा के लुटियंस दिल्ली स्थित घर में 14 मार्च की रात आग लगी थी। उनके घर के स्टोर रूम से 500-500 रुपये के जले नोटों के बंडलों से भरे बोरे मिले थे। जिसके बाद उन्हें इलाहाबाद हाईकोर्ट ट्रांसफर कर दिया गया था। 22 मार्च को इस मामले में तत्कालीन सीजेआई ने जांच समिति बनाई थी। कमेटी ने 3 मई को रिपोर्ट तैयार की और 4 मई को सीजेआई को सौंपी थी। कमेटी ने जस्टिस वर्मा के खिलाफ आरोपों को सही पाया और उन्हें दोषी ठहराया था।

## चार हाईकोर्टों के मुख्य न्यायाधीशों के तबादले की सिफारिश

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्अ के मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई की अध्यक्षता वाली कॉलेजियम ने राजस्थान समेत चार उच्च न्यायालयों के मुख्य न्यायाधीशों के तबादले की सिफारिश की है। शीर्ष अदालत की ओर से बुधवार को बयान जारी कर यह जानकारी दी गई। बयान के मुताबिक राजस्थान उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति मनिन्द्र मोहन श्रीवास्तव को मद्रास उच्च न्यायालय स्थानांतरित किया गया है। इसी प्रकार त्रिपुरा के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति अपरेश कुमार सिंह को तेलंगाना, झारखंड के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति एमएस रामचन्द्र राव को त्रिपुरा और मद्रास उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति केआर श्रीराम का राजस्थान उच्च न्यायालय में तबादला किया गया है। बयान में कहा गया है कि कॉलेजियम की 26 मई को हुई बैठक में उक्त चारों उच्च न्यायालयों के न्यायाधीशों के तबादले की सिफारिश संबंधी फैसला लिया गया।

## मणिपुर में नई सरकार बनाने की तैयारी, गवर्नर के पास पहुंचे 10 विधायक

**इम्फाल।** मणिपुर में 10 विधायकों ने बुधवार को राज्यपाल अजय कुमार भल्ला से मिलकर सरकार बनाने का दावा पेश किया है। इनमें 8 भाजपा, एनपीपी और निर्दलीय के एक-एक विधायक हैं। इन्होंने दावा किया है इनके पास 44 विधायकों का समर्थन है। राज्यपाल से मुलाकात के बाद भाजपा विधायक थोकचोम राधेश्याम ने कहा कि कांग्रेस को छोड़कर 44 विधायक मणिपुर में सरकार बनाने के लिए तैयार हैं। नई सरकार के गठन का विरोध करने वाला कोई नहीं है। मणिपुर विधानसभा अध्यक्ष सत्यव्रत ने 44 विधायकों से मुलाकात की है। दूसरी तरफ, विधानसभा अध्यक्ष सत्यव्रत केंद्रीय नेतृत्व के बुलावे पर दिल्ली रवाना हो गए हैं। जल्द ही सरकार बनाने पर आलाकमान का फैसला आ सकता है। मणिपुर में 60 विधानसभा सीटें हैं। सरकार बनाने के लिए बहुमत का आंकड़ा 31 है। बीरेन सिंह ने 9 फरवरी को दिया इस्तीफा, उसके बाद राष्ट्रपति शासन मणिपुर में 13 फरवरी से राष्ट्रपति शासन लागू है। 9 फरवरी को भाजपा सरकार का नेतृत्व करने वाले तत्कालीन सीएम एन बीरेन सिंह ने इस्तीफा दे दिया था।

# कर्नल सोफिया पर टिप्पणी मामले में विजय शाह को अंतरिम राहत जारी

शाह टाइम्स ब्यूरो



हाईकोर्ट की कार्यवाही बंद, सुप्रीम कोर्ट ने एसआईटी को जांच के लिए और समय दिया, जुलाई के तीसरे सप्ताह में होगी सुनवाई

**नई दिल्ली।** कर्नल सोफिया कुरैशी पर विवादित बयान देने वाले मध्य प्रदेश सरकार में मंत्री विजय शाह को सुप्रीम कोर्ट से मिली अंतरिम राहत जारी रहेगी। सर्वोच्च अदालत ने बुधवार को शाह के खिलाफ हाईकोर्ट में चल रही कार्यवाही को भी बंद कर दिया है और विशेष जांच दल (एसआईटी) की पहली रिपोर्ट को रिकॉर्ड में ले लिया। साथ ही एसआईटी को जांच के लिए और समय दिया। अब इस मामले पर जुलाई के तीसरे सप्ताह में सुनवाई होगी।

जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस दीपांकर दत्ता की पीठ ने कहा कि यह मामला सर्वोच्च अदालत के संज्ञान में है। इस तथ्य के मद्देनजर हाईकोर्ट में चल रही कार्यवाही को बंद किया जाना चाहिए। कोई समानांतर कार्यवाही नहीं होनी चाहिए। याद रहे कि शाह ने इस मसले पर हाई कोर्ट के आदेश के खिलाफ ही सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। उनके विवादित बयान पर हाई कोर्ट ने काफी सख्त रुख अपनाया था। पिछली सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट ने जांच के लिए तीन वरिष्ठ भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) अधिकारियों की एक विशेष जांच टीम (एसआईटी) गठित की थी। शाह को जांच में शामिल होने का निर्देश दिया था, जबकि इस बीच उनकी गिरफ्तारी पर रोक लगा दी थी। बुधवार को सुनवाई शुरू होते ही मध्य प्रदेश सरकार की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने बेंच को सूचित किया कि एसआईटी गठित कर दी गई है और उसने जांच शुरू कर दी है। शाह का मोबाइल फोन जब्त कर लिया गया है। जांच रिपोर्ट सीलबंद लिफाफे में अदालत में पेश कर दी गई है और आगे की जांच के लिए एसआईटी को समय चाहिए। इसके बाद सर्वोच्च न्यायालय ने अपने आदेश में दर्ज किया कि डीआईजी पुलिस द्वारा स्थिति रिपोर्ट दाखिल की गई है। इसमें कहा गया है कि तीन आईपीएस अधिकारियों की एसआईटी गठित की गई है और 21 मई को जांच की गई। घटनास्थल का दौरा किया गया और सामग्री एकत्र की गई। भाषण की स्क्रिप्ट तैयार किए जाने के साथ मोबाइल फोन जब्त किया गया है और गवाहों के बयान दर्ज किए गए।

## पेड़ों की अवैध कटाई मामले में वीके सक्सेना बरी, दोषी डीडीए अधिकारियों पर लगाया जुर्माना

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली रिज क्षेत्र में पेड़ों की अवैध कटाई से संबंधित अदालती अवमानना के एक मामले में दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना और डीडीए को बुधवार को बरी दिया, लेकिन प्रत्यके दोषी अधिकारी को 25,000 रुपये को जुर्माना भरने का निर्देश दिया। पीठ ने यह फैसला सुनाते हुए पेड़ों के नुकसान की भरपाई के लिए कई निर्देश भी दिए। पीठ ने डीडीए के पूर्व उपाध्यक्ष सुभाषिश पांडा को भी राहत दी और उनके खिलाफ अवमानना कार्यवाही बंद कर दी। उन्हें राहत देते हुए अदालत ने कहा कि अब वह इस पद (उपाध्यक्ष) पर नहीं हैं और पहले भी पूर्णकालिक सदस्य नहीं थे।

# एक अधिकारी तीनों सेनाओं के जवानों पर ले सकेगा एक्शन

■ देश में इंटर सर्विस ऑर्गनाइजेशन नियम लागू, केंद्र ने नोटिफिकेशन जारी किया

**नई दिल्ली।** देश में तीनों सेनाओं के जवानों पर अब एक ही अधिकारी एक्शन ले सकेगा। 27 मई से इंटर सर्विस ऑर्गनाइजेशन नियम लागू कर दिया गया है। केंद्र सरकार ने इसका नोटिफिकेशन भी जारी किया।

नए कानून बनने से इंटर सर्विस आर्गनाइजेशन के तहत एक कमांडर-इन-चीफ/ऑफिसर-इन- कमांड की नियुक्ति होगी। यह कमांडर सैनिकों पर कंट्रोल करने, कार्रवाई करने में सक्षम होगा। फिर सैनिक किसी भी सेना से जुड़ा हो। राष्ट्रपति की मंजूरी मिलने के बाद बन गया था कानून इंटर सर्विस ऑर्गनाइजेशन बिल दो साल पहले मानसून सत्र में संसद में पेश और पारित किया गया था। 15 अगस्त 2023 को राष्ट्रपति की मंजूरी मिलने के बाद इसे 10 मई 2024 से लागू किया गया। सरकार ने बुधवार को नए नियमों को भी आधिकारिक रूप से राजपत्र के माध्यम से अधिसूचित (गजटेड) कर दिया गया है। नए नियम के तहत अब कोई भी सेवा अधिकारी (जैसे थलसेना का अधिकारी) इंटर सर्विस आर्गनाइजेशन में कार्यरत किसी भी अन्य सेवा (जैसे नौसेना या वायुसेना) के जवानों को कमांड दे सकेगा। पहले इस प्रकार के अधिकार केवल संबंधित सेवा के भीतर ही सीमित होते थे। इससे कई बार संचालन में बाधाएं आती थीं।

# देश में कोरोना के 1200 केस, अब तक 12 मौतें

**नई दिल्ली।** देशभर में कोरोना वायरस के एक्टिव केसों की संख्या 1200 पहुंच गई है। महाराष्ट्र एक्टिव केसेज के मामले में दूसरे नंबर पर है।

यहां 325 मरीज हैं। इनमें से 316 मरीज सिर्फ मुंबई में हैं। इसके बाद केरल में सबसे ज्यादा 430 कोरोना पेशेंट हैं। मंगलवार को महाराष्ट्र में 66, कर्नाटक में 36, गुजरात में 17, बिहार में 5 और हरियाणा में 3 नए मामले सामने आए हैं। नॉर्थ-ईस्ट में भी कोरोना के मामले सामने आने लगे हैं। अरुणाचल प्रदेश में मंगलवार को 2 महिलाएं कोरोना पॉजिटिव पाई गईं। इनमें एक को बुखार और हल्की खांसी है, जबकि दूसरी महिला में कोई लक्षण नहीं हैं। उत्तर प्रदेश के फिरोजाबाद में मंगलवार को 78 साल के कोरोना पॉजिटिव बुजुर्ग की इलाज के दौरान मौत हो गई। यह राज्य में कोविड के नए वैरिएंट से पहली मौत है।

# ऑपरेशन सिंदूर ने पाक को पांच साल पीछे धकेला

**नई दिल्ली।** ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत ने पाकिस्तान को भारी नुकसान पहुंचाया है। सबसे ज्यादा नुकसान पाकिस्तानी एयरफोर्स को हुआ है। सूत्रों के हवाले से एक रिपोर्ट में बताया गया है कि भारत के हमले के दौरान पाकिस्तानी वायुसेना लाचार हो गई थी। उसे समझ में ही नहीं आ रहा था कि हमले का बचाव कैसे किया जाए। पाकिस्तान के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय वायुसेना ने हवा से दागी जाने वाली क्रूज मिसाइलों, लंबी दूरी से मार करने वाले हथियारों और अलग-अलग तरह के घूमते रहने वाले हथियारों का इस्तेमाल किया।

रक्षा सूत्रों के मुताबिक भारतीय वायुसेना ने लगातार चार दिन तक पाकिस्तान में बहुत सटीक हमले किए। उनके मुताबिक इस हमले से पाकिस्तान को इतना नुकसान हुआ है कि उबरने में उन्हें कम से कम 5 साल लग जाएंगे। भारतीय सेना ने टैंक और कम दूरी की मिसाइल से ड्रोन को मार गिराने का वीडियो कुछ दिन पहले जारी किया था।






## संक्षिप्त समाचार

### राम मंदिर में पांच जून को होगी एक और प्राण प्रतिष्ठा

**अयोध्या।** उत्तर प्रदेश में रामनगरी अयोध्या में पांच जून को एक और प्राण प्रतिष्ठा की तैयारी जोर शोर से की जा रही है। श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष चंपत राय ने बुधवार को यहां पत्रकारों को बताया कि पांच जून को सुबह 11:25 से 11:40 के बीच राम दरबार समेत सभी आठ मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। गंगा दशहरा पर प्राण प्रतिष्ठा का यह भव्य कार्यक्रम अभिजीत मुहूर्त में संपन्न होगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठाधीश्वत महंत योगी आदित्यनाथ मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित रहेंगे। उन्होंने बताया कि प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम को काशी के विद्वान पंडित जयप्रकाश की अगुवाई में 101 वैदिक आचार्य संपन्न कराएंगे। इससे पहले दो जून को शाम चार बजे मातृ शक्तियां जल कलश यात्रा लेकर निकलेंगी। यह कलश यात्रा पुराने आरती स्थल से शुरू होगी और श्रृंगरहाट हनुमानगढ़ी दशरथ महल होते हुए राम मंदिर के यज्ञ मंडप पर पहुंचेगी। तीन जून को यज्ञ मंडप पूजन अग्नि स्थापना का अनुष्ठान शुरू होगा, जबकि चार जून को विभिन्न अधिवास पालकी यात्रा का आयोजन किया गया है।

### माओवादियों ने ओडिशा में विस्फोटकों से लदे ट्रक को लूटा

**भुवनेश्वर।** ओडिशा में सुंदरगढ़ जिले के सारंडा जंगल के पास लांगलकाटा क्षेत्र में माओवादियों ने विस्फोटकों से भरा एक ट्रक लूटने के बाद पश्चिमी रेंज के पुलिस उप महानिरीक्षक और राउरकेला पुलिस अधीक्षक, पुलिस बल के साथ बुधवार को जांच के लिए घटनास्थल पर पहुंचे। उन्हें सूचना मिली थी कि संदिग्ध माओवादियों ने मंगलवार को विस्फोटकों से लदे ट्रक को लूट लिया है। सूत्रों के अनुसार ट्रक ओडिशा-झारखंड सीमा के पास बांको में एक पत्थर खदान में गोला-बारूद के गोदाम से जिलेटिन की छड़ों के सैकड़ों पैकेट सहित लगभग चार टन विस्फोटक ले जा रहा था। इसे जंगल के अंदर संदिग्ध माओवादियों ने रोक लिया, जहां बंदूक की नोक पर विस्फोटक से भरा ट्रक लूट लिया। हमलावर माओवादियों ने विस्फोटकों से लदे ट्रक को पास के सारंडा जंगल में ले जाकर खड़ा कर दिया, जो उनका गढ़ माना जाता है और ट्रक से सारी सामग्री उतार ली। वाहन चालक और सहायक को हालांकि माओवादियों ने बिना नुकसान पहुंचाए छोड़ दिया था।

### खराब मौसम के कारण श्रीनगर हवाई अड्डे से दो उड़ानें रद्द

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में खराब मौसम के कारण मंगलवार शाम श्रीनगर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से दो उड़न सेवाओं को रद्द किया गया है। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। हवाई अड्डे के अधिकारियों के अनुसार, चंडीगढ़ (आईएक्ससी) जाने वाली इंडिगो की उड़ान 6ई6041 और मुंबई जाने वाली उड़ान 6ई215 को कश्मीर घाटी में खराब मौसम के कारण रद्द कर दिया गया। हवाई अड्डे के अधिकारियों की ओर से जारी एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि श्रीनगर में खराब मौसम के कारण दो उड़ानों को रद्द कर दिया गया है। गौरतलब है कि इंडिगो की दिल्ली से श्रीनगर जा रही विमान को 21 मई को अचानक ओलावृष्टि का सामना करना पड़ा।

## आयुध अधिनियम का पालन करें डीएम, कारण बताना होगा

# शस्त्र लाइसेंस निरस्त करने पर हाईकोर्ट सख्त

**प्रयागराज, वार्ता**

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा है कि केवल किसी से शत्रुता, आपराधिक केस दर्ज होने और शस्त्र का दुरुपयोग करने की आशंका के आधार पर शस्त्र लाइसेंस निलंबित या निरस्त नहीं किया जा सकता।

आयुध अधिनियम के तहत शस्त्र लाइसेंस निरस्त करते समय डीएम को कारण बताना होगा। यह टिप्पणी कर कोर्ट ने शस्त्र लाइसेंस निरस्त करने के हापुड़ के डीएम के आदेश व मेरठ के मंडलायुक्त की अपील में पारित आदेश रद्द कर दिया। साथ ही हापुड़ के डीएम को दो माह में नए सिरे से आदेश पारित करने का निर्देश दिया है। यह आदेश न्यायमूर्ति प्रकाश पाडिया ने देवेंद्र सिंह की याचिका को स्वीकार करते हुए दिया है। याची के खिलाफ बाबूगढ़ थाने में मुकदमा दर्ज किया गया था। इसके आधार पर डीएम ने शस्त्र लाइसेंस निरस्त कर दिया। याची ने इस आदेश को हाईकोर्ट में चुनौती दी। याची अधिवक्ता आशीष कुमार सिंह ने दलील दी कि लोक सुरक्षा व लोक शांति के आधार पर शस्त्र लाइसेंस निरस्त किया जा सकता है। डीएम व कमिश्नर ने मशीनी आदेश पारित किया। यह स्वतंत्र देश के स्वतंत्र नागरिक के विशेषाधिकार का उल्लघंन है। कानून डीएम को फ्री हैंड नहीं देता। कोर्ट ने डीएम को आदेश को रद्द कर दिया। वहीं एफआईआर रद्द करने की हाईकोर्ट की अंतर्निहित शक्ति का परीक्षण अब नौ जजों की वृहद पीठ करेगी। यह देखा जाएगा कि हाईकोर्ट में एफआईआर को भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा-528 के तहत चुनौती दी जा सकती है या फिर भारतीय संविधान के अनुच्छेद-226 के अंतर्गत दाखिल होने वाली याचिका ही पोषणीय है।



- हाईकोर्ट ने कहा: केवल शत्रुता, आपराधिक केस व दुरुपयोग की आशंका के आधार पर नहीं निरस्त किए जा सकते शस्त्र लाइसेंस
- कोर्ट ने शस्त्र लाइसेंस निरस्त करने के हापुड़ के डीएम के आदेश व मेरठ के मंडलायुक्त की अपील में पारित आदेश रद्द किया
- अब नौ जजों की पीठ तय करेगी बीएनएसएस के तहत एफआईआर रद्द हो सकती है या नहीं, मामला वृहद पीठ को भेजा गया

इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति अरुण कुमार सिंह देशवाल की एकल पीठ ने इस कानूनी उलझन को नौ जजों की वृहद पीठ को सौंपने का फैसला सुनाया है। साथ ही कोर्ट ने महानिबंधक को वृहद पीठ के गठन के लिए मामला तीन दिन में मुख्य न्यायाधीश के समक्ष पेश करने को कहा है। याची शशांक गुप्ता उर्फ गुड्डू और अन्य के खिलाफ चित्रकूट के कर्वी थाने में दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज है। मामले में याचियों ने बीएनएसएस की धारा-528 के तहत एफआईआर रद्द करने की मांग के साथ हाइकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। दावा है कि मुकदमा दुर्भावनापूर्ण तरीके से उन्हें सताने के लिए दर्ज करवाया गया है। याची का तर्क है कि हाईकोर्ट अपनी अंतर्निहित शक्तियों का प्रयोग कर झूठी व दुर्भावनापूर्ण एफआईआर को रद्द कर सकता है। बीएनएसएस की धारा-528 हाईकोर्ट को यह अधिकार देती है कि वह ऐसी शिकायतों व एफआईआर को सीधे खारिज कर सके, जो प्रथम दृष्टया न तो किसी अपराध को दर्शाती है और न ही न्याय की कसौटी पर खरी उतरती है। इस नई धारा का उद्देश्य फर्जी मुकदमों से नागरिकों की रक्षा करना है। लिहाजा नए कानून के तहत याची के खिलाफ दर्ज मुकदमा रद्द किया जाना चाहिए। राज्य सरकार के अधिवक्ता ने 1989 में रामलाल यादव के मामले में सात जजों की पूर्ण पीठ के दिए फैसले का हवाला देते हुए याचिका की पोषणीयता पर प्रारंभिक आपत्ति उठाई। कहा कि एफआईआर को रद्द करने की मांग भारतीय संविधान के अनुच्छेद-226 के तहत ही पोषणीय है। बीएनएसएस की धारा-528 (पुरानी धारा 482 सीआरपीसी) के तहत एफआईआर रद्द करने की अर्जी स्वीकार नहीं की जा सकती।

### कानूनी उलझन वृहद पीठ को संदर्भित करने का पहला मामला

**प्रयागराज।** बीएनएसएस लागू होने के बाद यह पहला मामला है, जब धारा 528 के तहत एफआईआर रद्द करने की मांग की गई है। इससे पहले 1989 में सात जजों की पूर्ण पीठ ने एफआईआर रद्द करने के लिए भारतीय संविधान के अनुच्छेद-226 के तहत याचिका को पोषणीय माना था। सात जजों की पूर्ण पीठ के फैसले और नए कानून के प्रावधानों में टकराव को देखते हुए कोर्ट ने मामले को नौ जजों की वृहद पीठ को संदर्भित कर दिया। वृहद पीठ के का फैसला आने तक याचियों को दी गई अंतरिम राहत बरकरार रहेगी। उनके खिलाफ कोई भी उत्पीड़नात्मक कार्रवाई नहीं की जाएगी।

# यूपी में उमस भरी गर्मी ने किया लोगों को बेहाल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में गुरुवार से पूरब से पश्चिम तक गरज चमक के साथ बूंदाबादी के आसार हैं। मौसम विभाग के मुताबिक इस दौरान इन जगहों पर 40 से 50 किमी प्रति घंटे की तेज रफ्तार हवाएं भी चलेंगी। बूंदाबांदी से तात्कालिक तौर पर पारे में हल्की गिरावट आएगी और उमस भरी गर्मी से थोड़ी राहत मिलेगी।

गुरुवार के लिए प्रदेश के पूर्वी और तराई इलाकों के 60 जिलों में तेज हवाएं चलने और गरज- चमक के साथ बूंदाबादी की चेतावनी जारी की गई है। बुधवार को प्रदेश में पूरब से पश्चिम तक कहीं भी लू जैसी परिस्थितियां नहीं रहीं, लेकिन उमस भरी चिपचिपी गर्मी ने लोगों को बेहाल किया। पूर्वा हवा में नमी की मौजूदगी से आभासी गर्मी, वास्तविक गर्मी से ज्यादा महसूस किया गया। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि 29 मई से प्रदेश में दो-तीन दिनों के लिए बूंदाबांदी और हवाओं की तीव्रता और क्षेत्रफल में विस्तार देखने को मिलेगा। आईएमडी ने जानकारी दी है कि इस मानसून में जून से सितंबर के दौरान चार माह में पूर्वी यूपी में सामान्य से 10 प्रतिशत और पश्चिमी यूपी में सामान्य से 12 प्रतिशत अधिक बारिश की संभावना है। जून माह में देश भर में सामान्य से 8 प्रतिशत अधिक बारिश होगी। बांदा, फतेहपुर, आजमगढ़, मऊ, बलिया, देवरिया, गोरखपुर, संतकबीरनगर, बस्ती, कुशीनगर, महाराजगंज, सिद्धार्थ नगर, गोंडा, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, लखीमपुर खीरी, सीतापुर, हरदोई, फरुखाबाद, कन्नौज, कानपुर देहात, कानपुर नगर, उन्नाव, लखनऊ, बाराबंकी, रायबरेली, अमेठी, सुल्तानपुर, अयोध्या, अम्बेडकरनगर, सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, बागपत, मेरठ, गाजियाबाद, हापुड, गौतम बुद्धनगर, बुलन्दशहर, कासगंज, एटा, मैनपुरी, इटावा, औरैया, बिजनौर, अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर, संभल, बदायूं, जालौन, हमीरपुर, महोबा, झांसी, ललितपुर एवं आसपास के इलाकों में मेघगर्जन के साथ वज्रपात होने की संभावना है।



- आज से बदलेगा मौसम, पूरब से पश्चिम तक गरज चमक के साथ बूंदाबांदी होने के आसार

# ऑपरेशन सिंदूर के बाद बदले हालात


## श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ने से आधार शिविर कटरा शहर में रौनक लौटी

**जम्मू, वार्ता**

जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले की त्रिकुटा पहाड़ियों में बसे देवस्थान श्री माता वैष्णो देवी भवन में तीर्थयात्रियों की संख्या में बढ़ोतरी होने से आधार शिविर कटरा शहर में चहल-पहल लौट आई है। गौरतलब है कि 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले और उसके बाद भारत द्वारा शुरू किए गए ऑपरेशन सिंदूर के बाद से वैष्णो देवी यात्रा के लिए आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या में अचानक गिरावट देखी गई थी।

इस बीच श्राइन बोर्ड के अधिकारी ने कहा कि पिछले एक सप्ताह से यात्रियों की संख्या में वृद्धि होने लगी है। इस वृद्धि के साथ लगभग 18000 से 20000 तीर्थयात्री प्रतिदिन भवन के दर्शन के लिए कटरा पहुंच रहे हैं। उन्होंने कहा कि कड़ी सुरक्षा के साथ-साथ श्राइन बोर्ड ने तीर्थयात्रियों के लिए व्यापक व्यवस्था भी की है, जिससे तीर्थयात्रा जोर पकड़ रही है और लगभग एक महीने के बाद यहां श्रद्धालुओं की संख्या 20000 तक पार कर गई है। पिछले महीने पहलगाम आतंकी हमले के बाद कटरा में कारोबार काफी हद तक प्रभावित रहा हालांकि श्राइन बोर्ड और धार्मिक निकायों के साथ-साथ व्यापारी समुदाय को उम्मीद है कि देशभर के स्कूलों में गर्मी की छुट्टियों के दौरान अब श्रद्धालुओं की संख्या में और वृद्धि होगी।

### गुलाम नबी आजाद ने अपने स्वास्थ्य के बारे में किया आश्वस्त



**श्रीनगर।** वरिष्ठ राजनेता एवं जम्मू कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री गुलाम नबी आज़ाद ने लोगों को अपने स्वास्थ्य के बारे में लोगों को आश्वस्त किया है। आजाद ने एक्स हैंडल पर अपने पोस्ट में कहा कि मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि कुवैत में अत्यधिक गर्मी के कारण मेरे स्वास्थ्य पर असर पड़ने के बावजूद भगवान की कृपा से मैं ठीक हूं और मेरी हालत में सुधार हो रहा है। सभी जांच रिपोर्टें सामान्य हैं। आप सभी की चिंता और प्रार्थनाओं के लिए धन्यवाद। यह वास्तव में मेरे लिए बहुत मायने रखता है। उल्लेखनीय है कि आज़ाद सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल के दौरे के लिए कुवैत गए हुए थे। इस दौरान कुछ स्वास्थ्य सम्बन्धी परेशानी होने लगी जिसके बाद उन्हें यहां के अस्पताल में भर्ती कराया गया। आज़ाद पहलगाम आतंकी हमले और ऑपरेशन सिंदूर के बाद आतंकवाद के खिलाफ भारत के शून्य सहिष्णुता के संदेश को व्यक्त करने के लिए सरकार द्वारा खाड़ी देशों में भेजे गए प्रतिनिधिमंडलों में से एक का हिस्सा हैं।

### वीर सावरकर की जयंती के मौके पर मोदी, शाह, नड्डा ने किया नमन


**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री तथा भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने बुधवार को स्वतंत्रता सेनानी वीर सावकर की जयंती के मौके पर उन्हें नमन किया। मोदी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक वीडियो पोस्ट करते हुए लिखा, भारत माता के सच्चे सपूत वीर सावरकर जी को उनकी जन्म-जयंती पर आदरपूर्ण श्रद्धांजलि। विदेशी हुकूमत की कठोर से कठोर यातनाएं भी मातृभूमि के प्रति उनके समर्पण भाव को डिगा नहीं पाईं। आजादी के आंदोलन में उनके अदम्य साहस और संघर्ष की गाथा को कृतज्ञ राष्ट्र कभी भुला नहीं सकता। देश के लिए उनका त्याग और समर्पण विकसित भारत के निर्माण में भी पथ-प्रदर्शक बना रहेगा।

# कोरोना वायरस से आगरा में पहली मौत

**आगरा, वार्ता**

फिरोजाबाद के मरीज की कोरोना संक्रमण के बाद हुई मौत के बाद भी स्वास्थ्य विभाग में कोई हलचल नहीं हुई है। अभी तक जांच केंद्र और आइसोलेशन वार्ड तक नहीं बनाए गए हैं। सीएमओ का कहना है कि कोई गाइड लाइन नहीं आई है। एहतियात बरती जा रही है।

प्रदेश के नोएडा, गाजियाबाद, जालौन के बाद फिरोजाबाद के संक्रमित की मौत से कोरोना के फैलने का खतरा फिर से बढ़ने लगा है। कोरोना महामारी के दौरान जहां स्वास्थ्य विभाग ने व्यापक इंतजाम किए थे, वहीं अब आगरा में पहला संक्रमित केस मिलने के बाद भी स्वास्थ्य विभाग की तैयारियां लचर हैं। महामारी के दौरान एसएन मेडिकल कॉलेज, जिला अस्पताल व स्वास्थ्य केंद्रों पर आइसोलेशन वार्ड बनाए गए थे। यह सभी वार्ड अब सामान्य वार्ड में तब्दील हो चुके हैं। ऑक्सीजन प्लांट केवल एसएन और जिला अस्पताल में ही संचालित हो रहे हैं। कोरोना संक्रमण की जांच की सुविधा भी एसएन अस्पताल के वायरोलॉजी लैब में ही उपलब्ध है। अभी तक कहीं भी अलग से कोरोना संक्रमण की जांच के केंद्र नहीं बनाए गए हैं। ऐसे में सामान्य लक्षण होने पर मरीज जांच भी नहीं करा पाएंगे। यहां तक कि ओपीडी में आने वाले खांसी, जुकाम बुखार के मरीजों के लिए फ्लू वार्ड भी शुरू किया गया है। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों का कहना है कि अभी संक्रमण को लेकर कोई गाइड लाइन जारी नहीं की गई है। एहतियात बरती जा रही है। अगर किसी को लक्षण महसूस हों, तो उन्हें एसएन मेडिकल कॉलेज में जांच करानी चाहिए। सीएमओ अरुण श्रीवास्तव ने बताया कि फिरोजाबाद का संक्रमित मरीज मिलने के बाद अब अस्पतालों में एहतियात बरती जाएगी। कोरोना के दोनों सब-वैरिएंट्स एनबी-1-8-1 और एलएफ-7 के मामले भारत सहित कई देशों में काफी तेजी से बढ़े हैं, भारतीय आबादी में भी इसके कारण संक्रमण में तेजी से उछाल आया है। बढ़ते जोखिमों को देखते हुए विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने अब एनबी-1-8-1 को वैरिएंट ऑफ मॉनिटरिंग के रूप में वर्गीकृत कर दिया है, अब तक इसे वैरिएंट ऑफ इंटरेस्ट के रूप में रखा गया था। वैरिएंट ऑफ मॉनिटरिंग का मतलब है कि अब वायरस के इस रूप को लेकर प्राथमिकता के आधार पर ध्यान देने और निगरानी की आवश्यकता है।



- स्वास्थ्य विभाग में कोई हलचल नहीं, अभी तक न आईसोलेशन वार्ड बनाए और न ही जांच केंद्र ही खोले गए

## अर्थ व्यापार

# शेयर बाजार में गिरावट जारी



**मुंबई।** विश्व बाजार की भारी गिरावट से हतोत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर एफएमसीजी, ऑटो, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स और धातु समेत तेरह समूहों में हुई बिकवाली से शेयर बाजार आज लगातार दूसरे दिन गिरकर बंद हुआ। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 239.31 अंक की गिरावट लेकर 81,312.32 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 73.75 अंक टूटकर 24752.45 अंक पर आ गया। हालांकि बीएसई की दिग्गज कंपनियों के विपरीत मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में मिलाजुला रुख रहा। इससे मिडकैप 0.22 प्रतिशत फिसलकर 45,093.52 अंक रह गया जबकि स्मॉलकैप 0.50 प्रतिशत उछलकर 52,122.64 अंक पर पहुंच गया। इस दौरान बीएसई में कुल 4106 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 1928 में गिरावट जबकि 2022 में तेजी रहे, वहीं 156 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई में कारोबार के लिए रखी गई कुल 2940 कंपनियों के शेयरों में से 1395 में बिकवाली जबकि 1462 में लिवाली हुई, वहीं 83 के भाव स्थिर रहे। बीएसई में 13 समूहों में गिरावट का रुख रहा। इससे कमोडिटीज 0.52, सीडी 0.51, ऊर्जा 0.11, एफएमसीजी 1.33, हेल्थकेयर 0.39, आईटी 0.01, यूटिलिटीज 0.44, ऑटो 0.67, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.58, धातु 0.69, पावर 0.20, रियल्टी 0.11 और फोकस्ड आईटी समूह के शेयर 0.11 प्रतिशत लुढ़क गए। विश्व बाजार का रुझान नकारात्मक रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफ़टीएसई 0.01, जर्मनी का डैक्स 0.18, हांगकांग का हैंगसेंग 0.53 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.02 और जापान का निक्केई 0.01 प्राइशत गिर गया। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 94 अंक उतरकर 81,457.61 अंक पर खुला, लेकिन लिवाली होने से थोड़ी देर बाद 81,613.36 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। वहीं बिकवाली के दबाव में दोपहर से पहले यह 81,613.36 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया।

### बीएलएस करेगी दिल्ली में आयुष्मान के लाभार्थियों की पहचान

**नई दिल्ली।** प्रौद्योगिकी-सक्षम सेवा क्षेत्र की अग्रणी कंपनी बीएलएस इंटरनेशनल को दिल्ली सरकार की स्वास्थ्य एजेंसी की ओर से आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी पीएम-जेएवाई) के लाभार्थियों की पहचान और कार्ड वितरण का काम सौंपा गया है। यह योजना राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण (एनएचए) के सहयोग से चलाई जा रही है, जिसके तहत दिल्ली के 6.54 लाख परिवारों को पीवीसी कार्ड दिए जाएंगे ताकि वे मुफ्त इलाज की सुविधा पा सकें। बीएलएस इंटरनेशनल के अध्यक्ष शिखर अग्रवाल ने कहा कि यह योजना दिल्ली के लोगों के लिए बहुत फायदेमंद साबित होगी।

# उठाव सुस्त रहने से सभी जिंसों में टिकाव

**नई दिल्ली, वार्ता**

विदेशी बाजारों में तेजी जारी रहने के बावजूद स्थानीय स्तर पर उठाव सुस्त रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों में टिकाव रहा।

**तेल-तिलहन:** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का जून वायदा 29 रिंगिट की बढ़त के साथ 3896 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। इसी तरह जून का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.06 सेंट चढ़कर 49.64 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। गुड़-चीनी : मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टीके रहे। दाल-दलहन : दाल-दलहन के बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे। अनाज: अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे:- दाल-दलहन: चना 6000-6100, दाल चना 7000-7100, मसूर काली 7500-7600, मूंग दाल 9900-10000, उड़द दाल 9200-9300, अरहर दाल 8800-8900 रुपए प्रति क्विंटल रहे। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2950-3050 रुपए और चावल 3600-3700 रुपए प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़: चीनी एस. 4280-4380, चीनी एम. 4500-4600, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4400-4500 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल: सरसों तेल 15824 रुपए, मूंगफली तेल 17582 रुपए, सूरजमुखी तेल 16849 रुपए, सोया रिफाइंड 14871 रुपए, पाम ऑयल 13919 रुपए और वनस्पति तेल 16190 रुपए प्रति क्विंटल पर रहा है।



## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**किसानों को...**

2025-26 के लिए 14 खरीफ फसलों के एमएसपी में वृद्धि को मंजूरी दे दी गई है। उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष की तुलना में एमएसपी में सबसे अधिक वृद्धि नाइजरसीड में 820 रुपये प्रति कुंतल, रागी में 596 रुपये प्रति कुंतल, कपास में 589 रुपये प्रति कुंतल और तिल में 579 रुपये प्रति कुंतल की गई है।

श्री वैष्णव ने बताया कि धान 'सामान्य' का एमएसपी का 2300 रुपये से बढ़ाकर 2369 रुपये और धान 'ए' का 2320 रुपये से 2389 रुपये प्रति कुंतल, ज्वार 'संकर' का 3371 रुपये से 3699 रुपये प्रति कुंतल और ज्वार 'मालदंडी' का 3421 रुपये से 3749 रुपये प्रति कुंतल, बाजरा का 2625 रुपये से 2775 रुपये, रागी का 4290 रुपये से 4886 रुपये और मक्का का 2225 रुपये से 2400 रुपये प्रति कुंतल घोषित किया गया है। उन्होंने बताया कि अरहर का एमएसपी 7550 रुपये से बढ़ाकर 8000 रुपये प्रति कुंतल, मूंग का 8682 रुपये से 8786 रुपये प्रति कुंतल और उड़द का 7400 रुपये से 7800 रुपये प्रति कुंतल कर दिया गया है।

इसके अलावा मूंगफली का एमएसपी 6783 रुपये से बढ़ाकर 7263 रुपये प्रति कुंतल, सूरजमुखी के बीज का 7280 रुपये से 7721 रुपये प्रति कुंतल, सोयाबीन-पीला का 4892 रुपये से 5328 रुपये प्रति कुंतल, तिल का 9267 रुपये से 9846 रुपये प्रति कुंतल, नाइजर सीड 8717 रुपये से 9537 रुपये प्रति कुंतल और कपास - मध्यम का 7121 रुपये से 7710 रुपये और कपास - लंबा 7521 रुपये से 8110 रुपये प्रति कुंतल घोषित किया गया है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि विपणन सत्र 2025-26 के लिए खरीफ फसलों के लिए एमएसपी में वृद्धि केंद्रीय बजट 2018-19 की घोषणा के अनुरूप है। वर्ष 2014-15 से वर्ष 2024-25 की अवधि के दौरान 14 खरीफ फसल उगाने वाले किसानों को दी गई एमएसपी राशि 16.35 लाख करोड़ रुपये थी।

### राष्ट्रपति भवन में गुरुवार से दो दिन का साहित्य सम्मेलन

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति भवन गुरुवार से दो दिन के साहित्यिक सम्मेलन की मेजबानी करने जा रहा है, जिसमें साहित्य की दुनिया में आ रहे बदलावों पर चर्चा होगी। बुधवार को जारी एक आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार यह कार्यक्रम साहित्य अकादमी, संस्कृति मंत्रालय के सहयोग से राष्ट्रपि भवन के सांस्कृतिक केंद्र में आयोजित किया गया है। इसका विषय है- साहित्य कितना बदल गया है? राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू शुक्रवार को इस सम्मेलन का उद्घाटन करेंगी। संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत भी कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे। सम्मेलन देश भर से प्रतिष्ठित साहित्यकार और लेखक आमंत्रित किए गए हैं। सम्मेलन के दौरान विभिन्न सत्रों में कवि सम्मेलन तथा सीधे दिल से, भारत का नारीवादी साहित्य: नई राहें बनाना, साहित्य में बदलाव बनाम बदलाव का साहित्य तथा वैश्विक परिप्रेक्ष्य में भारतीय साहित्य की नयी दिशायें जैसे विषयों पर चर्चायें आयोजित की जाएंगी।

# मोदी के दौरे से पहले योगी ने परखीं तैयारियां

**कानपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 30 मई को प्रस्तावित कानपुर दौरे के मद्देनजर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को तैयारियों की समीक्षा की और अधिकारियों को जरुरी दिशा-निर्देश दिए।

मोदी 30 मई को कानपुर में 20 हजार 900 करोड़ रुपए की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। इस दौरान वह खुर्जा, ओबरा और जवाहरपुर थर्मल पावर प्लांट की पांच इकाइयों का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। प्रधानमंत्री चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (सीएसए) मैदान में एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे। इस दौरे से पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को जनसभा स्थल का निरीक्षण किया और अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर तैयारियों को अंतिम रूप दिया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को कानपुर पहुंचकर सीएसए मैदान में जनसभा स्थल का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने संयुक्त आयुक्त उद्योग के सभागार में जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह द्वारा प्रस्तुत तैयारियों के प्रस्तुतीकरण की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि 30 मई को होने वाले कार्यक्रम में पार्किंग, पेयजल, स्वच्छता और यूरिनल जैसी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने सड़कों को साफ-सुथरा रखने और झाड़ियों को हटाने के लिए विशेष स्वच्छता अभियान चलाने का आदेश दिया। साथ ही ट्रैफिक जाम से बचने के लिए सुव्यवस्थित यातायात और पार्किंग प्लान तैयार करने पर जोर दिया। प्रधानमंत्री मोदी के दौरे के दौरान खुर्जा सुपर क्रिटिकल थर्मल पावर प्लांट (1320 मेगावाट, बुलंदशहर), ओबरा थर्मल पावर स्टेशन (1660 मेगावाट, सोनभद्र) और जवाहरपुर थर्मल पावर स्टेशन (1320 मेगावाट, एटा) की पांच इकाइयों का लोकार्पण और शिलान्यास होगा।

मुख्यमंत्री योगी ने इन परियोजनाओं को विद्युत आपूर्ति के लिए मील का पत्थर बताया। इनके शुरू होने से उत्तर प्रदेश में बिजली की उपलब्धता बढ़ेगी, जिससे औद्योगिक और घरेलू जरूरतों को पूरा करने में मदद मिलेगी। बुलंदशहर में स्थित खुर्जा सुपर थर्मल पावर प्लांट 1320 मेगावाट की क्षमता वाला कोयला आधारित सुपरक्रिटिकल पावर प्लांट है जो टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड द्वारा संचालित है।



- मोदी 30 मई को कानपुर में 20 हजार 900 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी, जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहे फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# महिला सिपाही का शव सड़क पर रखकर लगाया जाम

## परिजनों ने लगाया हत्या कर शव को फांसी पर लटकाने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। महिला आरक्षी रितु का शव लखनऊ से देर रात उनके घर पहुंचा तो वहां कोहराम मच गया। परिजनों ने महिला आरक्षी की हत्या करने का आरोप लगाते हुए शव ट्रैक्टर में सड़क किनारे रखकर हसनपुर संभल मार्ग पर जाम लगा दिया। सूचना पर थाना अध्यक्ष पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे थानाध्यक्ष दिनेश के आश्वासन पर परिजनों ने जाम खोल दिया।

बुधवार को परिजनों का कहना था कि महिला आरक्षी की मौत की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्यवाही की जाये। क्योंकि उसकी हत्या कर शव को फांसी के फंदे पर लटकाया गया है। परिजन आरक्षी के

**■ अन्तिम संस्कार में पुलिस द्वारा सम्मान न मिलने से परिजन खफा, बीते दिन लखनऊ में मिला था शव**

अंतिम संस्कार में पुलिस द्वारा सम्मान न मिलने से भी नाराज थे। दरअसल,मृतक महिला आरक्षी 25 वर्षीय रितु पुत्री चंद्रपाल का शव लखनऊ में उसके ही किराए के कमरे में मंगलवार की सुबह को फांसी के फंदे पर लटका हुआ मिला था। गाजीपुर थाना पुलिस ने इसकी सूचना परिजनों को दी थी। मृतक महिला आरक्षी के चाचा समरपाल सिंह ने बताया की उनके भाई की बिटिया बचपन से ही बहुत होनहार थी। ग्रेजुएशन के बाद उसका सिलेक्शन यूपी पुलिस में 2019 में हो गया था। इसके बाद उसकी ड्यूटी लखनऊ के गाजीपुर थाना इलाके में मुंसिफ कोर्ट में पैरोकार के पद पर थी। तभी से वह वहां तैनात थी। वह पांच भाई बहनों में सबसे बड़ी थी। तीन माह पूर्व उसने अपनी दो छोटी बहनों रिंकल शीतल की शादी की थी। मृतक के पापा खेती-बाड़ी करते हैं। उसकी मौत से दोनों शाद. ीशुदा बहने रिंकल शीतल तथा 14 वर्षीय भाई मनीष 16 वर्षीय बहन रमा तथा मां सुमन का रो-रो कर बुरा हाल है। मृतक अमरोहा जनपद के हसनपुर तहसील क्षेत्र के थाना सैदनगली के गांव भीकनपुर शर्की की रहने वाली थी। चाचा समरपाल द्वारा बताया गया की उनके भाई की बेटी मृतक महिला आरक्षी रितु के पैर जमीन पर टिके हुए थे। ऐसा प्रतीत होता है जैसे उसकी पिटाई कर हत्या कर शव को फांसी के फंदे पर लटकाया गया है। वह गाजीपुर थाना क्षेत्र के ए ब्लॉक में रहती थी। वहीं,पुलिस की मौजूदगी में मृतक महिला आरक्षी का बृजघाट गंगा घाट पर पुलिस की मौजूदगी में अंतिम संस्कार किया गया।



■ हसनपुर। महिला आरक्षी के शव को सड़क पर रखकर जाम लगाते परिजन व ग्रामीण।

# मुकदमे की पैरवी कर लौट रहे युवक को गोली मारी

## गाड़ी में की तोड़फोड़, पेट में गोली लगने से एक घायल, घटना से मचा हड़कम्प

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। कोर्ट से तारीख करके लौट रहे युवक व उसके भाई और साथियों के साथ स्कार्पियो सवार युवकों ने गाड़ी में तोड़फोड़ करते हुए फायरिंग की। पेट व बांए हाथ में गोली लगने से एक युवक घायल हो गया। घायल को उपचार के लिये सीएचसी लाया गया, जहां से फर्स्ट एड के बाद हॉयर सेंटर रेफर किया गया। प्रभारी निरीक्षक अखिलेश प्रधान ने घायल से घटना से बारे में पूछताछ की। जानकारी के मुताबिक थाना क्षेत्र गजरौला के गांव सलारपुर निवासी अभिजीत सिद्धू पुत्र शंकर सिंह अपने छोटे भाई व दो अन्य लोगों के साथ कोर्ट से पेशी करके अपनी कार द्वारा लौट रहे थे। जब ये लोग झनकपुरी के पास पहुंचे तो पीछे से

**■ मामले की जांच पड़ताल में जुटी पुलिस**

आए एक स्कार्पियो ने इनकी कार को ओवरटेक कर लिया और उसमें से उतरे आठ दस युवकों ने अभिजीत की कार का शीशा डंडा मारकर तोड़ दिया। इसके बाद हमलावर पक्ष की ओर से फायरिंग की गई, अभिजीत सिद्धू के पेट व बांए हाथ में गोली लगने से वह घायल हो गया। घटना को अंजाम देने के बाद हमलावर वहां से फरार हो गए।



घायल को उपचार के लिये सीएचसी लाया गया, जहां से फर्स्ट एड के बाद हॉयर सेंटर रेफर किया गया। प्रभारी निरीक्षक अखिलेश प्रधान ने घायल से घटना से बारे में पूछताछ की। घायल पक्ष ने कुछ लोगों के नाम पुलिस को बताए हैं जो कि इस घटना में शामिल रहे। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी हुई है।

### दबंगों ने धारदार हथियार से किया हमला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रहरा**। मामूली विवाद के चलते भाई समेत परिवार के कई लोगों को धारदार हथियार से लहुलूहान कर दिया गया। घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गयी है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की। पीड़ित ने एसपी से मद्द की गुहार लगायी है।

जानकारी के अनुसार आदमपुर थाना क्षेत्र के गांव गारबपुर उर्फ रूस्तमपुर निवासी रनजीत के घर शनिवार रात साढ़े सात बजे दबंगों ने घुसकर धारदार हथियार से हमला कर दिया। रनजीत व उसकी बहन समेत कई लोगों को घायल कर दिया। पीड़ित ने पुलिस को सूचना दी परन्तु कोई सुनवाई नहीं हुई। जिस पर उसने एसपी से कार्रवाई की मांग की है।

# केकेआर में सिलेक्शन के नाम पर साढ़े पांच लाख ठगे

## कोलकाता में फर्जी ट्रायल भी कराया, मुकदमा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। केकेआर की टीम में बतौर नेट बॉलर सिलेक्शन कराने का झांसा देकर संभल के खिलाड़ी से 5.50 लाख रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। इतना ही नहीं विश्वास जीतने के लिए आरोपी ने कोलकाता भेजकर फर्जी ट्रायल भी करा दिया। पीड़ित खिलाड़ी की शिकायत पर मामले में डिडौली पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ एफआईआर दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी है।

संभल जिले के नखासा थाना क्षेत्र के मोहल्ला भारतल नखासा में शहादत अली का परिवार रहता है। उनका बेटा मोहम्मद सुहैल क्रिकेट का शौकीन है और अच्छी गेंदबाजी भी करता है। डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव नारंगपुर के रहने वाले खिलाड़ी मोहम्मद अजहरुद्दीन से सुहैल की अच्छी जान-पहचान थी। आरोप है कि मुलाकात के दौरान मोहम्मद अजहर उद्दीन ने सुहैल को झांसा दिया। कहा कि तुम अच्छा क्रिकेट खेलते हो, मेरी कई नामी खिलाड़ियों में अच्छी पकड़ है और तुम्हारा सिलेक्शन केकेआर की टीम में नेट बॉलर के रूप में करा दूंगा। लेकिन इसके बदले में 5. 50 लाख रुपये खर्च करने की बात कही। पहले तो सुहैल ने एक साथ इतनी बड़ी रकम देने में असमर्थता जताई लेकिन बाद में मोहम्मद अजहर उद्दीन ने टुकड़ों में रकम देने की बात कहकर सुहैल को अपने जाल में फंसा लिया। इसके बाद सुहैल ने अलग-अलग तारीख में बैंक से ऑनलाइन लोन लेकर पैसे मोहम्मद अजहर उद्दीन द्वारा बताए गए खातों में ट्रांसफर कर दिए। इसके बाद अजहरुद्दीन ने सुहैल को कोलकाता भेजकर वहां उसका ट्रायल भी करा दिया, बाद में सुहैल को पता चला कि उसने जो ट्रायल दिया है वो केकेआर की टीम के लिए नहीं था बल्कि ट्रायल वहां की एक लोकल टूर्नामेंट के लिए हुआ था। ठगी का एहसास होने पर सुहैल ने जब आरोपी मोहम्मद अजहर उद्दीन पर पैसे वापस करने का दबाव बनाया तो शुरुआत में वह आनाकानी करता रहा और बाद में उसने पैसे लौटने से साफ मना कर दिया। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन सिंह ने बताया कि मामले में आरोपी मोहम्मद अजहर उद्दीन के खिलाफ धोखाधड़ी कर पैसे ऐंठने के आरोप में एफआईआर दर्ज कर ली गई है। छानबीन में सामने आया है कि आरोपी ने दूसरे खिलाड़ियों के साथ भी इसी तरीके से ठगी की है, पूरे मामले की गहनता से जांच कराई जा रही है।

# तेज रफ्तार बस ने युवक को रौंदा, मौत

## हाइवे पर डिडौली अड्डे पर हादसा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। हाईवे पर तेज रफ्तार रोडवेज बस ने सड़क पार कर रहे युवक को रौंद दिया। हादसे में उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसा अंजाम देने वाला आरोपी चालक बाद में बस लेकर फरार हो गया। घटनास्थल पहुंची पुलिस ने जांच-पड़ताल की। काफी प्रयास के बाद भी मृतक की शिनाख्त नहीं होने पर बाद में शव को मोर्चरी में भेज दिया।

बुधवार सुबह हादसा डिडौली में अड्डे पर हुआ। बताया जा रहा है कि एक युवक सड़क पार कर रहा था। उसी दौरान मुरादाबाद दिशा से आ रही तेज रफ्तार रोडवेज बस ने उसे रौंद दिया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि युवक हवा में उछलकर दूर जाकर गिरा और सिर में गंभीर चोट लगने के कारण उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, हादसे को अंजाम देने वाला आरोपी चालक बस लेकर फरार हो गया। हादसे के बाद घटनास्थल पर राहगीरों और स्थानीय लोगों की भीड़ लग गई। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंच गई और जांच-पड़ताल की। पुलिस के मुताबिक मृतक की उम्र करीब 35 साल के आसपास है। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन सिंह ने बताया कि शव को मोर्चरी में रखवा दिया गया है। मृतक की शिनाख्त को लेकर प्रयास जारी हैं।

### मार्कशीट बनाने वाले चाचा व सिपाही के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा

# फर्जी मार्कशीट से नौकरी पाने वाला सिपाही बर्खास्त

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। फर्जी अंकतालिका लगाकर पुलिस की नौकरी हासिल करने वाले सिपाही को बर्खास्त कर दिया गया। सिपाही व फर्जी अंकतालिका बनाने वाले उसके चाचा के खिलाफ देहात थाने में धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कराया गया है।

मूलरूप से बलिया जिले के गांव सैमरी निवासी अखिलेश कुमार की 2009 में उत्तर प्रदेश पुलिस में बतौर सिपाही भर्ती हुई थी। साल 2023 में उसकी तैनाती अमरोहा जिले में थी। एफआईआर के मुताबिक जनवरी 2023 में उससे सगे चाचा विनोद कुमार ने लखनऊ स्थित पुलिस मुख्यालय गोपनीय एक शिकायत की थी। बताया था कि अखिलेश कुमार के 12वीं के फर्जी शैक्षिक प्रमाण पत्र फर्जी हैं, जिनके सहारे ही उसकी सिपाही की नौकरी लगी है। मामले में जांच हुई तो शिकायत ठीक मिली। जांच में सामने आया कि अखिलेश कुमार ने अपने

**■ नौकरी लगवाने को चाचा ने बनवायी थी मार्कशीट, अनबन होने पर की थी शिकायत**

शैक्षिक दस्तावेज में बलिया के ज्योति इंटर कालेज की फर्जी मार्कशीट लगाई थी। यूपी बोर्ड ने भी मार्कशीट का रिकार्ड होने से मना कर दिया। वहीं, शिकायतकर्ता ने उसकी 12वीं की दूसरी मार्कशीट भी प्रस्तुत की जो ज्योति इंटर कालेज की ही थी, जिसमें अखिलेश फेल था। जांच में दोनों मार्कशीट के अनुक्रमांक भी अलग-अलग मिले। मामले में दोषी मिलने पर तत्कालीन पुलिस अफसरों ने अखिलेश कुमार को निलंबित कर दिया था। नोटिस जारी होने पर अखिलेश ने जांच अधिकारी तत्कालीन एएसपी राजीव कुमार सिंह के समक्ष अपना पक्ष रखा। जिसमें उसने चौंकाने वाला खुलासा किया। शपथ पत्र में अखिलेश ने न सिर्फ मार्कशीट फर्जी होने की बात स्वीकार की बल्कि ये भी बताया कि मार्कशीट शिकायतकर्ता चाचा विनोद कुमार ने बनवाकर दी थी। नौकरी लगने के बाद विवाद हो गया तो शिकायत कर दी। आरआई घनश्याम ने बताया कि जांच में दोषी पाए जाने पर सिपाही अखिलेश कुमार को बर्खास्त कर दिया गया है। मामले में उसके तथा चाचा के खिलाफ अमरोहा देहात थाने में धोखाधड़ी के आरोप में एफआईआर दर्ज कराई है।

## एक नजर

### जिला न्यायालय की सुरक्षा परखी

**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा**। जिला न्यायालय परिसर में बुधवार को अमरो. हा पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने के लिए विशेष अभियान चलाया। एसपी अमित कुमार आनंद के निर्देश पर एएस चेक टीम, डॉग स्क्वॉड और स्वाट टीम ने संयुक्त रूप से इस अभियान में हिस्सा लिया। टीमों ने न्यायालय परिसर में आने-जाने वाले लोगों और वाहनों की गहनता से जांच की। सभी से आने का कारण पूछा गया। सुरक्षा उपकरणों की जांच में मेटल डिटेक्टर, स्कैनर मशीन और सीसीटीवी कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया। डीएफएमडी, एचएचएमडी और हैंड सेट की कार्यप्रणाली परखी। किसी भी आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए मॉक ड्रिल भी किया गया। अभियान में न्यायालय सुरक्षा प्रभारी निरीक्षक विनय कुमार, अग्निशमन अधिकारी अनुराग तोमर, एसचेक टीम प्रभारी सतीश कुमार आदि समेत अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

### द प्रयास वर्ल्ड स्कूल में समर कैम्प



**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर**। द प्रयास वर्ल्ड स्कूल में समर कैंप के दौरान बच्चों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर प्रदान किया गया। नगर के प्रगतिशील विद्यालय द प्रयास वर्ल्ड स्कूल में पांच दिवसीय समर कैंप का समापन समारोह बड़े ही हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। पांच दिवसीय कैंप में बच्चों ने नृत्य, बिना आग के भोजन पकाना, ताइक्वांडो, आर्ट एंड क्राफ्ट, वैदिक गणित, इंग्लिश स्पोकन के साथ कंप्यूटर की शिक्षा प्राप्त कर अपने कौशल को निखारा। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती संज्ञा वशिष्ठ ने बताया कि विद्यार्थियों के सम्पूर्ण विकास के लिए उनकी प्रतिभाओं को निखारना अत्यन्त आवश्यक है। कैंप के समापन समारोह में प्रत्येक प्रतिभागी को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंध समिति, समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं प्रतिभागी उपस्थित रहे।

### वकील व भाई पर धमकी देने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर**। अधिवक्ता ने एक साथी अधिवक्ता व उसके भाई पर जान से मारने की धमकी दिये जाने का आरोप लगाते हुए बार अध्यक्ष व महासचिव से शिकायत की है। बुधवार को अधिवक्ता महबूब आलम ने बार अध्यक्ष एवं महासचिव को पत्र देते हुए कहा कि उसने एक बेनाम किया था। उन्होंने एक अधिवक्ता व उनके भाई पर रंजिश रखने का आरोप लगाते हुए बताया कि वह उसे जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। उसने मोबाइल में भी इसकी रिकॉर्डिंग कर ली है। अधिवक्ता ने बार अध्यक्ष व महासचिव से दिये गये प्रार्थना पत्र का संज्ञान लिए जाने की मांग की है।

# पिता-पुत्रों समेत चार को चार-चार साल की सजा

## मारपीट के मामले में कोर्ट ने सुनाया फैसला

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। एडीजे कोर्ट ने मारपीट के मामले में पिता-पुत्रों समेत चार लोगों को चार-चार साल जेल की सजा सुनाई। दोषियों पर आठ हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया।

26 जुलाई 2019 की घटना आदमपुर थाना क्षेत्र के गांव पौरारा की थी। यहां पर किसान विनोद कुमार का परिवार रहता है। घटना वाले दिन सुबह में नौ बजे उनके भाई इंद्रजीत और भाभी कैलाशो खेत पर काम कर रही थीं। पड़ोस में रहने वाले शंभू, उसके बेटे काला, पाला और गांव के ही रहने वाले मोंटी ने उनके साथ मारपीट की थी। लाठी-डंडों और धारदार हथियार से हमला कर लहूलुहान कर दिया था। बीच-बचाव कराने में विनोद कुमार, उनके भाई इंद्रजीत, भाभी कैलाशो, भतीजा राजेश और पिता रामप्रसाद भी घायल हुए थे। थाना पुलिस ने चारों आरो. पियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी। फिलहाल, इस मामले में सभी लोग जमानत पर थे। मुकदमे की सुनवाई एडीजे/विशेष सत्र न्यायाधीश एससी-एसटी एक्ट की अदालत चल रही थी। बुधवार को अदालत में मुकदमे की अंतिम सुनवाई हुई। पत्रावली के अवलोकन व साक्ष्य के आधार पर अदालत ने शंभू, पाला, काला और मोंटी को दोषी करार दिया। चारों को चार-चार साल जेल की सजा सुनाई तथा दो-दो हजार रुपये का जुर्माना लगाया

# कूमल लगाकर किसान के घर लाखों की चोरी

## पीड़ित ने रिपोर्ट दर्ज कराने को दी तहरीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। चोरों ने घर में कूमल लगाकर नगदी आभूषण समेत लाखों रुपए की चोरी की घटना को अंजाम दे दिया। सुबह होने पर परिजनों को चोरी की जानकारी हुई तो उनके होश उड़ गये। चोरी की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की है। पीड़ित के द्वारा अज्ञात चोरों के खिलाफ पुलिस को तहरीर दे दी गई है।

पूरा मामला सैदनगली थाना क्षेत्र के गांव झुंडी माफी का है। यहां राजपाल प्रजापति पुत्र जसवंत सिंह का परिवार रहता है। बीती रात्रि वह अपने परिवार के साथ बरामदे में सोए हुए थे। इस दौरान रात्रि में अज्ञात चोर पीछे से उनके घर में कूमल लगाकर घुस गये। अज्ञात चोर यहां से एक सोने का टीका, सोने का पेंडिल,पाजेब एक लाख रुपये की नगदी चोरी कर ले गये। सुबह होने पर पीड़ित को चोरी की जानकारी हुई तो उसके होश उड़ गए। तत्काल घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। चोरी की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर चोरी से संबंधित जानकारी जुटाई है। पीड़ित राजपाल द्वारा बताया गया कि अज्ञात चोर उनके घर में कूमल लगाकर सोने,चांदी के आभूषण सेफ अलमारी में रखी एक लाख रुपए की नगदी समेत तकरीबन ढाई लाख का सामान चोरी कर ले गए हैं। यह रकम उसने भाइयों के बीच चल रहे बंटवारे को लेकर रखी थी। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार शर्मा ने बताया कि चोरी की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई थी। तहरीर प्राप्त हुई है,जल्द घटना का खुलासा किया जायेगा

### आवारा पशुओं से दिलाई जाए निजात

**शाह टाइम्स संवाददाता रहरा**। भाकियू (शंकर) ने आवारा पशुओं की समस्या दूर करने की मांग की। ब्लाक परिसर में भाकियू शंकर की पंचायत हुई। जिसमें वक्ताओं ने कहा कि किसान आयोग का गठन स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट के आधार पर किया जाये। गंगेश्वरी ब्लाक क्षेत्र में जो हैंडपम्प खराब पड़े है उन्हें दोबारा रिबोर कराया जाये। गजरौला में ट्रामा सेंटर खोला जाये। ग्राम पंचायत में लापरवाह सफाई कर्मियों को हटाया जाये। आवारा पशुओं की परेशानी दूर हो। कार्यकर्ताओं ने मांगों को लेकर एडीएम को संबोधित ज्ञापन खंड विकास अधिकारी अश्वनी कुमार को सौंपा। इस मौके पर नेमपाल सिंह, धर्मवीर सिंह, हरि सिंह, बबीता रानी, डा. योगेन्द्र, कमल, शीशपाल, राकेश, सुभाष मौजूद रहे।

### 20 मई को हुई थी रिपोर्ट दर्ज, कंपनी के ओल्ड प्रोजेक्ट यार्ड से चुराई गई थीं 21 मोटरें

# जुबिलेंट से मोटर चुराने वाले छह आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** जुबिलेंट इन्ग्रेविया लिमिटेड से 21 मोटर चोरी होने के मामले में पुलिस ने घटना में शामिल छह आरोपियों को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से चोरी की गईं तीन मोटरें, घटना में प्रयुक्त ट्रैक्टर ट्राली, एक मोटरसाईकिल व चोरी की मोटरों को बेचने से प्राप्त 1,46,500 रूपये की धनराशि मिली है। सीओ श्वेताभ भास्कर ने कोतवाली में आयोजित पत्रकार वार्ता में इस प्रकरण का खुलासा किया। बता दें कि 20 मई को जुबिलेंट इन्ग्रेविया लिमिटेड सुरक्षा एवं प्रशासन के वरिष्ठ प्रबंधक सतेन्द्र कुमार की तहरीर पर पुलिस ने 21 मोटर चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज की थी। एफआईआर के मुता. बिक कंपनी परिसर के ओल्ड प्रोजेक्ट यार्ड में 30 किलोवाट से अधिक के 34 मोटर रखे थे। जिनको दोबारा इस्तेमाल किए जाने के लिए रखा गया था। मोटर की जरूरत पड़ने पर कर्मचारी लेने गए तो महज 13 ही मोटर मौके पर मिले, जबकि 21 मोटर गायब थे। घटना की रिपोर्ट दर्ज करने के बाद पुलिस चोरों की तलाश में जुटी हुई थी। कंपनी के सीसीटीवी भी चैक किए गए थे तो वहीं जहां से मोटर चोरी हुई वहां के कर्मियों से भी पूछताछ की गई। बुधवार को पुलिस को इस मामले में बड़ी सफलता प्राप्त हुई और पुलिस ने घटना में शामिल रविन्द्र सिंह निवासी ग्राम नीलीखेड़ी थाना धनौरा, साकिर निवासी मोहल्ला लक्ष्मीनगर गजरौला, कपिल व धर्मेन्द्र पाल निवासीगण मोहल्ला भानपुर खालसा गजरौला, ट्रैक्टर चालक सुरेन्द्र सिंह निवासी मोहल्ला फाजलपुर गजरौला, मलखान निवासी मायापुरी गजरौला को बसैली शाहपुर रोड थाना गजरौला क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया। इनकी निशानदेही पर चोरी की गईं तीन मोटरें बरामद की गईं तो वहीं घटना में प्रयुक्त एक ट्रैक्टर ट्राली व मोटरसाईकिल भी बरामद की। इनके पास से चोरी की गईं मोटरों को बेचकर अर्जित किए गए 1,46,500 रूपये भी बरामद किए। पुलिस ने आरोपियों से पूछताछ करके बुधवार को चालान कर दिया। आरोपी कपिल व धर्मेन्द्रपाल पर पहले भी गजरौला थाने में दो दो मुकदमे दर्ज हैं। प्रभारी निरीक्षक अखिलेश प्रधान के निकट पर्यवेक्षण में आरोपियों को गिरफ्तार करने वाली टीम में वरि.उपनिरीक्षक बृजेश कुमार सिंह, चौपला चौकी प्रभारी प्रवीण कुमार, औद्योगिक चौकी प्रभारी सुनील कुमार, वरिष्ठ आरक्षी अनिल कुमार, सरज कुमार व आरक्षी आकाश कुमार, धर्म सिंह, अजय कुमार, बादल ढ़ाका, नरेन्द्र रावत शामिल रहे।



■ गजरौला। घटना में शामिल आरोपियों की गिरफ्तारी के बारे में बताते सीओ श्वेताभ भास्कर।

### घटना में कंपनी के कर्मचारी भी रहे शामिल

**गजरौला।** मोटर चोरी की घटना में गिरफ्तार किए गए आरोपियों में जुबिलेंट इन्ग्रेविया लिमिटेड का एक सुरक्षा संबधी कर्मचारी भी शामिल रहा, जबकि दो कर्मचारी ठेकेदार के कर्मी के रूप में काम करते थे। इसी के साथ ही आरोपी मलखान सिंह ट्रैक्टर का स्वामी है और धर्मेन्द्र इस ट्रैक्टर का चालक है। साकिर कबाड़ी है जो कि चोरी करके लाई गईं मोटरों को खरीदने का काम करता है। इस मामले में एक आरोपी फरार है। पुलिस उसकी भी तलाश में जुटी है। ये सब लोग पूरा प्लॉन बनाकर मोटर चोरी की घटनाओं को अंजाम देते थे। कर्मचारी गिरोह में शामिल लोगों को पल पल की जानकारी देकर अपडेट करता था।

# महायज्ञ व रामकथा के शुभारंभ पर निकाली भव्य कलश यात्रा

## स्वामी श्री जलेश्वरानन्द गिरि जी महाराज के विशेष सानिध्य में होगा आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** महामण्डेलश्वर स्वामी श्री जलेश्वरानन्द गिरि जी महाराज के सानिध्य में आज गुरूवार से नगर के नागपाल इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित होने जा रहे चतुर्थ श्री शिव शक्ति महायज्ञ चतुर्वेद पारायण एवं श्रीराम कथा के उपलक्ष्य में बुधवार को नगर के इंदिरा चौक श्री गंगा प्याऊ शिव मंदिर से एक भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें हजारों की संख्या में महिलाएं शामिल रहीं। बता दें कि इस भव्य धार्मिक आयोजन में 29 मई से 08 बजे से दोपहर 01 बजे तक महायज्ञ होगा जबकि 30 मई से 07 जून तक सांय 03 बजे से 07 बजे तक श्री राम कथा का आयोजन होगा। कथाव्यास के रूप में काशी पीठाधीश्वर श्रीमद् जगद्गुरू रामानन्दाचार्य स्वामी डॉ. रामकमलाचार्य वेदांती जी महाराज शामिल होंगे। कार्यक्रम के उपलक्ष्य में बुधवार की सुबह को एक भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा का जगह जगह पर पुष्पवर्षा के द्वारा स्वागत किया गया। महामण्डेलश्वर स्वामी श्री जलेश्वरानन्द गिरि जी महाराज भव्य रथ में सवार थे और मां भगवती के अनुयायियों को आशीर्वाद दे रहे थे। कलश यात्रा में बैंड बाजों व डीजे के द्वारा मां भगवती के भजन गूंज रहे थे। कलश यात्रा मंदिर से प्रारंभ होकर कार्यक्रम स्थल पर जाकर समाप्त हुई और यहां पर कलश स्थापित कराए गए। इस अवसर पर आयोजन के संयोजक जिला सहकारी बैंक के निद. ेशक व भाजपा नेता चौ.वेदपाल सिंह, सतेन्द्र सिंह भोला, देवेंद्र सिंह, यज्ञाचार्य सतीश भारद्वाज, यज्ञब्रह्मा आचार्य श्री राकेश शुक्ला, डॉ.अंकुर वत्स, मुकेश शुक्ला, डॉ.किशनलाल, सुरजीत सिंह, ब्रजपाल सिंह, प्रदीप वर्मा, प्रमोद अलूना, चौ.ब्रजपाल सिंह, मनमोहन सिंह सैन आदि मौजूद रहे।

**■ मां भगवती की जय जयकार से गुंजित हुआ वातावरण**

### कार्यक्रम में पहुंचेंगे कई बड़े साधु-संत

**गजरौला।** आज से प्रारंभ होने वाले चतुर्वेद पारायण व श्रीराम कथा के आयोजन में कई बड़े साधु-संत भी पहुंचेंगे। जिनमें अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के महामंत्री एवं श्री पंचदशनाम जूना अखाड़ा के संरक्षक श्रीहरि गिरी जी महाराज, कथा व्यास कांशी पीठाधीश्वर श्रीमद् जगतगुरू रामानंदचार्य स्वामी डा. श्री रामकमलाचार्य वेदांती महाराज, निरंजनी पीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी कैलाशानंद गिरी महाराज भी आएंगे।



■ गजरौला। कलश यात्रा में मौजूद आयोजन मंडल के सदस्य व शामिल हजारों की संख्या में महिलाएं।



■ अमरोहा। कलेक्ट्रेट सभागार में बीएड प्रवेश परीक्षा संबंधी बैठक लेतीं जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स।

# सभी केन्द्रों पर मौजूद रहे एम्बुलेंस

## बीएड प्रवेश परीक्षा शांतिपूर्ण सम्पन्न कराएं: डीएम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** डीएम निधि गुप्ता वत्स ने निर्देश दिये कि जिले में होने वाली बीएड प्रवेश परीक्षा शांतिपूर्ण व पूरी तरह पारदर्शिता के साथ सम्पन्न हो। सभी केन्द्रों पर पानी की व्यवस्था की जाये तथा स्वास्थ्य विभाग एम्बुलेंस भी मौजूद रखे।

बताते चले कि एक जून को जिले में बीएड प्रवेश परीक्षा होनी है। इसके लिये जेएस हिन्दू पीजी कालेज ब्लाक 'अ', जेएस हिन्दू पीजी कालेज ब्लाक 'बी', जेएस हिन्दू इंटर कालेज, आईएम इंटर कालेज, राजकीय इंटर कालेज को केन्द्र बनाया गया है। डीएम ने आज कलक्ट्रेट में बैठक लेते निर्देश दिये कि परीक्षा के जो मानक बनाये गये है उनका हर हाल में पालन कराया जाये। परीक्षा नकलविहीन, शांतिपूर्ण पारदर्शी सम्पन्न होनी चाहिये। सभी केन्द्रों पर प्रकाश, पानी, सफाई, फर्नीचर, शौचालय आदि की प्रर्याप्त व्यवस्था हो। केन्द्र व्यवस्थापक समय से सभी तैयारियां पूरी करें। उन्होंने एसडीएम को निर्देश दिये कि वह अपने तहसील क्षेत्र में बनाये गये केन्द्रों का निरीक्षण कर तैयारियों की जांच करें। उन्होंने कहा कि गर्मी का मौसम चल रहा है सभी केन्द्रों पर पीने का साफ पानी उपलब्ध रहे। स्वास्थ्य विभाग द्वारा एम्बुलेंस की सुविधा उपलब्ध कराई जाये। जिनकी डयूटी कंट्रोल रूम में लगी है वह पूरी तरह एक्टिव रहे। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने जानकारी दी कि सभी केन्द्रों पर सुरक्षा के लिहाज से पुलिस कर्मियों की तैनाती की गई है। जबकि जिन जगह पर आवश्यकता थी वहां महिला पुलिस कर्मियों को भी लगाया गया है। सभी पुलिस कर्मियों को निर्देश दिये गये है कि यदि किसी भी केन्द्र पर दिक्कत आती है तो तुरंत अधिकारियों को सूचित करें। बैठक में एडीएम ब्रजेश त्रिपाठी, जिला विद्यालय निरीक्षक विष्णु प्रताप सिंह, एसडीएम पुष्कर नाथ, भगत सिंह, ब्रजपाल सिंह, सुनीता व सभी स्टेटिक मजिस्ट्रेट मौजूद रहे।

**■ जिले में पांच कन्दों पर एक जून को होगी परीक्षा**

## एक नजर

### महिला से कुंडल व मोबाइल छीना

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** साप्ताहिक बाजार से खरीददारी करने जा रही एक महिला दो युवकों ने एक अस्पताल का पता पूछने का बहाना करके कुंडल व मोबाइल फोन छीन लिया और घटना को अंजाम देकर फरार हो गए। महिला ने किसी व्यक्ति के मोबाइल से घटना की सूचना परिजनों को दी। परिजनों के आने के बाद महिला थाने पहुंची और पुलिस को पूरी घटना से रूबरू कराया। पुलिस ने मामले की छानबीन शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार मोनिका पत्नी अर्पित मूल निवासी ग्राम मिलक थाना रजबपुर जनपद अमरोहा इस समय नगर के मोहल्ला नाईपुरा में पति के साथ रहती हैं। बुधवार को वह नगर के साप्ताहिक बाजार से खरीददारी करने जा रही थी। इसी बीच उसे इंदिरा चौक के पास में दो युवक मिले, जिन पर उसे संदेहु हुआ और उसने तेज तेज कदम बढ़ाते हुए ब्लॉक की साइड में पहुंचकर अपने कानों के कुंडल निकालकर हाथ में रख लिए। इसी बीच दोनों में एक युवक वहां पहुंचा और मोनिका से एक अस्पताल का पता पूछने का बहाना करने लगा और पलक झपकते ही मोनिका के हाथ से कुंडल व मोबाइल छीन लिया और दोनों युवक फरार हो गए। परिजनों के साथ मोनिका ने थाने पहुंचकर घटना की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने घटनास्थल का मौका मुआयना करते हुए घटना में शामिल चोरों की तलाश तेज कर दी है।

### राशन डीलर पर यौन शोषण का आरोप



**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** तीन महिलाओं ने राशन डीलर पर यौन शोषण किये जाने का आरोप लगाते हुए प्रदर्शन कर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। थाना आदमपुर क्षेत्र के गांव कोकापुर निवासी एक दर्जन के करीब महिलाएं सीओ कार्यालय पर पहुंच गई। महिलाओं ने वहां पर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन करना शुरू कर दिया। एक महिला ने बताया कि गांव का राशन डीलर महिपाल ने जब वह चारा लेने के लिए जंगल गई थी। तब तमंचे के बल पर उसके साथ बलात्कार किया था। आदमपुर पुलिस ने तहरीर लेने के बाद डीलर से समझौता करा दिया था। 7 मई को करीब शाम 6:00 बजे सुबह जब दावत खाकर पड़ोसी गांव से आ रही थी। तब राशन डीलर ने उसे यूकेलिप्टस के खेत में घसीट लिया तथा उसके साथ फिर बलात्कार किया। उसके 8 साल के बेटे ने जब शोर मचाया तो वह वहां से भाग गया। इसके अलावा दो अन्य महिलाओं ने भी राशन डीलर पर बलात्कार करने का आरोप लगाया है। पीड़ित महिलाओं का कहना था कि राशन डीलर बहुत ही दबंग है। तमंचे के बल पर उसने उनके साथ बलात्कार किया है। महिलाओं ने प्रदर्शन कर आरा. ेपी राशन डीलर के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है।

### हिस्ट्रीशीटरों पर प्रभावी कार्रवाई के आदेश

**अमरोहा।** एसपी अमित कुमार आनंद ने कहा कि अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई निरंतर जारी रखें। इसमें किसी तरह की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। वहीं, थाने पर आने वाले फरियादियों से शालीनतापूर्वक व्यवहार किया जाए। उनकी समस्याओं का निस्तारण ईमानदारी पूर्वक करें। वह बुधवार को पुलिस कार्यालय सभागार में आयोजित अपराध समीक्षा बैठक में बोल रहे थे। एसपी ने तय बिंदुओं पर थानेवार अपराध की समीक्षा की। संतोषजनक जवाब नहीं देने वाले थाना प्रभारियों को कार्यशैली में सुधार लाने की हिदायत दी। कहा कि शासन की प्राथमिकता से जुड़े अभियानों में किसी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। अवैध शराब, मादक पदार्थ, जुआ, सट्टा, गोवंशीय पशु कटान व अन्य अवैध कामों में लिप्त लोगों को जेल भेजने का निर्देश दिया। टॉप 10 अपराधियों, हिस्ट्रीशीटर व चिन्हित माफियाओं पर की गई कार्रवाई की समीक्षा करते हुए और अधिक प्रभावी कार्रवाई करने का निर्देश दिया। लंबित विवेचनाओं का निस्तारण करते हुए अनसुलझी घटनाओं का खुलासा करने की बात कही। कहा कि आईजीआरएस व मुख्यमंत्री हेल्पलाइन से प्राप्त होने की वाली शिकायती पत्रों की तय समय में निष्पक्ष जांच करते हुए कार्रवाई सुनिश्चित करें। पॉक्सो एक्ट व महिलाओं से जुड़े अपराधों में प्रभावी पैरवी करते हुए अपराधियों को सजा दिलाएं। अपराधिक इतिहास वाले लोगों के शस्त्र लाइसेंस निरस्त करने के साथ ही अभियान चलाकर वारंटियों की गिरफ्तारी करने की बात कही। एसपी ने अपहृत एवं गुमशुदा की भी समीक्षा करते हुए जल्दी बरामदगी के लिए निर्देशित किया।

# ईद पर नई परम्परा डाली तो होगी कार्रवाई

## भाईचारे से मनाएं त्यौहार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बछरायूं।** थाना परिसर में आगामी ईद उल अजहा त्यौहार को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने को लेकर अमन कमेटी की बैठक आयोजित की गई। थाना प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार ने कहा आपसी भाईचारे के साथ त्योहार मनाए कोई नई परंपरा ना डालें कानून व्यवस्था के साथ खिलवाड़ नहीं करने दिया जाएगा।

बैठक को संबोधित करते हुए थाना अध्यक्ष प्रमोद कुमार ने कहा कि त्योहार के दिनों में कोई नई परंपरा नहीं शुरू की जाएगी। अगर कोई परंपरा नई परंपरा शुरू करता है तो उसके विरुद्ध कानूनी कार्यवाही की जाएगी। त्योहार प्रेम का प्रतीक होते हैं। एक दूसरे की भावनाओं का सम्मान करते हुए त्योहार मनाने चाहिए। ईद के दिन कुर्बानी निहित स्थान पर ही दी जाएगी। कुर्बानी के बाद पशुओं के बचे अवशेषों को तुरंत डिस्पोज करें, इधर-उधर ना डालें। कहा कि बिना जनता के सहयोग के क्राइम कंट्रोल करना असंभव है। उन्होंने जनता से क्राइम कंट्रोल करने के लिए सहयोग की अपील की। इस अवसर पर रोहित आर्य, महकपाल सिंह, शेखचिरागुद्दीन, ग्राम प्रधान धर्मवीर भाटी, सुरेश सैनी आदि मौजूद रहे।

# चकबंदी के विरोध में ग्रामीणों का धरना

## लोहरी भूड़ के ग्रामीणों ने सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** चकबंदी प्रक्रिया से खफा ग्रामीणों ने कलक्ट्रेट में प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा। उन्होंने इस पर रोक लगाने की मांग भी की।

हसनपुर तहसील क्षेत्र के गांव लोहारी भूड़ के ग्रामीणों ने बुधवार को कलक्ट्रेट में ज्ञापन सौंपा। उनका कहना था कि गांव में लगभग 19 वर्ष से चकबंदी प्रक्रिया चल रही है। चकदारों के चक सहायक चकबंदी अधिकारी, व चकबंदी अधिकारी स्तर पर बने है। सभी किसान चकबंदी प्रक्रिया के पूर्व में चले आ रहे कब्जे के अनुरूप काबिज है। परन्तु उप संचालक चकबंदी द्वारा वादों की सुनवाई करते हुए मौके पर अप्रत्याशित रूप से कब्जा परिवर्तन कराने का प्रयास किया जा रहा है। जिससे ग्रामीणों में अराजकता का माहौल है। उन्होंने कहा कि सभी ग्रामीण चकबंदी प्रक्रिया को स्थगित कराना चाहते है। उन्होंने मांग करते कहा कि गांव में चकबंदी प्रक्रिया को रोका जाये। उनका कहना था कि यदि चकबंदी को रोका नहीं



गया तो गांव में कोई अप्रिया घटना हो सकती है। ज्ञापन सौंपने वालो में जगत सिंह, विक्रम सिंह, कुसुमपाल, नकुल, बीरेश कुमार, महिपाल सिंह, बब्लू, श्योनाथ शामिल रहे।

# यूनेस्को टीम जल्द ही करेगी रेडियो संग्रहालय का भ्रमण

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** गजरौला औद्योगिक नगरी में रेडियो म्यूजियम संस्थापक राम सिंह बौद्ध ने यूनेस्को मेमोरी ऑफ द वर्ल्ड हेरिटेज दक्षिण एशिया कांफ्रेंस में प्रतिभाग किया। यूनेस्को डॉक्यूमेंट्री टीम द्वारा श्री बौद्ध को उनके द्वारा स्थापित दुनिया के सबसे बड़े रेडियो संग्रहालय में आने की बात कही।

**■ संस्थापक राम सिंह बौद्ध ने किया कांफ्रेस में प्रतिभाग**



इंदिरा गांधी नेशनल सेंटर फॉर आर्ट्स, संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार द्वारा आयोजित इस कांफ्रेंस में स्पेशल सेक्रेटरी रंजना चोपड़ा संस्कृति मंत्रालय, टिम कर्टिस (भारत में यूनेस्को के निदेशक) डॉ फेकसन बंडा ( चीफ डॉक्यूमेंट्री हेरिटेज यूनिट यूनेस्को) के साथ साथ गणमान्य प्रतिनिधियों ने दक्षिण एशिया में प्राचीन डॉक्यूमेंट्री संरक्षण के लिए प्रतिबद्धता जताई और अपने विचार रखे। कार्यक्रम में राम सिंह बौद्ध को इंदिरा गांधी नेशनल सेंटर फॉर आर्ट्स के डीन और भारत में यूनेस्को डॉक्यूमेंट्री हेरिटेज के प्रतिनिधि प्रोफेसर रमेश चंद्र गौड़ द्वारा सम्मिलित होने के लिए विशेष रूप से निमंत्रित किया गया था। श्री बौद्ध ने कांफ्रेस के बारे में बताते हुए कहा कि सभी लोगों से मिलकर बहुत अच्छा लगा। यूनेस्कों व भारत सरकार के अधिकारियों ने रेडियो संग्रहालय के बारे में उनसे जानकारी ली। श्री बौद्ध ने बताया कि यूनेस्को डॉक्यूमेंट्री टीम द्वारा जल्द ही उनके द्वारा नगर के मोहल्ला बुद्धनगर में स्थापित दुनिया के सबसे बड़े रेडियो संग्रहालय के भ्रमण के लिये भी आश्वस्त किया गया है। टीम आने से पूर्व ई-मेल के जरिये सूचित करेगी। बता दें कि राम सिंह बौद्ध स्थापित इस संग्रहालय की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी मन की बात में प्रशंसा की थी, हाल ही में श्री बौद्ध को गिनीज वर्ल्ड रिकार्ड भी मिला है।

# किसानों को बताए प्राकृतिक व जैविक खेती के लाभ

## डीएम ने अधिकारियों को दिए निर्देश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने कहा कि अधिकारी किसानों को जैविक व प्रकृति खेती के बारे में जानकारी दें तथा इसके लाभ बताये। खेती से अधिक लाभ लेने के लिये किसानों को उन्नतशील प्रजातियों की तरफ ध्यान देना चाहिये।

कलक्ट्रेट सभागार में डीएम निधि गुप्ता वत्स ने कृषि, गन्ना, पशुपालन, मत्सय, सहकारिता, सिंचाई आदि विभागों के अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने कहा कि कल(आज) से 12 जून तक विकसित कृषि संकल्प अभियान की शुरूआत हो रही है। उन्होंने कहा कि अधिकारी किसानों को खेती से अधिक से अधिक लाभ लेने के बारे में विस्तार से बताये। उनका ध्यान जैविक व प्राकृतिक खेती की तरफ मोड़ा जाये। केमिकल व पेस्टीसाइड लगाने पर उनके उत्पादन विदेशों में क्यो रिजेक्ट हो रहे है इसकी जानकारी दी जाये। डीएम ने कहा कि फसलों से संबंधित आधुनिक तकनीकि पद्धितियों के बारे में किसानों को जागरूक करने का काम पूरी ईमारदारी से किया जाये। उपकृषि निदेशक राम प्रवेश ने डीएम को जानकारी दी कि इसके लिये तीन टीमें लगाई गई है। प्रत्येक टीम तीन-तीन गांवों में कार्यक्रम करेगी। बैठक में सीडीओ अश्वनी कुमार मिश्र भी मौजूद रहे।

# वाशिंग मशीन के नाम पर हड़पे पचास हजार

## आरोपी के खिलाफ मुकदमा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** इलेक्ट्रॉनिक शोरूम से वाशिंग मशीन खरीदने के बाद मुरादाबाद के व्यापारी ने 50 हजार रुपये हड़प लिए। तकादा करने पर जान से मारने की धमकी दी। मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

डिडौली कोतवाली क्षेत्र के जोया के मोहल्ला चौकीदारान में रहने वाले इमरान अहमद की पाशा सेल्स के नाम से फर्म है। मुरादाबाद निवासी इलेक्ट्रॉनिक्स फर्म के स्वामी शादाब से उनकी जान-पहचान थी। शादाब ने 30 अक्तूबर 2024 को इमरान अहमद की फर्म से वाशिंग मशीन खरीदी थीं। इसके बाद भी अलग-अलग तारीखों में सामान खरीदा था। सामान का कुल बिल 2 लाख 80 हजार 500 रुपये था। लिहा. जा, शादाब ने 2 लाख 30 हजार 300 रुपये जमा कर दिए। इसके बाद बकाया 50 हजार रुपये देने में आनाकानी शुरू कर दी। 25 अप्रैल को इमरान अहमद ने अपने बकाया रुपये मांगे तो गाली-गलौज करते हुए उन्हें जान से मारने की धमकी दी। मामले में पीड़ित इमरान ने शिकायत एसपी अमित कुमार आनंद से की थी। उनके निर्देश पर डिडौली पुलिस ने आरोपी शादाब के खिलाफ मुक. दमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# चौकीदार व राजमिस्त्री के घरों से उड़ाया माल

## फिंगर प्रिंट एक्टपर्ट ने जुटाए साक्ष्य

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** अलग-अलग गांव में चौकीदार और राजमिस्त्री के घरों में नकब लगाकर चोरों ने नकदी-जेवरात समेत हजारों रुपये की कीमत का सामान चोरी कर लिया। पुलिस दोनों घटनाओं की जांच कर रही है। फ्रिंगर प्रिंट एक्सपर्ट को बुलाकर साक्ष्य एकत्र कराए गए हैं।

पहली घटना थाना क्षेत्र के गांव कंकरखेड़ा की है। यहां रहने वाले नौबाहर सिंह गांव के चौकीदार हैं। उनका घर गांव के बाहरी छोर पर बना है। मंगलवार रात नौबाहर सिंह अपने परिवार के लोगों के साथ घर में सोए हुए थे। चोरों पीछे से दीवार में नकब लगाकर कमरे में दाखिल हो गए। यहां से अल्मारी में रखे सोने-चांदी के जेव. रात और 25 हजार रुपये की नकदी चोरी कर ली। इसके बाद चोरों ने क्षेत्र के गांव बागड़पुर इम्मा में राजमिस्त्री अतर सिंह के घर को निशाना बनाया। चोर यहां भी दीवार में नकब लगाकर घर में दाखिल हुए। यहां से सोने-चांदी के जेवरात व 22 हजार रुपये की नकदी समेटकर फरार हो गए। एसपी अमित कुमार आनंद के निर्देश पर फिंगर प्रिंट एक्सपर्ट की टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए। सीओ अवधभान भदौरिया ने बताया कि मामले में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। घटनाओं का जल्दी खुलासा कर दिया जाएगा।

### भाजपा नेत्री बना रही अफसरों पर दबाव

# जेई को दोबारा चार्ज दिलाने का प्रयास

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** नगर पालिका में तैनात पूर्व जेई अरविंद कुमार को दोबारा चार्ज दिलाने के लिए सत्तारूढ पार्टी के नेता सक्रिय हो गये हैं।

बताते चलें कि सिंचाई विभाग के अवर अभियंता अरविंद कुमार सैनी के पास पिछले दो सालों से नगर पालिका के अवर अभियंता का चार्ज था। कुछ दिन पूर्व शिकायतों के आधार पर जेई अरविंद कुमार सैनी से पालिका का चार्ज छीन उन्हें मूल विभाग में भेज दिया गया था। एक जनप्रतिनिधि ने उनका तबादला रूकवाने की को. शिश की थी। परन्तु डीएम ने उनका स्थानान्तरण रोकने से इंकार कर दिया था। अब सत्तारूढ पार्टी महिला मोर्चा की एक पदाधिकारी जेई अरविंद कुमार सैनी को फिर से पालिका का चार्ज दिये जाने के लिए अफसरों पर दबाव बना रही हैं। देखना है कि भाजपा नेत्री अपने मकसद में कितना सफल हो पाती हैं।

# पंचायत राज व्यवस्था भारत के लोकतंत्र की नींव

## पंचायत प्रतिनिधि सम्मेलन आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** अहिल्याबाई होल्कर त्रिशताब्दी स्मृति अभियान के तहत क्षेत्र विधायक राजीव तरारा के संयोजन में पंचायत प्रतिनिधि सम्मेलन का आयोजन हुआ। जिसमे अहिल्या बाई होल्कर के जीवन से प्रेरणा लेने का आह्वान किया गया।

सम्मेलन को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि अशोक कटारिया ने कहा पंचायती राज व्यवस्था भारत की लो. कतांत्रिक नींव है। अहिल्याबाई होल्कर जैसी महापुरुषों की स्मृति में आयोजित यह सम्मेलन हमें जनसेवा की प्रेरणा देता है। ग्राम विकास के लिए जनप्रति. निधियों की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है, और इस दिशा में धनौरा विधानसभा की पहल सराहनीय है। कार्यक्रम संयोजक एवं धनौरा विधायक राजीव तरारा ने कहा अहिल्याबाई होल्कर ने अपने शासनकाल में सामा. जिक न्याय, महिला सशक्तिकरण और ग्राम विकास की जो मिसाल कायम की, वह आज भी प्रासंगिक है। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष भाजपा उदयगिरि गोस्वामी, जिला महामंत्री पूरन सिंह सैनी, चंद्रभान भाटी, कपिल भड़ाना, शुभम शर्मा, गीतेश अग्रवाल, अशोक घरोटिया, राजीव अग्रवाल, उधम गिल प्रधान, जबर सिंह प्रधान, विक्रम सिंह प्रधान, ताराचंद प्रधान, गंगा शरण प्रधान मौजूद रहे।

# अचानक नीम का पेड़ गिरने से राहगीर बाल - बाल बचे

■ आसफपुर से हरदासपुर लिंक मार्ग रहा बाधित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**आसफपुर।** उत्तर प्रदेश बदायूं के विकास खंड आसफपुर से बिसौली मार्ग पर स्थित एक नीम का पेड़ बीते बुधवार को सुबह के समय अचानक फटकर सड़क पर गिर गया।

जिससे आसफपुर से हादसपुर , दबतोरी लिंक मार्ग पर आने जाने वाले वाहनों को खासा परेशानी का सामना करना पड़ा। यह आकस्मिक वाकिया बीते बुधवार सुबह के दरम्यान का बताया जा रहा है। हालांकि इस दौरान किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है।

# सरकारी चकरोड पर खड़े हरे पेड़ काटने का आरोप



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**आसफपुर।** बीते दिन बुधवार को क्षेत्र के गांव मन्नू नगर में सरकारी चकरोड के किनारे खड़े हरे पेड़ काटने की खबर ग्रामीणों ने दी। ग्रामीणों का कहना है कि गांव मन्नू नगर में एक युवक लक्की यादव पुत्र कुंवर पाल ने गांव के रकबे में सरकारी चकरोड के किनारे खड़े हरे पेड़ों पर आरी चला दी जिससे ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है।

# एसएसपी व एसपी के इंसाफ से जनता में खुशी की लहर

**कामिल खान,शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** पुलिस के लिए अपराधिक वारदातों को होने से रोकना सभव नहीं है क्योंकि कभी तो अपराधिक वारदातें मामूली सी बात के विवाद में हो जाती हैं जबकि कई मामलों में पूरी योजना के साथ वारदात को अंजाम देने की कहानी सामने आती है।

यह बात पूरी तरह सत्य लगती है लेकिन एक बात है कि पुलिस द्वारा घटना को अंजाम देने वालों तक पहुंचना और उनको अंजाम तक पहुंचाने की कार्रवाई जब होती है तो आगे से अपराधिक वारदातों को अंजाम देने से पहले योजना बनाने वाले दस बार सोचने को मजबूर हो जाते हैं और यही सोच पुलिस का मनोबल बढाती है जबकि अपराधियों का हौंसला तोड देने का





काम किया करती है। बदायूं के एसएसपी के रूप में कमान सम्भालने के बाद डा ब्रजेश कुमार सिंह व एसपी देहात केके सरोज की कार्यप्रणाली इसी बात के चलते अपराधियों को भारी पड रही है क्योंकि अधिकांश अपराधिक वारदातों में उनके अधीनस्थ वर्दीधारियों की टीम ने कई बार 24 घंटे का समय बीतने से पूर्व अपराधियों तक पहुंचने और वारदात को अंजाम देने वालों को सलाखों के पीछे पहुंचाने का काम पूरी निष्ठा से किया है और यही कारण है कि आज बदायूं का आम आदमी एसएसपी डा ब्रजेश कुमार सिंह की कार्यप्रणाली और उनकी टीम को सैल्यूट कर रहा है। क्योंकि इसी से जनपद में नागरिकों को सुरक्षा और अपराधियों में पुलिस का खौफ नजर आ रहा है।

# बसों को खड़ा करने को लेकर विधायक ने जताई नाराजगी





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** बिसौली नगर में लगातार बढ़ रही जाम की समस्या को गंभीरता से लेते हुए विधायक आशुतोष मौर्य ने बुधवार को सख्त रुख अपनाया। नगरवासियों की शिकायतों को संज्ञान में लेते हुए उन्होंने रोडवेज अधिकारियों को निर्देश दिए। विधायक आशुतोष मौर्य ने बदायूं डिपो एआरएम अजय कुमार सिंह, बरेली डिपो एआरएम संजीव श्रीवास्तव तथा पीतल नगरी डिपो एआरएम प्रेम सुख को स्पष्ट निर्देश दिए कि बसें अब रोडवेज परिसर के बाहर न खड़ी की जाएं। उन्होंने कहा कि बस चालक अक्सर मुख्य सड़क पर ही बसें रोककर सवारियों को उतारते-चढ़ाते हैं, जिससे नगर में जाम की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। विधायक ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि भविष्य में बसों को रोड पर खड़ा किया गया तो संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों से तत्काल प्रभाव से व्यवस्था सुधारने और रोडवेज परिसर के भीतर ही बस संचालन सुनिश्चित करने को कहा। नगरवासियों ने विधायक के इस कदम का स्वागत किया है और उम्मीद जताई है कि इससे जाम की समस्या में जल्द राहत मिलेगी।

# गांव कुआंडाडा में महायज्ञ से पहले निकली भव्य कलश यात्रा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** गांव कुआंडांडा में द्वितीय श्री विष्णु पंच कुंडात्मक महायज्ञ के आयोजन के पहले दिन भव्य कलश यात्रा निकाली गई। महिलाएं सिर पर आगे-आगे कलश लेकर चल रही थी, तो ढोल व मंजीरे की धुन पर पीछे श्रद्धालु व संतजन झूमते हुए चल रहे थे। विष्णु महायज्ञ का समापन 04 जून को पूर्णाहुति एवं ब्राह्मण भोज भंडारा के साथ होगा। कलश यात्रा में महंत जयपाल गिरी महाराज, विजय सिंह यादव, डॉ. हेमेंद्र यादव जिला पंचायत प्रत्याशी, झंडेल यादव, चोखेलाल यादव, ओमवीर सिंह यादव एडवोकेट, मोरध्वज यादव, एडवोकेट युधिष्ठिर यादव, धर्मवीर यादव, भारत सिंह, चिरंजी यादव, प्रेमपाल यादव, अशर्फी लाल, रामेश्वर यादव, कुवरपाल यादव एवं समस्त ग्रामवासी मौजूद रहे।

# वैदिक मंत्रोचार के बाद अंशिका संग रचित ने पुष्पक गृह में किया प्रवेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** नगर के समाज सेवी पुष्पेन्द्र नाथ गर्ग के बिजनेस मेन सुपुत्र रचित गर्ग के नव निर्मित आवास का गृह प्रवेश कार्यक्रम बुधवार को विद्वान पंडितो द्वारा वैदिक मंत्रोचार के साथ पूरे विधि विधान से संपन्न हुआ। अंशिका ने अपने पति रचित के साथ सिर पर कलश रख कर नव निर्मित पुष्पक गृह में प्रवेश किया। इस अवसर पर रीता, पुष्पेन्द्र नाथ गर्ग, पुष्पदीप, डोली गर्ग, अमरदीप, राशि गर्ग, केशव, गुन, माधव, कृष्णा, परी, कन्हैया आदि मौजूद रहे।

# बिसौली में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से तंबाकू से होने वाले नुकसान से कराया अवगत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में जिला सूचना अधिकारी बरेली के निर्देशन में आरोही सांस्कृतिक संस्था बरेली ने तंबाकू के सेवन से होने वाले नुकसान के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए एक नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया। हम आपको बता दें कि बुधवार को जिला सूचना अधिकारी बरेली के निर्देशन में चलाए जा रहे तंबाकू निषेध अभियान के अंतर्गत आरोही सांस्कृतिक संस्था बरेली द्वारा बिसौली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एक नुक्कड़ नाटक का आयोजन कर तंबाकू के सेवन से होने वाले नुकसान के बारे में आम जन को जागरूक किया गया इस नाटक में तंबाकू के सेवन से होने वाले विभिन्न स्वास्थ्य समस्याओं और इससे होने वाले नुकसान के बारे में जानकारी दी गई थी। जागरूकता टीम के सदस्य शैलेंद्र ने बताया कि हमारे देश में लगभग हर वर्ष लाखों लोगों की तंबाकू गुटका बीड़ी सिगरेट एवं अन्य धूम्रपान की वजह से मौते हो जाती हैं जिसको लेकर हमारी संस्था लगातार लोगों के बीच रहकर तंबाकू एवं अन्य नशीली चीजों से दूर रहने के लिए जागरूक करती रहती है और यह भी बताया कि यह नाटक लोगों को तंबाकू से दूर रहने के लिए प्रेरित करने का एक प्रभावी तरीका था। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से उन्होंने समझाया कि तंबाकू का सेवन करने से फेफड़ों से संबंधित बीमारियां मधुमेह आदि बीमारियां होती है जिससे लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। इस अवसर पर बिसौली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक पंकज शर्मा, डॉ धीरेंद्र नाथ मिश्रा, एवं समस्त स्वास्थ्य स्टाफ व आरोही संस्कृतिक संस्था बरेली के सदस्य मौजूद रहे।

# विद्युत विभाग में रिफॉर्म्स के दृष्टिगत उपकेन्द्रों पर मजिस्ट्रेट नामित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** पूर्वांचल व दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड में सरकार द्वारा किए जा रहे रिफॉर्म्स के दृष्टिगत जनपद में विद्युत आपूर्ति सुचारु बनाये रखने एवं निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी अवनीश राय ने जनपद की समस्त तहसीलों पर सम्बंधित उप जिला मजिस्ट्रेट व नगर बदायूँ में नगर मजिस्ट्रेट को उनके क्षेत्र में अवस्थित विद्युत उपकेन्द्रों पर मजिस्ट्रेट नामित किया हैं। जिलाधिकारी ने नामित मजिस्ट्रेट्स को निर्देशित किया है कि वह अपने-अपने क्षेत्रों में स्थित 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्रों एवं 132 केवी व 220 केवी विद्युत उपकेंद्रों पर भ्रमणशील रहते हुए विद्युत आपूर्ति की सतत निगरानी एवं विद्युत आपूर्ति व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने की जिम्मेदारी निभाएं। विद्युत वितरण खण्डों पर अन्य विभागों के अवर अभियन्ता, सहायक अभियन्ता व अन्य अधिकारियों की 08-08 घण्टे की ड्यूटी भी लगाई गई है। इसके अतिरिक्त, यह भी निर्देशित किया गया है कि विद्युत उपकेंद्रों पर कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराई जाएं। साथ ही अपने-अपने क्षेत्रों के उपकेंद्रों का निरीक्षण कर शासन एवं राजस्व विभाग तथा पुलिस अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित करना सुनिश्चित करेंगे।

# प्रधानाध्यापक ने मनोयोग से सीखने को किया प्रेरित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** कंपोजिट विद्यालय हर्रायपुर में समर कैंप के सातवें दिन का प्रारंभ योग प्राणायाम से किया गया।तत्पश्चात समस्त छात्र-छात्राओं को चित्रों में रंग भरने का अभ्यास कराया गया। प्राथमिक विद्यालय मेथरा के शिक्षामित्र राजकुमार द्वारा छात्र - छात्राओं को रोचक कहानी सुनाई गई। दूसरे शिक्षामित्र राजकुमार यादव द्वारा अंताक्षरी प्रतियोगिता कराई गई। विद्यालय के प्रधानाध्यापक कुंवरसेन ने उपस्थित छात्र- छात्राओं से समर कैंप में पूर्ण मनोयोग से सीखने को प्रेरित किया।

# फिल्म इंडस्ट्री मे जावेद जैदी ने सहसवान का नाम किया रोशन



**आतिफ निसार जैनू, शाह टाइम्स**

**सहसवान।** फिल्म इंडस्ट्री मे जावेद जैदी को मिला दादा साहब फाल्के अवार्ड इससे पहले भी कई अवार्ड मिल चुके है जावेद को.सहसवान के लिए ये गौरव की बात है जावेद जैदी सहसवान के पहले व्यक्ति है जिन्हे ये अवार्ड मिला है! इससे पहले 2016 व 2022 मे महारास्ट्र गौरव सम्मान मिल चूका है जावेद एक यू ट्यूब चौनल भी चलाते है पिछले 35 साल से फिल्म इंडस्ट्री मे काम कर रहे है जावेद द्वारा 6 किताबें भी लिखी जा चुकी है हिंदी सिनेमा के नाम से एक मैगजीन भी चलाते है जावेद जैदी का नाम गिनिज बुक मे भी शामिल है कई चौनलो भी कार्य किया है खुद के 4 म्यूजिक चौनल भी लॉन्च कर चुके है म्यूजिक डाइरेक्टर नौशाद साहब ने जावेद जैदी की किताब लॉन्च की थी पहली बुक 1989 मे दूसरी बुक 1991 तीसरी बुक 1994 और चौथी बुक 1998 मे लॉच हुई बहुत जल्द इंसाक्लॉपीड़िआ हिंदी सिनेमा लॉन्च होने वाला है जिसमे फिल्म जगत की 15000 फिल्मो के वारे मे जानकारी मिलेगी जावेद जैदी इमामबाड़ा हुसैनी मंजिल के रहने वाले है हर साल मुहर्रम मे अपने घर सहसवान आते है जावेद बरेली खानका निआजिया से जुड़े हुए है आज अपने घर सहसवान आने पर सहसवान के लोगो ने उनका भव्य स्वागत किया।

# एक नजर

## 30 मई से 10 जून तक कार्डधारकों को होगा नि:शुल्क खाद्यान्न का वितरण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** जिलाधिकारी अवनीश राय ने बताया कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के अन्तर्गत आवंटित आवश्यक वस्तुयें का नि:शुल्क वितरण पात्र गृहस्थी तथा अन्त्योदय कार्डधारकों में 30 मई से 10 जून 2025 के मध्य कराया जाएगा। उन्होंने खाद्यान उठान, वितरण व सत्यापन के सम्बंध में अधिकारियों को दिशा निर्देश भी जारी किए। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 के अन्तर्गत आच्छादित अन्त्योदय लाभार्थियों को प्रति कार्डधारक 14 कि0ग्रा0 गेहूँ, 21 कि0ग्रा0 फोर्टिफाईड चावल (कुल 35 कि0ग्रा0) खाद्यान्न तथा पात्र गृहस्थी कार्डधारकों के मध्य 02 कि0ग्रा0 गेहूं तथा 03 कि0ग्रा0 फोर्टिफाईड चावल प्रति यूनिट नि:शुल्क वितरित कराया जाएगा। ई-पॉस मशीन से निकलने वाली वितरण पर्चियों पर गेहूँ, चावल का मूल्य शून्य होना स्पष्ट रूप से प्रदर्शित किया जायेगा।

## दुग्ध उत्पादन में देश में प्रथम स्थान पर उत्तर प्रदेश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने पशुओं, गाय को संरक्षण देने के लिए विशेष योजना बनाई है। मा0 मुख्यमंत्री सहभागिता योजनान्तर्गत तथा पोषण-मिशन हेतु इच्छुक कृषकों व पशुपालकों के निराश्रित गोवंश आश्रय स्थलों से अधिकतम 04 गोवंश प्रति लाभार्थी पशुपालकों की सुपुर्दगी में दिये जा रहे हैं। इसके लिए प्रति गोवंश 50 रुपये प्रतिदिन की दर से पशुपालकों को पशुओं के भरण-पोषण हेतु दिया जा रहा है। पशुपालन हेतु प्रदेश सरकार द्वारा दी जा रही सुविधायें, नस्लसुधार का ही परिणाम है कि उत्तर प्रदेश दुग्ध उत्पादन में देश में प्रथम स्थान पर है। प्रदेश में पशुपालन प्रत्येक परिवार में होता रहा है। गाँवों में गाय, बैल, भैंस, बकरी, भेड़, सुअर आदि आर्थिक लाभ के पशुओं का पालन होता रहा है। कृषि के बाद ग्रामीणों के आर्थिक विकास में पशुपालन का महत्वपूर्ण योगदान है। विभिन्न प्रकार की जैव विविधता से परिपूर्ण उत्तर प्रदेश में पूरे देश का सर्वाधिक 16 प्रतिशत से अधिक पशुधन है। प्रदेश में 20वीं पशुगणना (2019) के अनुसार प्रदेश में 190.20 लाख गोवंश, 330.17 लाख महिषवंश, 9.85 लाख भेड़, 144.80 लाख बकरी, 4.09 लाख सूकर एवं अन्य पशुधन सहित कुल 691.98 लाख पशुधन है। भारत सरकार के निर्देशानुसार 21वीं पशुगणना का कार्य 25 अक्टूबर 2024 से प्रारम्भ हो गई है। प्रदेश में निराश्रित/बेसहारा पशुओं से फसलों के नुकसान से बचाने हेतु मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के कुशल नेतृत्व में प्रदेश में गोसंरक्षण के लिये अस्थायी गोआश्रय स्थल-6744, गोवंश वन्य विहार/वृहद गोसंरक्षण केन्द्र-372, कांजी हाउस-307, कान्हा गोशाला-295, अर्थात कुल 7717 गो-आश्रय स्थलों में 12.52 लाख से अधिक गोवंश संरक्षित हैं, गो-पालन के लिए 108772 किसानों व पशुपालकों को सुपुर्दगी में 1,68,215 गोवंश दिये जा चुके हैं। गोवंश के भरण-पोषण हेतु वित्तीय वर्ष 2023-24 में रु0 1000 करोड़ तथा वर्ष 2024-25 में करोड़ों रुपये जनपदों को निर्गत किया गया है। वर्ष 2022-23 एवं 2023-24 में स्वीकृत 100 वृहद गो-संरक्षण केन्द्रों के सापेक्ष 100 केन्द्रों हेतु निर्माण की द्वितीय किस्त रु0 4492 लाख अवमुक्त की गयी। प्रदेश में अब तक 372 नये वृहद गोसंरक्षण केन्द्रों के निर्माण व 173 वृहद गौ-संरक्षण केन्द्रों का निर्माण कार्य चल रहा है। प्रदेश में विभाग द्वारा गोशालाओं का पंजीकरण ऑनलाइन किया जा रहा है। प्रदेश में विगत 8 वर्षों में 2202 पशु चिकित्सालय, 39 नवीन पशु चिकित्सालय एवं 2575 पशु सेवा केन्द्र के अतिरिक्त 03 नवीन पशु सेवा केन्द्रों का निर्माण किया गया है। प्रदेश में पशुओं को विशेष चिकित्सा सुविधाओं की दक्षता एवं विस्तार हेतु 20 पॉलीक्लिनिक संचालित है तथा 05 पॉलीक्लिनिक निर्माणाधीन है। प्रदेश सरकार ने प्रदेश के पशुपालकों के द्वार पर पशु चिकित्सा सुविधायें उपलब्ध कराने के उद्देश्य से भारत सरकार के सहयोग से 520 मोबाइल वेटनरी यूनिट द्वारा वर्ष 2024-25 में कुल 14.42 लाख से अधिक पशुपालकों के 29.38 लाख पशुओं को चिकित्सीय सुविधा दी गई है। प्रदेश में वर्ष 2024-25 में 1612.77 लाख से अधिक पशुओं का टीकाकरण किया गया है।

# 27 जून तक चिकित्सा सहायता हेतु आवेदन करें साहित्यकार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान के निदेशक जितेन्द्र कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि साहित्यकार कल्याण कोष योजना के अन्तर्गत विषम आर्थिक स्थितिग्रस्त साहित्यकारों को जिनकी समस्त स्रोतों से वार्षिक आय पांच लाख रुपये तक है तथा 60 वर्ष की आयु पूर्ण कर ली है। वह अधिकतम पचास हजार रुपये तक की अनावर्तक चिकित्सा आर्थिक सहायता प्राप्त करने हेतु संस्थान में अपना प्रार्थना पत्र अन्तिम तिथि 27 जून 2025 तक जमा कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि आवेदन के साथ तहसीलदार द्वारा जारी आय प्रमाण-पत्र एवं चिकित्सक का प्रमाण-पत्र, दो साहित्यकारों की संस्तुतियाँ संलग्न किया जाना अनिवार्य है। इस योजना की नियमावली एवं आवेदन पत्र का प्रारूप संस्थान कार्यालय से किसी कार्य दिवस में अथवा संस्थान की वेबसाइट www-uphindisansthan-पद से प्राप्त किया जा सकता है।

# ईयर फोन का लम्बे समय तक उपयोग हो सकता है घातक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बदायूं।** मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 रामेश्वर मिश्रा ने जनसमुदाय को ईयर फोन व ईयर प्लग के लम्बे समय तक उपयोग के कारण सुनने की क्षमता में कमी (श्रवण हास) और टिनिटस को रोकने में जागरुक व सहायता किये जाने के सम्बंध में जानकारी देते हुए बताया कि सोशल मीडिया जैसे फेसबुक, व्हाटसएेप, यू-ट्यूब आदि का उपयोग कम करें।

प्रतिदिन 02 घण्टे से ज्यादा ईयर फोन व हेड फोन का लम्बे समय तक उपयोग न किया जाये। उन्होंने बताया कि श्रवण-हानि तथा पूर्ण श्रवणहीनता का मुख्य कारक होने दृष्टिगत वायर्ड अथवा ब्लूटूथ इयरप्लग व हैडफोन के अनावश्यक उपयोग को हतोस्साहित किया जाये। आवश्यकता पडने पर 50 डेसिबल वॉल्यूम सहित ईयर फोन व हेडफोन जैसे व्यक्तिगत ऑडियो के उपकरणों का उपयोग किया जाना चाहिए। प्रतिदिन 02 घण्टे से ज्यादा ईयर फोन व हेड फोन का लम्बे समय तक उपयोग न किया जाये, साथ ही बीच-बीच में अंतराल लिया जाना चाहिए। उन्होने बताया कि बच्चों को ऑनलाइन गेमिंग से दूर रखें ताकि वे तेज आवाजों के सम्पर्क में न आयें, जिनका इस्तेमाल अक्सर गेम डिजाइन में किया जाता है। बच्चों को मोबाईल एवं लेपटॉप आदि उपकरणों के प्रयोग में कमी लायें, इसके अत्याधिक प्रयोग से संज्ञानात्मक विकास अवरूद्ध होने के कारण सामाजिक सम्पर्क, संचार आदि प्रभावित होने के साथ-साथ अन्य व्यवहारिक समस्याएँ भी उत्पन्न होती हैं। उन्होने बताया कि सोशल मीडिया जैसे फेसबुक, व्हाटसएेप, यू-ट्यूब आदि का उपयोग कम करें। परिवार और सामाजिक मेलजोल पर ध्यान केंद्रित करते हुए एक साथ समय बिताने का समय बढ़ाएँ। किसी प्रकार के समारोह में ध्वनि की तीव्रता 100 डेसिबल से अधिक नहीं होनी चाहिए। समय-समय पर श्रवण (सुनना) की जांच कराते रहना चाहिए ताकि सुनने में कोई हानि हो, तो उसका उपचार/प्रबन्धन समय से किया जा सकें। उन्होने बताया कि यदि किसी भी व्यक्ति में एक बार श्रवण ह्रास हो जाता है।

तो पुन: सामान्य श्रवण शक्ति को वापस नहीं लाया जा सकता और इसके साथ-साथ अन्य प्रकार के मनोवैज्ञानिक समस्याएं भी उत्पन्न होने लगती है, जोकि पीड़ादायक हो सकती है। उन्होने बताया कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन उत्तर प्रदेश के तत्वाधान में राष्ट्रीय बधिरता बचाव एवं रोकथाम कार्यक्रम का संचालन जिला चिकित्सालय (पुरूष) बदायूँ में किया जा रहा है, चिकित्सालय की ओपीडी कक्ष सं0-14 में श्रवण (सुनना) को समस्या एवं कान से सम्बन्धित रोगों का परामर्श एवं उपचार सम्बंधी सेवाएं वरिष्ठ ईएनटी सर्जन एवं प्रशिक्षित स्टाफ के द्वारा नि:शुल्क प्रदान की जा रही हैं।

# किसानों को आधुनिक कृषि व तकनीक की जानकारी देने हेतु विकसित कृषि संकल्प अभियान आज से शुरू

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** उप कृषि निदेशक मनोज कुमार ने जानकारी देते बताया कि खरीफ मौसम में उगायी जाने वाली प्रमुख फसलों से सम्बन्धित आधुनिक कृषि तकनीकों एवं जलवायु परिवर्तन प्रभावरोधी कृषि पद्वतियों की जानकारी कृषकों को प्रदान करने हेतु विकसित कृषि संकल्प अभियान-2025 को एक मिशन के रूप में चलाया जायेगा। यह अभियान 29 मई 2025 से प्रारम्भ होकर 12 जून 2025 के मध्य आयोजित किया जायेगा।

उन्होने कृषकों से अपील की है कि उनके ग्राम में आयोजित किये जाने वाले कार्यक्रम में सहभागिता कर नवीन तकनीकी एवं योजनाओं की जानकारी प्राप्त करे। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के आयोजन हेतु जिलाधिकारी के निर्देशन में जनपद के समस्त विकास खण्डों में 3 टीमों का गठन किया गया है। जिनके द्वारा प्रतिदिन 9 ग्रामों में कार्यक्रम आयोजित किये जायेगें जिसका समय प्रात: 8:00 बजे से पूर्वान्ह 11:00 बजे तक, पूर्वान्ह 11:30 बजे से अपरान्ह 2:30 बजे तक एवं अपरान्ह 3:00 बजे से सायं 6:00 बजे तक आयोजन किया जायेगा।

उन्होंने बताया कि भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आई0 सी0ए0 आर0) के संस्थानों, के0वी0के0, कृषि विश्वविद्यालयों के वैज्ञानिकगण तथा प्रदेश सरकार के कृषि, उद्यान, गन्ना, पशुपालन, मत्स्य, सहकारिता, रेशम, सिचाई विभाग एवं लीड बैक मैनेजर व वित्तीय संस्थाओं के अधिकारी व कर्मचारी प्रशिक्षक की भूमिका में कार्य करेगें। कृषि विज्ञान केन्द्र, आई0सी0ए0आर0 के संस्थान, कृषि विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों द्वारा विकसित की गयी नवीन व उन्नत कृषि तकनीकों तथा कृषि में किये जा रहे नवाचारों की जानकारी के साथ-साथ राज्य एवं केन्द्र पोषित योजनाओं की जानकारी भी उपलब्ध करायी जाएगी। उन्होंने अभियान के उद्देश्य के सम्बंध में जानकारी देते हुए बताया कि क्षेत्र विशेष के लिए खरीफ मौसम में उगायी जाने वाली प्रमुख फसलों से सम्बन्धित आधुनिक तकनीकों एवं उन्नत कृषि पद्वतियों के बारे में किसानों को जागरूक करना।

किसानों को उनके लिए उपयोगी विभिन्न सरकारी योजनाओं तथा नीतियों के बारे में जागरूक करना। किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड में सुझायी गयी विभिन्न फसलों के चयन तथा संतुलित खादों के प्रयोग के लिए जागरूक एवं प्रशिक्षित करना। पी0एम0 किसान सम्मान निधि योजना के नए पात्र अवशेष लाभार्थियों का पंजीकरण, ई- के0 वाई0 सी0, आधार सीडिंग एवं अन्य फसन ऋण से सम्बन्धित निदान प्रदान करना। किसानों के फीडबैक के आधार पर अग्रेतर कार्यवाही करना।

# 899 पात्रों को मिलेगा शादी अनुदान योजना का लाभ, समिति ने की 68 के भुगतान की संस्तुति

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** जिलाधिकारी अवनीश राय ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट स्थित सभाकक्ष में अन्य पिछड़ा वर्ग (अल्पसंख्यक पिछड़े वर्ग को छोड़कर) के व्यक्तियों की पुत्रियों की शादी अनुदान योजनान्तर्गत जिला स्वीकृति समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए प्रत्येक पात्र को योजना का लाभ देने के निर्देश दिए। उन्होंने उप जिलाधिकरी व खण्ड विकास अधिकारियों को लम्बित आवेदन पत्रों पर तत्काल कार्यवाही करने के निर्देश दिए। समिति द्वारा 68 आवेदनों की भुगतान की संस्तुति की गयी। उल्लेखनीय है कि योजना आगामी 31 मार्च 2026 तक जारी रहेगी। योजना पूर्णतया ऑनलाईन संचालित है। योजनान्तर्गत 20 हजार रुपए प्रति लाभार्थी एवं अधिकतम 02 पुत्रियों की शादी हेतु अनुमन्य है। आवेदन हेतु पात्रता के अन्तर्गत कन्या की आयु शादी की तिथि को कम से कम 18 वर्ष होना अनिवार्य है। आवेदक की वार्षिक आय शहरी क्षेत्र एवं ग्रामीण क्षेत्र में समान रूप से अधिकतम 01 लाख रुपए निर्धारित है। जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी प्रणव कुमार पाठक ने बताया कि आवेदन पत्र, पुत्री की शादी तय होने पर शादी की तिथि से 90 दिन पूर्व से एवं शादी होने के 90 दिन बाद तक csolkbV shadianudan-upsdc-gov-पद पर ऑनलाईन करके समस्त आवश्यक अभिलेखों के साथ सम्बन्धित उप जिलाधिकरी अथवा खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय में जमा करना अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि शादी अनुदान योजनान्तर्गत विभाग द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु रू0 179.80 लाख का आवंटन जारी किया गया है, जिसके सापेक्ष 899 पात्र लाभार्थियों को लाभान्वित किया जाना है। अभी तक जनपद के उप जिलाधिकरी व खण्ड विकास अधिकारी के स्तर से कुल 110 आवेदन पत्र स्वीकृत एवं 35 आवेदन पत्र अस्वीकृत हुए हैं। इस अवसर पर समिति सदस्य व

# दो जून तक ओ लेवल एवं सीसीसी प्रशिक्षण देने हेतु संस्थाएं करें आवेदन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी प्रणव कुमार पाठक ने जानकारी देते हुए बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में अन्य पिछड़े वर्ग के शिक्षित बेरोजगार युवक व युवतियों को ओ् लेवल एवं सी०स. ी०सी० कम्प्यूटर प्रशिक्षण का कोर्स कराने हेतु जनपद की ऐसी संस्थायें, जो भारत सरकार की अधिकृत संस्था श्नीलिटश् से मान्यता प्राप्त (आवेदन की अंतिम तिथि तक संस्थाओं की मान्यता वैलिड हो) हों, प्रशिक्षण कराने हेतु आवेदन कर सकती हैं। उन्होंने बताया कि इच्छुक संस्थाओं द्वारा पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की बेबसाइट back-wardwelfareup- gov-पद पर दिये गये लिंक एवं obc-computertraining-upsdc-gov-पद से निर्धारित प्रारूप पर संशोधित तिथि 02 जून 2025 तक ऑनलाईन आवेदन किया जा सकता है। प्रशिक्षण हेतु दिशा-निर्देश व समय-सारणी दी गई बेबसाइट पर भी प्रदर्शित है। उन्होंने बताया कि संस्थाओं द्वारा ऑनलाईन आवेदन करने के उपरान्त उसकी हार्डकॉपी समस्त अभिलेखों एवं उपलब्ध संसाधनों से संबंधित विवरण सहित 02 जून 2025 तक अथवा इसके पूर्व ही जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी के कार्यालय कक्ष सं० 118, विकास भवन, बदायूँ में अनिवार्य रूप से जमा करा सकते हैं।

# मरीज बन अस्पताल पहुंचे डीएम, मचा हड़कंप

**■ स्वास्थ्य सेवाओं की ली जानकारी, मरीजों व उनके तिमारदारों के बैठने की व्यवस्था सुनिश्चित करने के दिए निर्देश**



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** डीएम अविनाश सिंह ने बुधवार को स्वास्थ्य सेवाओं का जायजा लेने के उद्देश्य से जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। आम व्यक्ति की भांति डीएम ने बिना लाव लश्कर के जिला अस्पताल में प्रवेश किया, और अपनी पहचान छिपाने के उद्देश्य से मास्क भी लगाया, जिससे अस्पताल की वास्तविक गतिविधियों की जानकारी हो सके।

निरीक्षण के दौरान डीएम ने सर्वप्रथम पर्चा काउंटर पर पहुंचकर व्यवस्थाओं को देखा और पाया कि पर्चा काउंटर पर बहुत भीड़ है, जिसपर उन्होंने दो जगह पर्चा काउंटर बनवाने के निर्देश दिए, जिससे मरीजों को परेशानी न हो।

उक्त के उपरांत ओपीडी सेक्शन का निरीक्षण किया, और इस दौरान निर्देश दिये गये कि ओपीडी के अन्तर्गत कौन-कौन से डॉक्टर किस-किस दिन मरीजों को देखते हैं, उसका स्पष्ट विवरण अंकित किया जाए, जिससे मरीजों को कोई दिक्कत न हो।

डीएम ने समस्त चिकित्सकों के कक्ष का निरीक्षण किया और चिकित्सकों व मरीजों से पूछताछ की। डीएम ने अल्ट्रासॉउन्ड केंद्र, पैथोलॉजी का निरीक्षण किया, तथा दवा वितरण केन्द्र का भी निरीक्षण किया, और लोगों से पूछा कि सभी दवाएं निशुल्क मिलती हैं अथवा नहीं। डीएम ने मरीजों से वार्ता की और अस्पताल में मिलने वाली चिकित्सा सुविधा के बारे में जानकारी ली।

निरीक्षण के दौरान डीएम ने महिला ओपीडी कक्ष का भी निरीक्षण किया, और निर्देश दिए कि बीमार लोगों के लिए व्हीलचेयर, स्ट्रेचर आदि की व्यवस्था सुनिश्चित रहे।

निरीक्षण के दौरान डीएम ने अस्पताल में पार्किंग व्यवस्था तथा मरीजों व उनके साथ आने तिमारदारों के बैठने की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान डीएम ने कहा कि कोविड के दृष्टिगत जिला अस्पताल की व्यवस्थाओ का निरीक्षण किया गया है। उन्होंने कहा कि जनपद के सम्मानित नागरिक कोविड नियमों को पालन करें, और सोशल डिस्टेंस में रहें तथा मास्क का भी इस्तेमाल करें। उन्होंने कहा कि समय-समय पर जो भी एडवाइजरी जारी होती हैं, उसके संबंध में प्रिंट व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से जनसामान्य को अवगत कराया जाएगा।

## कार अनियंत्रित होकर खाई में गिरी बड़ा हादसा टला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फतेहगंज पश्चिमी।** बुधवार शाम को अगरास-शंखा रोड पर दौड़ रही कार अनियंत्रित होकर खाई में गिर गई।हादसे में चालक समेत कई यात्री घायल हो गए।हालांकि किसी को कोई गंभीर चोट नही है।

थाना प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार चतुर्वेदी ने बताया थाना कि भोजीपुरा के गांव सैदपुर निवासी चालक रिजवान कार से शीशगढ़ से अपने गांव लौट रहा था। एएनए कट के पास पहुंचने पर कार अनियंत्रित होकर खाई में गिर गई।चीख पुकार सुनकर एकत्र हुए राहगीरों ने कार को सीधा करके उसमे बैठे लोगों को बाहर निकाला।हादसे में चालक रिजवान, शान मोहम्मद,यूसुफ आदि चोटिल हो गए। गनीमत रही कि कोई गंभीर घायल नहीं हुआ।

# आपसी भाईचारे के साथ मनाएं त्यौहार

**■ नई परंपरा डालने का प्रयास किया तो होगी कड़ी कार्यवाही**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शीशगढ़।** ईदुल अजहा का पर्व शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न कराने को सी ओ बहेड़ी डा. अरुण कुमार की अध्यक्षता व प्रभारी निरीक्षक हरेंद्र सिंह की मौजूदगी में थाना परिसर में सम्भ्रांत लोगों के साथ पीस कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में सीओ बहेड़ी डा. अरुण कुमार ने साफ साफ चेताया कि प्रतिबन्धित पशु की कुर्बानी पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगी। ईदुल अजहा का पर्व सभी लोग शांतिपूर्ण एवं परम्परागत तरीके से मनाएं। कुर्बानी के अबशेष खुले में न फेंके,बचे हुए अवशेष को गड्ढा खोदकर दफना दें, ताकि किसी धर्म विशेष को कोई परेशानी न हो। कुर्बानी की फोटो भी फेसबुक पर न डाले। त्योहार में व्यवधान डालने बालों को किसी भी कीमत बख्शा नहीं जाएगा चप्पे चप्पे पर पुलिस की निगरानी रहेगी प्रभारी निरीक्षक हरेंद्र सिंह ने कहा कि सभी लोग मिलजुलकर त्यौहार मनाए आपसी भाईचारगी के साथ त्यौहार मनाने का आनंद ही निराला है प्रभारी निरीक्षक ने कहा कि यदि किसी को कोई परेशानी हो तो वह उनको फौरन सूचित करे समाधान किया जाएगा ही इस अवसर पर चेयरमैन पति हाजी जाहिद हुसैन(गुड्डू), रामौतार मौर्य, समीरउद्दीन ,के पी गंगवार, त्रिमल सिंह राठौर, ठाकुर शिव कुमार सिंह कठेरिया, सभासद कमर अली, प्रवेश कुमार देवल, वसीम अकरम, मौलाना अशीरुद्दीन के अलावा तमाम मस्जिदों के इमामो सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे। प्रभारी निरीक्षक हरेंद्र सिंह ने बैठक में शामिल होने वालों का आभार व्यक्त किया।

## एक नजर

### बीए, बीकॉम व बीएससी में प्रवेश शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** गन्ना उत्पादक महाविद्यालय में स्नातक में बीए, बीकॉम, बीएससी में प्रवेश शुरू हो गए हैं। विश्वविद्यालय की बेबसाइट पर स्नातक के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन शुरू हो गए हैं। विश्वविद्यालय की ऑनलाइन साइट पर पंजीकरण करने के बाद छात्र-छात्राओ को गन्ना उत्पादक महा विद्यालय में प्रवेश के लिए कॉलेज में पंजीकरण कराने के लिए कॉलेज की खिड़की से आवेदन फॉर्म लेकर भरने के बाद समस्त डॉक्युमेंट्स के साथ 10 जून तक जमा करना है।

### बच्चों को बांधकर मारने वालों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फतेहगंज पश्चिमी।** तीन दिन पहले धनेटा फाटक पर मिठाई चोरी करते पकड़े गए बच्चो के हाथ बांधकर बंधक बनाने वाले दो दुकानदारों के खिलाफ बुधवार को पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।

मिली जानकारी के अनुसार रविवार आधी रात को धनेटा फाटक पर मौजूद गांव धनेटा निवासी सत्यप्रकाश गुप्ता और कुलदीप ने अपनी दुकान से चोरी करते हुए गांव रहपुरा जागीर निवासी सत्यवीर और थाना मीरगंज के गांव नौसना निवासी रिजवान को पकड़ा था।दोनो दुकानदारों ने बाल अपचारी के हाथ बांधकर रात भर उन्हे प्रताड़ित किया था।सुबह को पुलिस को सौप दिया था।पुलिस ने परिजनों को बुलाकर भविष्य में कभी चोरी नही करने की चेता. वनी देकर परिजनों को सौप दिया था।लेकिन प्रताड़ित करनें के बाबजूद भी पुलिस ने दुकानदारों के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं की थी।जिस पर पुलिस ने तीन दिन के बाद बुधवार को बच्चो को प्रताड़ित करने वाले दुकानदार सत्यप्रकाश और कुलदीप के खिलाफ मुकदमा दर्ज की कार्यवाही की है।

### तेज रफ्तार से आ रही बाइक नहर में गिरी, युवक की दर्दनाक मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** जनपद पीलीभीत के थाना बीसलपुर के गांव चुर्रासकतपुर के आशीष कुमार (20 वर्ष) सुबह अपनी बाइक से नवाबगंज में अपने फूफा से मिलने जा रहे थे, जैसे ही उनकी बाइक धिमरी गांव स्थित गैस एजेंसी के पास पहुंची तभी उनकी बाइक अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरी, खाई मे पानी अधिक होने से उनकी उसमें डूबकर मौत हो गई। मजदूर के खेतों की ओर जाने पर इसकी जानकारी हुई। जिसपर इसकी सूचना पुलिस को दी गई। सूचना पर प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र कुमार सिंह पुलिस फोर्स के साथ घटनास्थल पर पहुंचे, और बाइक के साथ खाईंध में गिरे युवक के शव को लोगों की मदद से बाहर निकाला। सूचना मिलने पर उसके परिजन भी आ गए, मां ज्ञान देवी, पिता जित. ेंद्र मिश्रा, भाई अंशिका और बहन वंशिका का रो-रो कर बुरा हाल था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेज दिया।

### पत्नी से समझौते के लिए जा रहे युवक पर जानलेवा हमला

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**आरोपियों ने जेब में रखे 1.20 लाख रुपये लूटे**

**बरेली।** पत्नी से विवाद के समझौते के लिए थाने जा रहे युवक पर कुछ लोगों ने रास्ते में घात लगाकर हमला कर दिया। हमलावरों ने लोहे की रॉड और डंडों से बुरी तरह पीटकर उसे घायल कर दिया, और उसकी जेब में रखे 1 लाख 20 हजार रुपए भी लूट लिए। गंभीर रूप से घायल युवक को पहले प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां से हालत नाजुक होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। मामला फरीदपुर कस्बे के मोहल्ला मिर्धान का है। यहां के निवासी जाहिद (30) पुत्र मुन्ने शाह की तीन साल पहले गुलशन, निवासी भुता से शादी हुई थी। दोनों के बीच काफी समय से विवाद चल रहा था। परिजनों और पंचायत के प्रयास से विवाद का निपटारा हुआ, और तय हुआ कि जाहिद 6 लाख रुपए गुलशन को देगा। जाहिद समझौते में तय हुए 6 लाख रुपये देने के बाद समझौते के कागजात थाने में जमा कराने के लिए जा रहा था। इसी दौरान रास्ते में परवेज, इरफान, इरशाद, मुबारक, तस्वबर और एक अन्य व्यक्ति ने उसे रोक लिया, और लोहे की रॉड व डंडों से हमला कर दिया। हमले में जाहिद बुरी तरह घायल हो गया। हमलावरों ने उसकी जेब में रखे 1 लाख 20 हजार रुपए भी छीन लिए। आसपास के लोगों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को इलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया, जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। फरीदपुर पुलिस ने तहरीर लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद बहेड़ी ( बरेली )

पत्रांक:- 382 /न०पा०प०ब०/2025-26 दिनांक:- 28.05.2025

**कुटेशन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका बकरीद के पर्व पर कुर्बानी के बाद निकलने वाले अपशिष्ट को नगर से बाहर निस्तारित करने हेतु 06 नग पिकअप गाड़ी चालक सहित 03 दिवस के लिये किराए पर लेना चाहती है जिसके लिए दरें प्राप्त करने के लिए सीलबन्द कुटेशन अधिशासी अधिकारी के नाम दिनांक 03.06.2025 को प्रात: 11:00 बजे तक आमंत्रित किये जाते हैं जिन्हें दिनांक-03.06.2025 को समय 2:00 बजे दोपहर समस्त कुटेशनदाताओं की उपस्थिति में सक्षम अधिकारी द्वारा खोला जायेगा। विवरण निम्नवत् है। इच्छुक व्यक्ति/फर्म किसी भी कार्यदिवस में पालिका स्वास्थ्य विभाग से सम्पर्क कर सकते हैं।

| विवरण | दर |
|---|---|
| 06 नग पिकअप गाड़ी चालक सहित 03 दिवस के लिये किराए पर उपलब्ध कराने हेतु। | ------ |

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद**
**बहेड़ी ( बरेली )**



**समाचार एवं विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें।**
**मो. इरफान मुनीम जिला प्रभारी ( बरेली )**
**मो0- 9456212547 8077380691**
**Email: irfanggnewslive@gmail.com**


# धर्मातरण के झूठे आरोप में खुद फंसी शिक्षिका

**■ तबादले के लिए रची थी कहानी, बीएसए ने दिए जांच के आदेश**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** ब्लॉक बहेड़ी के एक कंपोजिट विद्यालय में तैनात महिला शिक्षिका द्वारा धर्मांतरण और मारपीट के लगाए गए सनसनीखेज आरोप झूठे पाए गए हैं। एसएसपी से की गई शिकायत की जांच में सामने आया कि शिक्षिका का मकसद विद्यालय से तबादला कराना था। जिसके लिए उसने कथित रूप से आरोपों की कहानी गढ़ी।

मंगलवार को उक्त शिक्षिका ने एसएसपी कार्यालय पहुंचकर विद्यालय के प्रधानाध्यापक और एक सहायक अध्यापक पर धर्मांतरण का दबाव बनाने तथा विरोध करने पर 17 मई को विद्यालय परिसर में मारपीट करने का आरोप लगाया था। शिक्षिका ने यह भी कहा कि बहेड़ी कोतवाली में तहरीर देने के बावजूद कोई एफआईआर दर्ज नहीं हुई। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसएसपी अनुराग आर्य ने जांच का जिम्मा एसपी उत्तरी को सौंपा। जांच के दौरान संबंधित पक्षों के बयान दर्ज किए गए। एसपी उत्तरी ने रिपोर्ट सौंपते हुए स्पष्ट किया है कि न तो धर्मांतरण का कोई प्रमाण मिला और न ही मारपीट का। जांच में यह बात सामने आई कि शिक्षिका विद्यालय से तबादला कराना चाहती है, और इसी मंशा से उसने झूठे आरोप लगाए।

**बीएसए ने दिए विभागीय जांच के आदेश**

एसएसपी ने रिपोर्ट बीएसए को प्रेषित कर दी है। बीएसए संजय सिंह ने बताया कि विभागीय जांच के बाद नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। इस घटनाक्रम से शिक्षा विभाग में हड़कंप मचा है, और अब सवाल उठ रहे हैं कि व्यक्तिगत हितों के लिए इस प्रकार के झूठे आरोप लगाकर संस्थागत व्यवस्था को किस हद तक नुकसान पहुंचाया जा सकता है।

# राज्य महिला आयोग की सदस्या पहुंची फरीदपुर, मचा हड़कंप

**■ फरीदपुर में चल रहे अवैध अल्ट्रासाउंड एवं पैथोलॉजी सेंटर के खिलाफ जांच कर कार्रवाई के निर्देश**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य पुष्पा पांडेय ने बुधवार को कई महत्वपूर्ण स्थानों का औचक निरीक्षण किया। फरीदपुर दौरे के अंतर्गत उन्होंने तहसील सभागार में महिला जनसुनवाई कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जन समस्याएं सुनीं। जनसुनवाई के दौरान अधिवक्ताओं ने विभिन्न समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा। इसके बाद पुष्पा पांडेय ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फरीदपुर का औचक निरीक्षण किया, जहां अधीक्षक की गैर मौजूदगी में डॉ. तरुण शर्मा की उपस्थिति में एक मरीज की शिकायत पर तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। नगर में चल रहे अवैध अल्ट्रासाउंड एवं पैथोलॉजी सेंटरों पर जांच के बाद कार्रवाई के निर्देश दिए। चिकित्सालय में मरीज की शिकायत पर तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए।

बुधवार को उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य पुष्पा पांडेय का फरीदपुर में आकस्मिक दौरा हुआ। पुष्पा पांडेय ने फरीदपुर के तहसील सभागार में पहुंचकर महिला जनसुनवाई कार्यक्रम के तहत लोगों की शिकायतें सुनीं। इस दौरान सिविल न्यायालय बार एसोसिएशन की तरफ से अधिवक्ताओं ने महिलाओं को होने वाली समस्याओं से अवगत कराया। अधिवक्ताओं ने मांग करते हुए कहा कि तहसील फरीदपुर एवं सिविल न्यायालय फरीदपुर में अपने कार्यों हेतु आने वाली महिला वादकारियों एवं महिला अधिवक्ताओं हेतु शौचालय बनवाए जाने की मांग करते हुए तहसील परिसर के आसपास आने जाने वाले मार्गों पर महिलाओं की सुरक्षा हेतु उचित प्रकाश व्यवस्था उपलब्ध कराने एवं गर्मी के मौसम में पीने के पानी की व्यवस्था कराने की मांग की गई। इसके बाद उत्तर प्रदेश महिला आयोग की सदस्य पुष्पा पांडेय फरीदपुर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचीं।

जहां अधीक्षक डॉक्टर अनुराग गौतम की गैर मौजूदगी में डॉक्टर तरुण शर्मा के साथ अस्पताल के ओपीडी, जनरल वार्ड और अल्ट्रासाउंड वार्ड का निरीक्षण कर मरीजों से खान-पान की सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने आशा कार्यकर्ताओं को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर अल्ट्रासाउंड की सुविधा के बारे में मरीजों को जागरूक करने के निर्देश दिए। जनरल वार्ड में निरीक्षण के दौरान अपनी पत्नी के टाइफाइड का इलाज कराने आए ओम प्रकाश ने पुष्पा पांडे से शिकायत करते हुए अस्पताल स्टाफ पर इंजेक्शन लगाने के नाम पर 100 रुपये वसूलने की शिकायत की। प्रेस वार्ता में नगर में रजिस्टर्ड अल्ट्रासाउंड के बारे में पूछने पर दो अल्ट्रासाउंड पंजीकृत होना बताया गया, जबकि नगर में चल रहे अवैध अल्ट्रासाउंड एवं अवैध झोलाछाप अस्पतालों के धड़ल्ले से चलने की बात पर श्रीमती पांडेय ने जांच कर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। पुष्पा पांडेय ने सीएचसी कर्मचारियों पर टारगेट बढ़ाए जाने के निर्देश देते हुए सभी स्वास्थ्य सेवाएं सरकारी केंद्रों पर ही दिलाए जाने के सख्त निर्देश दिए, इसी के अंतर्गत उन्होंने न्याय पंचायत वार अल्ट्रासाउंड केंद्र संचालित करने की बात कही।

निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी फरीदपुर मल्लिका नैन, तहसीलदार सुरभि राय, इंस्पेक्टर फरीदपुर राधे श्याम, डा. धर्मेंद्र, डा. अतुल कटियार, डा. तरुण शर्मा, डा. मोनिका गुप्ता, डा. पूनम अग्रवाल, डा. रामनारायण सहित तहसील स्तरीय प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

# एसडीओ आनंद बाबू का हुआ प्रमोशन, बने एक्सीएन

**■ कर्मचारियों और क्षेत्रीय लोगों ने दी बधाई**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देवरनियां।** देवरनियां उपखंड कार्यालय पर तैनात एसडीओ का अधिशासी अभियंता (एक्सीएन) के पद पर प्रमोशन हो गया है। वह लगभग पांच वर्ष से यहां तैनात थे।

विद्युत उपखण्ड देवरनियां कार्यालय पर एसडीओ के पद पर 2021 में आनंद बाबू तैनाती हुई थी। इससे पहले वह जनपद पीलीभीत की तहसील बीसलपुर में 2015 से 2021 तक तैनात रहे थे। वर्ष 2021 में स्थानांतरित होकर देवरनियां आए थे। अब उनका अधिशासी अभियंता (एक्सीएन) के पद पर प्रमोशन हो गया है। फिलहाल उन्हें मेरठ स्थित पश्चिमांचल विधुत वितरण निगम मुख्यालय मेंध भेजा गया है। जहां से किसी अन्य जिले में तैनाती की जाएगी। प्रमोशन आदेश मिलने पर आनंद बाबू ने देवरनियां एसडीओ का चार्ज छोड़ दिया है। उनके प्रमोशन पर महकमे से जुड़े कर्मचारियों और इलाके के लोगों ने बधाई दी है। देवर. नियां में अभी किसी नये एसडीओ की तैनाती नहीं हुई है।

# अनियंत्रित ट्रक ने बिजली के खंभों को मारी टक्टर

**■ चार पोल और ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त**
**■ अवर अभियंता ने दर्ज कराई रिपोर्ट**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** तेज रफ्तार से जा रहे ट्रक ने बिजली के खंभों में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे 250 केवी का ट्रांसफार्मर और चार बिजली के पोल क्षतिग्रस्त हो गए। ट्रांसफार्मर और पोलों के क्षतिग्रस्त होने से क्षेत्र के गांव बरखन की पूरी बिजली आपूर्ति ठप हो गई। अवर अभियंता ग्रामीण मोि. हत कुमार वर्मा ने इस मामले में ट्रक चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

मिली जानकारी के अनुसार क्षेत्र के गांव गुलड़िया धीमर में 250 केवी का ट्रांसफार्मर लगा हुआ है, जिससे ग्राम के साथ ही बरखन गांव को विद्युत आपूर्ति की जाती है। गुजरी 26 मई को ग्राम में पहुंचे एक ट्रक संख्या यूपी 25 डीटी 5333 को चालक बड़ी लापरवाही से चला रहा था, जिससे वहां लगे चार खंबे टूट गए, साथ ही ट्रांसफार्मर, 400 मीटर केबल, 120 एमएम केबल क्षतिग्रस्त हो गई। इससे बिजली विभाग को दो लाख 75 हजार का नुकसान हो गया। घटना करने के बाद ट्रक चालक ने ट्रक को भगाने की कोशिश की, लेकिन ट्रक का फ्यूल पाइप फट गया, जिससे ट्रक आगे नहीं जा सका था, ट्रक छोड़कर चालक फरार हो गया। इस मामले में अवर अभियंता ग्रामीण मोहित कुमार वर्मा ने संबंधित ट्रक चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

# दिव्यांगजनों के पुनर्वासन हेतु गठित समिति की बैठक आयोजित

**■ दिव्यांगों द्वारा उठाई गई समस्याओं के निस्तारण के दिए डीएम ने दिए निर्देश**




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** बुधवार को डीएम अविनाश सिंह की अध्यक्षता में दिव्यांगजनों के पुनर्वासन एवं उत्थान हेतु गठित समिति की बैठक कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में सम्पन्न हुई।

बैठक में अवगत कराया गया कि दिव्यांग बंधुओं को सार्वजनिक जीवन में किसी समस्या का सामना न करना पड़े, जिसके उद्देश्य से इस समिति की बैठक आयोजित की जाती है।

बैठक में अवगत कराया गया कि संकेत विद्यालय जो कक्षा 08वीं तक संचालित हैं, उन्हें 12वीं तक करने की मांग दिव्यांग बंधुओं द्वारा की जा रही है, जिसके लिए कई बार मुख्यालय से पत्राचार किया गया है, जिसपर डीएम ने कहा कि प्रस्ताव बनाकर भेजें और मेरे द्वारा बात भी की जाएगी।

बैठक में अवगत कराया गया कि ई-बसों में दिव्यांग बन्धुओं को निशुल्क यात्रा की सुविधा की मांग की जा रही है, जबकि रोडवेज बसों में यह सुविधा प्राप्त है। इस हेतु सिटी ट्रांसपोर्ट अनुभाग से बात की गयी है कि लखनऊ और कानपुर की तरह 118 रुपए के वार्षिक शुल्क पर यह सुविधा प्रदान की जाए। सम्बंधित विभाग द्वारा अवगत कराया गया कि यह निदेशालय स्तर का मामला है, वहां से अनुमति उपरांत की ऐसा किया जा सकता है।

बैठक में कौशल विकास मिशन योजना के अन्तर्गत दिव्यांग बन्धुओं को व्यवसायिक प्रशिक्षण प्रदान किए जाने की मांग की गयी, जिससे वह आर्थिक दृष्टि से अपने पैरों पर खड़े हो सकें। जब तक रोजगार न मिले, तब तक बेरोजगारी भत्ते की भी बात की गयी, जिसपर अवगत कराया गया कि यह पॉलसी मैटर है।

बैठक में अवगत कराया गया कि भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के अधीन राष्ट्रीय न्यास के अन्तर्गत लोकल लेवल कमेटी गठित है, जिसका मुख्य कार्य प्रमस्तिष्क घात, मानसिक मंदता, आटिज्म एवं बहुदिव्यांगता से ग्रसित दिव्यांगजन के वैधानिक संरक्षक नियुक्त करना है।

उक्त के अन्तर्गत वर्तमान में वैधानिक संरक्षक नियुक्त किये जाने हेतु प्राप्त आवेदन पत्रों पर भी चर्चा की गयी। बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 विश्राम सिंह, जिला विकास अधिकारी दिनेश कुमार यादव, जिला पूर्ति अधिकारी नीरज सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक अजीत सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय सिंह, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी चमन सिंह सहित सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# घायल ग्रामीण की इलाज के दौरान मौत

**■ परिजनों ने मारपीट की दर्ज कराई थी रिपोर्ट**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** गुड़वारा के एक घायल ग्रामीण की इलाज के दौरान मौत हो गई। दो हफ्ते पहले मृतक के भाई ने गांव के ही कुछ लोगों के खिलाफ मारपीट और जाति सूचक शब्द कहने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

गुड़वारा गांव के सेवाराम पुत्र नत्थू लाल का कहना था कि गांव के ही अशोक कुमार के कहने पर उसके भाई महावीर को शेम्पो व नन्हे लाल घर से बुलाकर टुकटुक पर बिठाकर गांव से एक किलोमीटर दूर श्मशान की तरफ ले गए, उसकी पिटाई करने के बाद उसे मरा हुआ समझकर छोड़ गए, जिसे एम्बुलेंस वाले ने देखा तो आधार पर मिले पते के अनुसार उसके घर वालों को इसकी सूचना दी तो घर वाले घायल को बरेली के प्राइवेट अस्पताल में ले गए। उसके बाद उसने उक्त लोगों के खिलाफ रिपार्ट दर्ज करा दी। मंगलवार को महावीर की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में महावीर की मौत का कारण हार्ट अटैक आया है। पुलिस घटना की जांच कर रही है।

# शिप्रा यादव के पति हाफिज इकराम ने डीआईजी से की मुलाकात



**बरेली आने की दी मुबारकबाद**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देवरनियां।** नगर पंचायत देवरनियां के पूर्व चेयरमैन शिप्रा यादव के पति तथा आला हजरत डिग्री कालेज के संस्थापक हाफिज इकराम रजा खाँ तथा समीम अहमद, डाक्टर मेंहदी हसन ने जमाते रजा मुस्तफा दरगाह आला हजरत की तरफ से डीआईजी बरेली अजय कुमार साहनी से मुलाकात कर बरेली का चार्ज लेने पर मुबारकबाद दी।

# फर्जी पुलिस अधिकारी दबोचा, नौकरी का झांसा देकर कर रहा था ठगी

**■ आरोपी पर पहले से दर्ज मामले की जांच के दौरान फर्जीवाड़े का हुआ पर्दाफाश**



आरोपी के पास से बरामद आईडी और दस्तावेज पूरी तरह फर्जी पाए गए।

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** फरीदपुर थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए खुद को उत्तर प्रदेश पुलिस का अधिकारी बताकर ठगी करने वाले आरोपी जितेन्द्र सिंह खेड़ा को गिरफ्तार किया है। आरोपी पर पहले से दर्ज मामले की जांच के दौरान उसके फर्जीवाड़े का पर्दाफाश हुआ।

थाना फरीदपुर पुलिस को सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति खुद को पुलिस अधिकारी बताकर आम लोगों को नौकरी दिलवाने का झांसा दे रहा है। पुलिस टीम ने सक्रियता दिखाते हुए आरोपी को सीबीगंज थाना क्षेत्र में एक फर्जी पुलिस आईडी, एक फर्जी नाम प्लेट लगी गाड़ी (एक्सयूवी-500), और पुलिस से संबंधित अन्य नकली दस्तावेजों के साथ गिरफ्तार कर लिया।

दरअसल, पिछले वर्ष जुलाई में एक शिकायतकर्ता ने थाना फरीदपुर में तहरीर दी थी कि आरोपी जितेन्द्र सिंह खुद को एसटीएफ का अधिकारी बताकर नौकरी दिलवाने के नाम पर रुपये ऐंठ रहा है। वह खुद को हरिद्वार निवासी बताता था और कई लोगों से सीधी भर्ती कराने के नाम पर धन की मांग करता था। इसके बदले में वह उन्हें नियुक्ति पत्र भी देता था, जो बाद में फर्जी निकले। पुलिस जांच में यह भी सामने आया कि आरोपी ने करीब पंद्रह से बीस लोगों को निशाना बनाया है और खुद को उत्तर प्रदेश पुलिस का वरिष्ठ अधिकारी बताकर विश्वास में लिया। उसके खिलाफ पूर्व में भी इस तरह के आरोप सामने आ चुके हैं।

गिरफ्तारी के दौरान पुलिस ने आरोपी के पास से एक फर्जी पुलिस पहचान पत्र, एक गाड़ी जिसमें पुलिस अधिकारी के नाम की प्लेट लगी थी, और अन्य नकली दस्तावेज बरामद किए। इसके साथ ही पता चला कि आरोपी का एक साथी गुलजारा सिद्धू नामक व्यक्ति पंजाब से है, जिसकी भूमिका की भी जांच की जा रही है।

इस गिरफ्तारी में फरीदपुर थाने के प्रभारी निरीक्षक राकेश श्याम, उपनिरीक्षक लोकेश तोमर, उपनिरीक्षक उज्ज्वल सिंह और कांस्टेबल उदयवीर सिंह की टीम ने मिलकर कार्रवाई की। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया, और आगे की विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।फरीदपुर पुलिस अब आरोपी से पूछताछ कर रही है और यह पता लगाने में जुटी है कि उसके झांसे में कितने और लोग आए हैं।

# भाकियू भानू के व्यापार मोर्चा के जिलाध्यक्ष बने राहुल जायसवाल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पूरनपुर।** भाकियू भानू के राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर भानू प्रताप सिंह ने राहुल जायसवाल को जिलाध्यक्ष नियुक्त किया नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष राहुल ने कहा कि जिस प्रकार संगठन किसानों की समस्याओं को सदैव उठाते हुए समस्याओं का निराकरण कराते आ रहा है इस विचार धारा के साथ में व्यापारीयो की समस्याओं का भी निराकरण करता रहूंगा और किसान संगठन और व्यापार मोर्चा को और मजूबत करने का कार्य करूंगा वही प्रदेश संगठन मंत्री रमेश चन्द्र गुप्ता उर्फ़ दद्दा ने बताया कि भारतीय किसान यूनियन का उद्देश्य किसानों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाना और उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। हमारे लक्ष्य न केवल किसानों की आर्थिक स्थिति को सुधारने पर केंद्रित हैं बल्कि उनके सामाजिक और राजनीतिक अधिकारों की रक्षा करना भी हमारी प्राथमिकता है भारतीय किसान यूनियन (भानु) की मुख्य मांगे किसानों के ऋण माफ करना, गन्ने और गेहू की सरकारी खरीद मूल्य बढ़ाना, कृषि से संबंधित उत्पादों के अंतर्राज्यीय आवाजाही पर लगी पाबंदियों को हटाना, और पर्याप्त दर पर बिजली की आपूर्ति सुनिश्चित करना थी वही राहुल ने कहा मैं किसी भी प्रकार का व्यापारियों का शौषण नही होने दूंगा अगर किसी भी आधिकारी ने या किसी ने भी व्यापारी का उत्पीड़न किया या परेशान किया तो वो मे होने नही दूंगा ऐसे भ्रष्ट अधिकारी अपना तबादला ग़ैर जनपद मे करा ले वही मण्डल अध्यक्ष यशपाल सिंह उर्फ चिंटू ठाकुर ने कहा कि मै व्यापार संगठन को मजबूत और विस्तार करने और सक्रिय करने का कार्य करूंगा वही तहसील अध्यक्ष सुनील गुप्ता ने की व्यापारियों की हर एक समस्या उनकी अपनी समस्या होगी वह किसी भी प्रकार का चाहे छोटे व्यापारी हो या बड़े व्यापारी किसी का भी शोषण नही होने देगे।

# नवजात की मौत पर कार्रवाई जीवन धारा हॉस्पिटल की ओटी सील

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पूरनपुर।** जीवन धारा हॉस्पिटल में एक नवजात की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के मामले ने तूल पकड़ लिया है। परिजनों की शिकायत और लाप. रवाही के आरोपों के बाद सीएमओ के निर्देश पर एमओआईसी ने अस्पताल की ऑपरेशन थियेटर (ओटी) को सील कर दिया है और दो दिन के भीतर दस्तावेज प्रस्तुत करने का नोटिस दिया गया है। घटना सोमवार की है जब कोतवाली क्षेत्र के गांव उदयपुर खुर्द की ममता देवी पत्नी सत्यपाल को प्रसव पीड़ा के चलते परिजन पूरनपुर स्थित जीवन धारा हॉस्पिटल लेकर पहुंचे थे। परिजनों का आरोप है कि अस्पताल प्रशासन ने पहले नॉर्मल डिलीवरी का आश्वासन दिया, लेकिन स्थिति बिगड़ने पर ऑपरेशन कर दिया गया, जिसके बाद नवजात की मौत हो गई। आरोप है कि इसके बावजूद महिला और नवजात को ऑक्सीजन पर पीलीभीत रेफर कर दिया गया। जब परिजनों को नवजात की मौत की जानकारी मिली, तो उनमें आक्रोश फैल गया। ममता देवी का इलाज फिलहाल पीलीभीत के एक निजी अस्पताल में जारी है। सूचना मिलने पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉ. आलोक कुमार ने मामले की जांच के आदेश दिए। इसके बाद एमओआईसी ने मौके पर पहुंचकर अस्पताल की ओटी सील कर दी और दस्तावेजों की जांच के लिए दो दिन का समय दिया है। अस्पताल संचालक नवीन कुमार गुप्ता ने सफाई देते हुए बताया कि परिजन नॉर्मल डिलीवरी पर अड़े थे, लेकिन महिला की हालत बिगड़ने पर ऑपरेशन करना पड़ा। उन्होंने कहा कि नवजात के पेट में गंदा पानी पहुंच जाने से दोनों को पीलीभीत रेफर किया गया था, लेकिन परिजनों की असहमति के कारण नवजात को समय से इलाज नहीं मिल पाया। फिलहाल प्रशासन पूरे मामले की जांच कर रहा है और दोषियों पर कार्रवाई की बात कही जा रही है।

## बकाया वसूली करने गए सहायक विकास अधिकारी की पिटाई आरोपियों पर एफआईआर दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पूरनपुर।** बी पैक्स समिति के ऋऋण बकाया वसूली करने गए सहायक विकास अधिकारी सहित टीम के साथ दुर्व्यवहार किया गया। बड़े बकायादार से तकादा कर सभी वसूली गाड़ी से आगे बढ़े। तभी दो युवकों ने गाड़ी का शीशा खुलवाकर दुर्व्यवहार किया। विरोध करने पर मारपीट कर कपड़े फाड़ दिए। इसके बाद गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। पूरनपुर में तैनात सहायक विकास अधिकारी सहकारिता संदीप कुमार 24 मई को सचिव खुर्शीद अहमद, अमीन राजेश शुक्ला और सुमित स्टाफ अजय कुमार व अरुन कुमार के साथ दबी पैक्स जोगराजपुर समिति के त्रष्टा बकायदार कृषकों पर वसूली के लिए भ्रमण कर रहे थे। टीम वसूली बाहन से 2–30 बजे खंजनपुर गांव पहुंची। तभी लगभग 9 वर्ष पुराने 2 लाख बकायदार महेंद्र प्रसाद पुत्र आसाराम से बकाया धनराशि जमा करने को समझाया। इस पर महेंद्र ने दो या तीन दिन के अंदर जमीन के कागजात सहित समिति पहुंचकर खाता ठीक कराने की बात कहीं थी। इसके बाद टीम जैसे ही आगे बढ़ी। तभी दो लड़के आ गए। आरोपियों ने गाड़ी पर हाथ पीटते हुए शीशा खुलवाया। इसके बाद आरोपियों ने सहायक विकास अधिकारी की शर्ट फाड़ कर हाथापाई करनी शुरू कर दी। इसके अलावा आमीन के साथ भी दुर्व्यवहार किया गया। दोनों लड़के गाली गलौज कर सभी को देख लेने की धमकी दी। घटना से सरकारी काम में बाधा उत्पन्न हुई। जानकारी लगने के बाद काफी ग्रामीण पहुंच गए। तभी दोनों आरोपी फरार हो गए। मामले में पुलिस ने सहायक विकास अधिकारी की ओर से सेहरामऊ उत्तरी थाने में मुकदमा दर्ज किया है।

# मथुरा में मदर न्यूबॉर्न केयर यूनिट का हुआ उद्घाटन



**मथुरा।** मातृ एवं नवजात शिशु स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत बुधवार को मथुरा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र– बल्देव, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र– सोनई, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र– राया में अत्याधुनिक मदर न्यूबॉर्न केयर यूनिट (एमएनसीयू) का शुभारंभ हुआ।

उद्घाटन मंडलायुक्त शैलेन्द्र कुमार सिंह और जिलाधिकारी मथुरा चन्द्र प्रकाश सिंह द्वारा किया गया। इस अवसर पर मंडलायुक्त शैलेन्द्र कुमार सिंह ने कहा, "इस प्रकार की यूनिट्स मातृ एवं नवजात मृत्यु दर को कम करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। यह हमारे स्वास्थ्य तंत्र को अधिक सक्षम और संवेदनशील बनाती हैं।" जिलाधिकारी चन्द्र प्रकाश सिंह ने कहा कि यह यूनिट न केवल जिला प्रशासन की प्रतिबद्धता का परिचायक है, बल्कि यह भी दर्शाता है कि सहयोगात्मक प्रयासों से हम सामुदायिक स्वास्थ्य सेवाओं को एक नई दिशा दे सकते हैं। उन्होंने कम्युनिटी एम्पावरमेंट लैब और स्वास्थ्य विभाग की साझा पहल की सराहना की। यह एमएनसीयू उत्तर प्रदेश में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य ढांचे को मजबूत करने की एक राज्यव्यापी पहल का हिस्सा है। इसका उद्देश्य माताओं और नवजातों को सुरक्षित, सुलभ और सम्मानजनक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अजय कुमार वर्मा ने बताया कि यह यूनिट उन माताओं और नवजात शिशुओं को गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध देखभाल प्रदान करने हेतु स्थापित की गई है, जिन्हें प्रसव के बाद विशेष चिकित्सीय देखभाल की आवश्यकता होती है। इसमें प्रशिक्षित स्वास्थ्यकर्मी, जीवन रक्षक उपकरण, और विशेष सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं, ताकि जच्चा–बच्चा की जान बचाई जा सके और उनकी देखभाल में कोई कमी न रहे। इस यूनिट की स्थापना में कम्युनिटी एम्पावरमेंट लैब (सीईएल) द्वारा तकनीकी सहयोग प्रदान किया गया है। संस्था ने स्वास्थ्यकर्मियों के प्रशिक्षण, प्रोटोकॉल विकास, यूनिट डिजाइन और संचालन प्रक्रिया को सुदृढ़ करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व पंकज कुमार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 अजय कुमार वर्मा, उप जिलाधिकारी महावन कंचन, चिकित्सा अधीक्षक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बल्देव डॉ0 बिजेंद्र सिंह सिसोदिया, प्रभारी चिकित्सा अधीक्षक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र राया डॉ0 शशि शेखर, चिकित्सा अधीक्षक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सोनई डॉ0 विपिन कुमार, डिप्टी कलेक्टर वैभव गुप्ता, जिला सूचना अधिकारी प्रशांत कुमार सुचारी, तहसीलदार सदर सौरभ यादव सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी मौजूद रहे। मंडलायुक्त श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अजय कुमार वर्मा से सभी केंद्रों पर भर्ती बच्चों की संख्या की जानकारी ली, जिस पर अवगत कराया गया है सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बल्देव में 4 बच्चे, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में 1 बच्चा तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सोनई में 1 बच्चा भर्ती है।

## नशा करने से रोकने पर बेटे ने पिता की लोहे की राड से की हत्या

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बीसलपुर।** नशा करने से रोकने पर हुई मामूली कहासुनी के बाद एक पुत्र ने अपने पिता की जान ले ली। गाली गलौज के बाद मामला इतना बढ़ गया कि बेटे ने सरिया से पिता के सिर में वार किए और पिता की जान चली गई। कोतवाली पुलिस मामले की जांच कर रही है। घटना बीसलपुर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पुरैनिया रामगुलाम की है। गांव के ही रहने वाले भूपराम ने बताया कि उनके छोटे भाई 40 वर्षीय हरीश कुमार की अपने बेटे से किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी। इसी के चलते हरीश पर उसके पुत्र विशाल ने लोहे की सरिया से सिर वार कर दिए। जिसमें वह लहूलुहान हो गए। परिवार वाले आनन–फानन में घायल हरीश को सीएचसी ले गए। वहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलने पर कोतवाल संजीव कुमार शुक्ला पुलिस बल के साथ पहुंचे और जानकारी की। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उसकी मौत से घर में कोहराम मचा है। परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

## प्रशासन का चला बुल्डोजर हुआ कब्जा मुक्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पीलीभीत।** शहर से सटे ग्राम रूपपुर कमालू में हाइवे किनारे मुक्ति धाम के पास जिला पंचायत से नाले का काम चल रहा है। जिसको गांव के ही कुछ लोगों अवैध कब्जा कर रखा था सरकारी जमीन पर।कब्जाधारकों द्वारा नाले निर्मित ठेकेदार के काम में अवरोध कर काम रुकवा दिया था। ग्राम वासियों का पानी निकास में दिक्कत आ रही थी और बारिश का मौसम आने पर और दिक्कत आती जिसको लेकर प्रशासन ने जनहित में नाले की जगह चिन्हित कर दी और अवैध कब्जे को भी ध्वस्त कर दिया गया। कार्यवाही टीम में नायब तहसीलदार, कानूनगो तेज बहादुर गंगवार, लेखपाल चंद्रभान सिंह, पुनीत यादव, लोकेश गंग. वार, ग्राम प्रधान कमलेश कुमार, पूर्व प्रधान अमित गंगवार, लक्की व अन्य ग्रामवासी मौजूद रहे। प्रशासन ने ठेकेदार को कल से ही नाले निर्माण करने के निर्देश दिए

## गुडनेस पब्लिक स्कूल में एजुकेशनल सेमिनार का आयोजन




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** ग्राम इकला रसूलपुर में स्थित गुडनेस पब्लिक स्कूल में एजुकेशनल सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसमें बोर्ड परीक्षा में 75 प्रतिशत से अधिक अंक पाने वाले छात्र–छात्राओं को शाहीन ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन शाहीन अकैडमी मेरठ की टीम ने मेडल पहनाकर सम्मानित करते हुए मेडिकल की पढ़ाई नीट परीक्षा के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए स्कूल के प्रबंधक फखरे आलम ने कहा कि बेटियों का साहस ही उन्हें आगे बढ़ने का मौका देता है हमें अपने आप को सकारात्मक रूप से मजबूत करना होगा और ऐसे लोगों के संपर्क में रहना होगा, जो हमारा मार्गदर्शन करें।

कार्यक्रम संयोजक चीफ पी आर शाहीन अकैडमी डाक्टर ताबिश फरीद ने संचालन करते हुए कहा जो छात्र–छात्राएं स्कॉलरशिप टेस्ट में अच्छा प्रदर्शन करेंगे उन्हें शाहीन अकैडमी मेरठ 100प्रतिशत तक स्कॉलरशिप प्रदान करेगी। कार्यक्रम में रिटायर्ड मेजर अतिक ने कहा कि हमें दृढ़ संकल्प लेकर अपने लक्ष्य की ओर बढ़ना चाहिए। कार्यक्रम में शाहिन अकैडमी मेरठ से आए भौतिकी विज्ञान विद्वान शायान उमर, डायरेक्टर अहसान उल हक आदि ने बच्चों को इंटर के बाद नीट की तैयारी करने के लिए मार्गदर्शन दिया। विद्यालय के प्रधानाचार्य उमर फारूख ने कार्यक्रम की सफलता पर सभी का धन्यवाद दिया। इस अवसर पर उप प्रधानाचार्य वसीम, सानुल कुर्बान, नदीम कारी, आदिल आदि उपस्थित रहे।

# संस्कृति विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों का प्रसिद्ध कंपनियों में हुआ चयन



**मथुरा।** संस्कृति विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने हाल ही में अपनी प्रतिभा के दम पर देश और दुनियां की प्रसिद्ध कंपनियों में नौकरियां हासिल की हैं। विवि प्रशासन ने इन सभी विद्यार्थियों के चयन पर हर्ष व्यक्त करते हुए विद्यार्थियों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं हैं। बी टेक मैकेनिकल इंजीनियरिंग के छात्र हरिओम शर्मा ने कठिन चयन प्रक्रिया में लगातार सफलता हासिल करते हुए ट्रांसपोर्ट कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया में उच्च वेतनमान पर नौकरी हासिल की है। इसी प्रकार एमबीए की छात्रा दीपांजलि द्विवेदी का हाइक एजुकेशन एड टेक में उच्च वेतनमान पर चयन हुआ है। बीसीए ऐआई के छात्र नमन चतुर्वेदी को एसैनचर ने उच्च वेतनमान पर अपनी कंपनी के लिए चयनित किया है। एमबीए की छात्रा रिया गुप्ता को पेटीएम ने अपनी कंपनी ने उच्च वेतनमान पर नौकरी दी है। संस्कृति विश्व. विद्यालय की बीबीए की छात्रा रहीं आकांक्षा चतुर्वेदी ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन करते हुए इण्डियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड के मध्यप्रदेश राज्य कार्यालय में जूनियर बिजनेस असिस्टेंट पद हासिल किया है। विद्यार्थियों की इस शानदार सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए विश्विद्यालय की सीईओ श्रीमती मीनाक्षी शर्मा ने कहा है कि विवि के विद्यार्थियों की सफलता का श्रेय विद्यार्थियों के माता पिता और विश्विद्यालय के शिक्षकों की उस टीम को



# बृजवासी रॉयल के सभागार में भव्य होगा पत्रकारिता दिवस समारोह

**मथुरा।** बृज प्रेस क्लब एवं नेशनल यूनियन जर्नलिस्ट्स ऑफ इंडिया (एनयूजेआई), एनयूजे उत्तर प्रदेश द्वारा 30 मई को हिंदी पत्रकारिता दिवस पर मथुरा शहर के स्टेट बैंक चौराहा स्थित बृजवासी रॉयल होटल के सभागार में एक विशाल संगोष्ठी का आयोजन किया गया है जिसमें भाग लेने के लिए जगतगुरु शंकराचार्य राज राज. श्वरानंद जी महाराज ,भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री राज्यसभा सांसद श्री अरुण सिंह जी, भाजपा किसान मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लोकसभा सांसद राज. कुमार चाहर, प्रदेश के स्वतंत्र प्रभार मंत्री दिनेश प्रताप सिंह एवं अन्य सांसद, विधायक महापौर चेयरमैन एवं देश के प्रमुख धर्माचार्य मनीषी एवं वरिष्ठ पत्रकार ,प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी इस भव्य समारोह में भाग लेंगे एनयूजेआई के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बृज प्रेस क्लब के अध्यक्ष डॉ कमलकांत उपमन्यु एडवोकेट एवं महामंत्री पवन नवरत्न ने पत्रकारों को जानक. ारी देते हुए बताया एनयूजेआई एवं ब्रज प्रेस क्लब द्वारा आयोजित इस भव्य समारोह की तैयारियां पूर्ण कर ली गई है ब्रज प्रेस क्लब के अध्यक्ष श्री उपमन्यु ने ब्रज क्षेत्र के सभी इलेक्ट्रॉनिक प्रिंट मीडिया एवं सोशल मीडिया यूट्यूब से जुड़े सभी समाज चिंतकों पत्रकारों से समय से कार्यक्रम में भाग लेकर अपना स्थान सुरक्षित करने का

# एआईएमआईएम ने ईद-उल-अजहा को लेकर अधिकारियों को सौंपे ज्ञापन

- प्रदेश सचिव शादाब चौहान ने एसएसपी से की मुलाकात
- जिलाध्यक्ष फहीम चौधरी ने डीएम को दिया ज्ञापन





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** मुस्लिम समाज के सबसे बड़े त्यौहार ईद उल अजहा यानी बकरा ईद को लेकर एआइएमआइएम के प्रदेश सचिव शादाब चौहान व जिला अध्यक्ष फहीम चौधरी ने मेरठ जनपद के अधिकारियों से मुलाकात की और उनसे ईद उल अजहा के मौके पर मुस्लिम समाज की भावनाओं को समझने और कुर्बानी के जानवर को लाने ले जाने के दौरान सुरक्षा मुहैया कराने व वैध जानवर को अवैध बताकर हंगामा करने वाले लोगों के खिलाफ कार्रवाई करने के साथ–साथ पशु पैंठ की व्यवस्था करने की मांग की है।

इस दौरान शादाब चौहान ने मेरठ के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विपिन टांडा से मुलाकात कर ईद उल अजहा के अवसर पर कुर्बानी के दिन सुरक्षा सुनिश्चित करने के साथ–साथ अनुरोध किया कि कुर्बानी के पशु बाजार पेट में किसी भी प्रकार की समस्या उत्पन्न न हो।

साथ ही साथ कुरैशी समाज को बेवजह प्रताड़ित ना किया जाए क्योंकि कुछ लोग जानबूझकर त्यौहार पर हंगामा करते हैं और वैध पशु को अवैध बताकर माहौल बिगड़ने का प्रयास करते हैं। साथ ही साथ त्यौहार के दौरान अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ–सख्त कार्रवाई करने की मांग भी शादाब चौहान ने एसएसपी से की। इस दौरान जिला अध्यक्ष फहीम चौधरी उनके साथ रहे। वहीं दूसरी ओर जिला अध्यक्ष फहीम चौधरी ने राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन डीएम को दिया, जिसमें उन्होंने ईद उल अजहा के मौके पर साफ सफाई सुरक्षा व अराजक तत्वों से इस त्यौहार को बचाने की मांग की। वहीं अलीगढ़ मे मुस्लिम समाज के साथ हुए मोब लिंचिंग का विरोध जताया और आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। फहीम चौधरी ने दिए ज्ञापन में लाइसेंस धारी मीट व्यापारियों को बेवजह परेशान न करने की अपील की। उन्होंने कहा की यह त्यौहार कुर्बानी से जुड़ा हुआ है और कुछ लोग वैध पशुओं को अवैध बताकर हंगामा खड़ा करने की नियत और प्रदेश का माहौल बिगड़ने की नीयत से काम करते हैं एआइएमआइएम के जिला अध्यक्ष ने मुस्लिम समाज के लिए कई बड़ी मांगे रखी और कहा कि एआइएमआइएम मुस्लिम समाज के साथ–साथ सभी के अधिकारों के लिए लड़ाई लड़ने के लिए तैयार हैं। अगर बेवजह धर्म देखकर किसी को परेशान किया गया तो एआइएमआइएम मजबूती के साथ सड़क पर आएगी।

## पांच लाख के ऋण के लिए 56 युवाओं ने किया आवेदन

dklhdykA मुख्यमंत्री युवा उद्यमी अभियान योजना के तहत बुधवार को नगर पालिका कार्यालय में शिविर लगाया गया। जिसमें 56 युवाओं ने आवेदन किया है।

योजना के तहत प्रदेश के युवाओं को अपना उद्यम शुरू करने के लिए पांच लाख रुपये तक का ऋण दिया जा रहा है।शिविर का आरम्भ नगर पालि. का चेयरमैन धर्मवीर अग्रवाल, ईओ निहाल सिंह ने किया।स्वरोजगार को बढ़ाने में योजना की विशेष भूमिका के बारे में बताते हुए चेयरमैन ने कहा कि यह योजना विशेष रूप से उन युवाओं के लिए लाभकारी सिद्ध हो सकती है, जो रोजगार की तलाश में हैं, लेकिन पूंजी की कमी के कारण अपने व्यवसाय की शुरुआत नहीं कर पा रहे हैं। इस योजना से न केवल बेरा. `जगारी दर में कमी आएगी, बल्कि ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में स्वरोजगार के नए अवसर भी पैदा होंगे। लवली वर्मा, विनय उपाध्याय, सूरजपाल, सुरेन्द्र पटवारी आदि थे।

## रियलमी जीटी 7 सीरीज भारत में लॉन्च

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** रियलमी ने भारत में अपनी रियलमी जीटी 7 सीरीज पेश की। यह लॉन्च पेरिस में इसके ग्लोबल लॉन्च के साथ किया गया है। इस सीरीज का मुख्य आकर्षण रियलमी जीटी 7 ड्रीम एडिशन है , जो एस्टन मार्टिन फॉर्मुला वन टीम के साथ मिलकर बनाया गया है। यह एएमएफ1 के साथ को–ब्रांडिंग वाला पहला आधिकारिक स्मार्टफोन है। इस लॉन्च के बारे में रियलमी के प्रवक्ता ने कहा रियलमी जीटी 7 सीरीज के साथ हम 2025 में फ्लैगशिप किलर की परिभाषा को फिर से परिभाषित कर रहे हैं।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं मौहल्ला सुफी टोला शाहजहांपुर रोड़ बरेली, उप्र।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎0581-2562222 (बरेली)

**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No UPHIN/2003/11165
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# ट्रक और बुलैरो की भिड़ंत में चार घायल, एक की मौत


मृतक का फाइल फोटो



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद/रामपुर।** घर पर आए साधुओं को उनके घर छोड़ने जाते समय बोलैरो और ट्रक की जोरदार भिड़ंत हो गई। भिड़ंत में बोलैरो सवार चार घायल ,घायलों को एंबुलेंस की सहायता से सीएचसी पहुंचाया जहां से डॉक्टरों ने सभी को रेफर कर दिया। जिला अस्पताल ले जाते समय एक कि रास्ते मे मौत हो गई। जानक. री के अनुसार थाना मिलक क्षेत्र के रहने वाले बब्लू के घर बिलारी क्षेत्र के कुछ साधु संत आए हुए थे। मंगलवार देर रात बब्लू का बेटा मनीष अपनी बोलैरो से उमेश नाथ गोस्वामी ,रामौतार गोस्वामी पुत्रगण बनारसी दास ,प्रदीप सिंह पुत्र सतपाल ठाकुर निवासीगण मोहल्ला हर्ष नगर थाना बिलारी जिला मुरादाबाद को उनके घर बिलारी थाना क्षेत्र पहुँचाने जा रहा था कि शाहबाद पहुंचने पर शाहाबाद स्थित राणा शुगर मिल के पास बोलैरो और ट्रक की जोरदार भिड़ंत हो गई। इस भिड़ंत में बोलैरो सवार सभी लोग चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। वहां मौजूद लोगो ने इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस एंव आस-पास के लोगो ने बोलैरो से घायलों को बाहर निकाल. कर एंबुलेंस की सहायता से शाहबाद सीएचसी पहुंचाया जहां डॉक्टरों ने उपचार कर सभी की हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। एंबुलेंस से जिला अस्पताल ले जाते समय मनीष की रास्ते मे मौत हो गई। मनीष की मौत की सूचना पर परिवार में कोहराम मच गया। वहीं घायल प्रदीप सिंह,रामौतार,उमेश नाथ को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां पर उनका इलाज जारी है। पुलिस ने क्षतिग्रस्त बोलेरो कर को नवीन मंडी स्थल शाहबाद पहुंचा दिया।

# पराली की ट्राली व खनन के डंपरों को प्रतिबंध किया जाए: किसान यूनियन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्वार/रामपुर।** बुधवार को तहसील मे उपजिलाधिकारी स्वार को क्षेत्र में ट्रालो के द्वारा पराली के बंडल को लोड कर ओवर हाइट, ओवरलोड व दोनों साइड से बाहर की ओर निकली हुई हैं। जो पूरे रोड को घेर कर चलते है तथा इन ट्रालो के ड्राइवर तेज गति के साथ कानों में हेडफोन लगाकर चलते हैं। किसी भी वाहन के द्वारा हॉर्न देने पर साइड नहीं दी जाती है। जिससे साइड लेना एवं ओवरटेक करना छोटे वाहन वालों के लिए बहुत कठिन हो रहा है।

अनेक लोगों की मृत्यु वं दर्जनो लोग इसमें घायल हो चुके हैं। तथा स्वार नगर से होकर गुजर रहे रेत बजरी के डंपर अत्यधिक स्पीड एवं 24 घंटे चल रहे हैं। जिनसे अनेक घटनाएं हो चुकी है।

लोगों को जान माल का नुकसान हो रहा है। ट्रालो को पूरे तरीके से प्रति. बंधित किया जाए क्योंकि जा रही पराली के बंडलों का व्यापार किया जा रहा है।

ट्रैक्टर ट्राला को व्यापारिक गति. विधि के इस्तेमाल में नहीं लाया जा सकता है इस पर पूर्ण तरीके से प्रतिबंध लगाया जाए एवं व्यावसायिक वाहन का इस्तेमाल पराली के बंडलो को ले जाने में किया जाए। तथा स्वार नगर में लोडेड वाहन की दिन के समय में नो एंट्री रखी जाए एवं स्पीड नियंत्रण को लेकर के एक नियम बनाया जाए।महोदय निम्न बिंदु बातों पर 10 दिन के भीतर जांच कर कार्यवाही की जाए अन्यथा निम्न बिंदु बातों के विरुद्ध भारतीय किसान यूनियन द्वारा तहसील मुख्यालय पर धरना दिया जाएगा जिसकी जिम्मेदारी तहसील प्रशासन व अधिकारियों की होगी। इस मौके पर जिला अध्यक्ष शारिक इकबाल, ब्लॉक प्रभारी गुरपीदर सिंह, जिला सचिव अरशद अली आजाद, जिला महासचिव नईम अहमद, जसप्रीत सिंह, मनप्रीत सिंह,जर्मन सिंह, अमित सिंह, जीशान अली, फहीम पहलवान निजामुद्दीन, गुरदीप सिंह सर्बजीत सिंह, परमजीत सिंह विजय, अरमान, विक्की सैनी दिनेश, बलजीत सिंह, सुलेमान अली, रिजवान अली,अशरफ अली, नाजिम, जावेद, शहादत हुसैन, मोहम्मद अनस, सुभान अली,आदि लोग मौजूद रहे।

# व्यापार मण्डल ने विभिन्न मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** बुधवार को उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल कार्यालय तिलक नगर कॉलोनी से व्यापारी व पदाधिकारी एकत्र होकर कलेक्ट पहुंचे वहां पर उन्होंने जोरदार नारेबाजी करते हुए सीबीएसई बोर्ड के स्कूलों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। इस पर संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप अग्रवाल सोनी ने कहा कि समस्त सीबीएसई स्कूलों में लगातार स्कूलों में छात्रों की फीस अनाधुंध बढ़ाई जा रही है लगातार स्कूल किताबों का कोर्स प्रतिवर्ष बदलाव पर कोर्स महंगा करके दिलाया जा रहा है व साथ ही एडमिशन फीस मे भी भारी रकम वसूल की जा रही है जिससे आम जनता में त्राहि त्राहि मची हुई है जिस कारण मिडिल क्लास के परिवार अपने बच्चों को नहीं पढ़ पा रहे हैं व शिक्षा का अभाव बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि ऐसे विद्यालयों को चिन्हित कर सीबीएसई बोर्ड से मान्यता खत्म कराई जाए इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष अब्दुल बासिक, प्रदेश मंत्री पप्पू खान, जिला मंत्री फहीमअहमद, शादाब खान ,आसिफ खान ,अलीम खान, सुरेश मदन , व्यापारी सुरक्षा प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष सुरेश यादव ,शाहिद खुसरो ,शाहिद अली, वावू खान अन्य सैकड़ो की संख्या मे पदाधिकारी व व्यापारी मौजूद रहे।

## ई रिक्शा हटाने को लेकर युवक को डंडे से पीटा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लावड़।** बुधवार को क्षेत्र के ग्राम महल निवासी जगवीर सिंह ने लावड़ चौकी में तहरीर देते हुए आरोप लगाया कि उसने अपनी ई रिक्शा एक अत्तार की दुकान के सामने खड़ी कर रखी थी। इसी दौरान युवक ने ई रिक्शा हटाने के लिए धमकाते हुए गाली गलौज की। विरोध करने पर युवक ने डंडे से मारपीट शुरू कर दी। उसके पैर व कमर में काफी चोटें आईं। जगवीर ने बताया कि उक्त युवक कमरपाल पूर्व में भी उसके साथ मारपीट कर चुका है वो आए दिन धमकी देता रहता है। बुधवार को भी उसने ई रिक्शा हटाने को लेकर उसे डंडे से पीटा जिससे उसके घुटने की पाली उतर गई और शरीर पर भी चोट के निशान है। वहीं युवक को डंडे से पीटने की वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

## एक नजर

### नाबालिग के साथ छेड़छाड़ करने में पास्को एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक /रामपुर।** घर में घुसकर नाबालिग के साथ छेड़छाड़ करने के आरोप में पुलिस ने दूसरे संप्रदाय के एक युवक के खिलाफ पास्को एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने कोतवाली में तहरीर दी है जिसमें आरोप है कि मामला दो समुदाय का है नाबालिग के भाई की तहरीर पर एक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज हुई नाबा. लिग के भाई ने कल तहरीर दी। जिसमें लिखा है कि मेरी बहन जिसकी उम्र लगभग 15 वर्ष है वह छत पर अकेली सो रही थी जब प्रार्थी अपने घर आया तो 4:00 बजे मेरी बहन की चीखने चिल्लाने की आवाज आई तो मैं छत पर चढ़ा और देखा कि मेरे ही गांव का व्यक्ति मेरी बहन के साथ जबरदस्ती छेड़छाड़ कर रहा था मैंने उसे पकड़ने की कोशिश की तो वह छत से कूद गया और उसके पैर में चोट लग गई। जिस कारण वह भाग नहीं सका परिवार के लोगों के द्वारा उसे कर लिया और कोतवाली ले आए आरोपी अनस को मेडिकल के लिए जिला अस्पताल भेजा गया मामला दो समुदाय का होने के कारण पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया।

## टांडा में वर्ल्ड मेंस्टुअल हाइजीन डे मनाया गया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टांडा/रामपुर।** टांडा बुधवार को सी.एच.सी टांडा पर वर्ल्ड मेंस्टुअल हाइजीन डे मनाया गया। अर्श काउंसलर रेनू शर्मा ने सीएचसी पर मौजूद बालिकाओं और लड़कियों को माहवारी के बारे में बताया साथ ही माहवारी के दौरान स्वच्छता के विषय पर भी चर्चा की एवं सही पौष्टिक आहार जो माहवारी में लिया जा सकता है उसके बारे में भी जानकारी दी साथ ही आयरन की गोली भी वितरित की और बालिकाओं को आयरन की गोली खाने के बारे में समझाया और साथ ही अंत में 25 लड़कियों को सैनिटरी नैपकिन का भी वितरण किया इस अवसर पर अर्श काउंसलर रेनू शर्मा के साथ साथ डॉ साबिया और डॉ रफत परवीन आदि मौजूद रही।

## राजकीय इंटर कॉलेज में हुआ समर कैंप का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टांडा/रामपुर।** राजकीय इंटर कॉलेज टांडा में समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत दिनांक 21 मई 2025 से समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है जिसमें छात्र/छात्राएं बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं इसमें प्रतिदिन योगासन औरअलग अलग प्रकार के क्रियाकलाप कराए जा रहे हैं। जैसे , रस्सा कशी, रस्सी कूद , रंगोली बनाना, स्काउट गाइड के नियम ,कंप्यूटर के संबंध में जानकारी, पोस्टर बनाना , लिफाफा बनाना, शतरंज, कैरम,बैडमिंटन,वाद विवाद प्रतियोगिता, लोकनृत्य आदि कार्य कराया जा रहे हैं। जिसके अंतर्गत समर कैंप के आठवें दिन आज दिनांक 28. 5. 2025 को सभी छात्र छात्राओं को पोस्टर बनाना सिखाया गया ।अंत में सभी छात्र/छात्राओं को रिफ्रेशमेंट कराया गया ।कैंप में शादाब ,संतोष कुमार , राजकुमार ,आशुतोष यादव ,मेहनाज फातिमा आदि उपस्थित रहे।

## तीनों विधायकों ने बनाई समीक्षा बैठक से दूरी

समाजवादी पार्टी के मेरठ प्रभारी पूर्व मंत्री जुगल किशोर वाल्मीकि पार्टी के संगठन को वार्ड और बूथ वाइज खड़ा करने के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं ऐसे में जब समीक्षा बैठक आयोजित हुई तो उनके तीन मजबूत स्तंभ ही गायब दिखे। सरधना विधायक अतुल प्रधान, विधायक मंजूर, विधायक रफीक अंसारी तीनों विधायकों ने न सिर्फ समीक्षा बैठक में पहुंचना मुनासिब समझा बल्कि संगठन की कई मीटिंग से भी नदारद रहे हैं तीनों ही विधायक अपने-अपने गुट को लेकर बैठे हैं। किठौर विधायक शाहिद मंजूर, सरधना विधायक अतुल प्रधान को बर्दाश्त नहीं करते, वहीं अतुल प्रधान भी शाहिद मंजूर से अलग गुट लेकर चल रहे हैं तीसरी ओर शहर विधायक रफीक अंसारी भी अब सबसे अलग दिखाई देते हैं इन तीनों से अलग सपा जिला अध्यक्ष विपिन चौधरी सभी में सामंजस से बिठाने की जद्दोजहद में लगे हैं लेकिन पार्टी के अंदर अपने-अपने वजूद और रसूख के चलते सपा के तीनों विधायक पार्टी को तीन फाड़ करके चल रहे हैं ऐसे में 2027 का चुनाव समाजवादी पार्टी के लिए कितना मुफीद और कितना मजबूत हो सकता है यह सोचने वाली बात है।

## पूर्व विधायक योगेश वर्मा की माता हॉस्पिटल में भर्ती

समाजवादी पार्टी के नेता पूर्व विधायक योगेश शर्मा भी मीटिंग से नदारत रहे। योगेश वर्मा ने बताया कि मंगलवार की देर रात उनकी माता को चोट लग गई जिसके कारण उन्हें मेरठ के न्यूटिमा अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां पर डाक्टरों ने बताया कि गिरने के कारण उनकी माता को काफी चोट आई है फिलहाल योगेश वर्मा की माता जी को मैक्स हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है।

# चांद दिखा सात जून को मनाई जाएगी बकरा ईद




शहर इमाम कारी अतिकुरहमान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैफनी/रामपुर।** बकरा ईद की तारीख नजदीक आते ही लोगों में उत्सुकता बढ़ गई है। इस वर्ष बकरा ईद 7 जून 2025 को मनाई जाएगी, क्योंकि भारत में जिल हिज्जा का चांद 28 मई 2025 को दिख गया। अगर चांद 28 मई को दिखता। तो 29 मई से जिल हिज्जा का महीना शुरू होता और अब 7 जून को बकरा ईद मनाई जाएगी। जबकि सऊदी अरब में बकरा ईद 6 जून 2025 को मनाई जा सकती है, क्योंकि वहां जिल हिज्जा का चांद 27 मई 2025 को दिखा बकरा ईद का महत्व बकरा ईद का त्यौहार हजरत इब्राहीम की कथा पर आधारित है।

जिन्होंने अल्लाह की आज्ञा पर अपने पुत्र हजरत इस्माइल को कुर्बान करने का संकल्प लिया था। इस दिन मुसलमान जानवरों की कुर्बानी देते हैं और अल्लाह के प्रति अपनी भक्ति और समर्पण को दर्शाते हैं। कुर्बानी के बाद जानवरों के मांस को तीन भागों में बांटा जाता है - एक हिस्सा गरीबों के लिए, दूसरा हिस्सा रिश्तेदारों और मित्रों के लिए और तीसरा हिस्सा अपने लिए. बकरा ईद पर कुर्बानी देना एक महत्वपूर्ण धार्मिक कृत्य माना जाता है। इस दिन मुसलमान बकरा, भेड़, या ऊंट की कुर्बानी देते हैं और अल्लाह के प्रति अपनी भक्ति को प्रदर्शित करते हैं। कुर्बानी के दौरान जानवरों के साथ दया और करुणा का व्यवहार किया जाता है।. शहर इमाम कारी अतिकुरहमान रहमान साहब ने बताया कि बकरा ईद सात जून को पूरे मुल्क में मनाई जाएगी। और देश की अमन चौन के लिए दुआएं मांगी जाएगी।

## डीपीएम पब्लिक स्कूल में किया वृक्षारोपण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** डीपीएम पब्लिक स्कूल बहसूमा के प्रांगण में एक प्रेरणादायक एवं सराहनीय वृक्षारा. ेपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाना एवं छात्रें में प्रकृति के प्रति प्रेम भाव को विकसित करना था।

कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल के सचिव जगदीश त्यागी एवं प्रधानाचार्य जिया जैदी द्वारा पौधारोपण करके किया गया। इस अवसर पर सचिव ने स्कूल परिसर में बरगद, पीपल, नीम, आम जैसे छायादार गुणों से युक्त पौधों का रोपण किया। प्रेरणादायक पहल के अंतर्गत सचिव जगदीश त्यागी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि वृक्ष हमारे जीवन के आधार हैं। ये हमें न केवल प्राणवायु ऑक्सीजन प्रदान करते हैं। बल्कि पर्यावरण को स्वच्छ, संतुलित एवं हरित बनाए रखने में भी महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। हमें अपने आसपास अधिक से अधिक पेड़ लगाकर प्राकृतिक संतुलन बनाए रखना चाहिए। प्रधानाचार्य जिया जैदी ने इस अवसर पर छात्रें और शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चों को प्रकृति के महत्व और पर्यावरण संरक्षण की जिम्मेदारी से अवगत कराना आवश्यक है। विद्यालय न केवल शिक्षा का केंद्र है, बल्कि यह समाज निर्माण का आधार भी है।

**कृषक भारती कोआपरेटिव लिमिटेड, बीज इकाई-गजरौला**

**सुरक्षा गार्ड ठेकेदार की नियुक्ति हेतु 'निविदा सूचना'**

वित्तीय वर्ष 2025-26 में कृभको बीज इकाई-गजरौला के गोदाम / संयन्त्र की दिन-रात सुरक्षा हेतु सुरक्षा गार्ड (बिना हथियार) उपलब्ध कराने के लिए सुरक्षा गार्ड ठेकेदार की नियुक्ति हेतु सीलबन्द निविदाएं आमन्त्रित की जाती है। सीलबन्द निविदाएं दिनांक 18.06.2025 समय 02:00 बजे तक कृभको बीज ईकाई, हसनपुर-गजरौला रोड, निकट नायरा पैट्रोल पम्प, गजरौला पर उपलब्ध करायी जा सकती है। पार्टियों द्वारा न्यूनतम 01 वर्ष का अनुभव प्रमाण-पत्र, रू. 5000.00 जमानत धनराशि का डिमाण्ड ड्राफ्ट (कृभको लखनऊ के पक्ष में देय), पैन कार्ड, जी०एस०टी० नम्बर संलग्न किया जाना अनिवार्य है। प्राप्त सीलबन्द निविदाएं कृभको बीज ईकाई, गजरौला में सक्षम कमेटी सदस्यों द्वारा उपस्थित इच्छुक निविदादाताओं अथवा उनके प्रतिनिधियों के समक्ष दिनांक 18.06.2025 को समय 03:00 बजे खोली जायेगी। निविदा प्रारूप एवं नियम शर्तों की प्रति निविदा प्रकाशन की तिथि से किसी भी कार्य दिवस में कृभको बीज इकाई-गजरौला के उपरोक्त पते से प्राप्त की जा सकती है। किसी एक अथवा समस्त निविदाओं को बिना कारण बताएं निरस्त करने का अधिकार कृभको के पास सुरक्षित रहेगा।

(दयानन्द कुमार)
वरिष्ठ क्षेत्रीय प्रबन्धक कृभको मेरठ
मो0नं0 964381600

**पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि.**
**अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत वितरण मण्डल, रामपुर**

**ई-निविदा सूचना** **दिनांक:** 28/05/2025

**अल्पकालीन ई-निविदा संख्या एंव कार्य का संक्षिप्त विवरण**

1. 04/2025-26 EDC (R) विद्युत वितरण खंड-रामपुर के क्षेत्रों में आगामी ग्रीष्म ऋतु में आने वाली दैवीय आपदा से क्षतिग्रस्त होने वाली विद्युत लाइनों एवं उपकरणों को सही करने/बदलने का कार्य। (रनिंग टेण्डर)। प्रपत्र शुल्क रु. 1180.00, धरोहर राशि 10.00 हजार।
2. 05/2025-26 EDC (R) विद्युत वितरण खंड-स्वार, रामपुर के क्षेत्रों में आगामी ग्रीष्म ऋतु में आने वाली दैवीय आपदा से क्षतिग्रस्त होने वाली विद्युत लाइनों एवं उपकरणों को सही करने/बदलने का कार्य। (रनिंग टेण्डर)। प्रपत्र शुल्क रू. 1180.00, धरोहर राशि रू. 10.00 हजार।
3. 06/2025-26 EDC (R) विद्युत वितरण खंड-मिलक, रामपुर के क्षेत्रों में आगामी ग्रीष्म ऋतु में आने वाली दैवीय आपदा से क्षतिग्रस्त होने वाली विद्युत लाइनों एवं उपकरणों को सही करने/बदलने का कार्य। (रनिंग टेण्डर)। प्रपत्र शुल्क रू. 1180.00, धरोहर राशि रू. 5.00 हजार।
4. 07/2025-26 EDC (R) विद्युत वितरण खंड-बिलासपुर, रामपुर के क्षेत्रों में आगामी ग्रीष्म ऋतु में आने वाली दैवीय आपदा से क्षतिग्रस्त होने वाली विद्युत लाइनों एवं उपकरणों को सही करने/बदलने का कार्य। (रनिंग टेण्डर)। प्रपत्र शुल्क रु. 1180.00, धरोहर राशि रू. 10.00 हजार।

**ई-निविदा की अंतिम तिथि:-** 13.06.2025 15:00 **बजे**

विस्तृत जानकारी एवं प्रपत्र वेबसाइट https://etender.up.nic.in/ पर उपलब्ध हैं। अग्रेतर समस्त सूचनाएं वेबसाइट पर ही प्रदर्शित की जाएंगी।

**अधीक्षण अभियन्ता**
**विविमं, रामपुर**

# डीएम व एसपी की उपस्थिति में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** बुधवार को जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह एवं पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की पांचवी बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने दुर्घटना से सुरक्षा के दृष्टिगत ग्रामीण क्षेत्रों को नेशनल हाईवे से जोड़ने वाली कनेक्टिंग सड़कों का चिन्हिकरण करते हुए कनेक्टिंग मार्ग पर स्पीड ब्रेकर बनाने के निर्देश लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता को दिये। उन्होंने सभी दुर्घटना संभावित स्थलों पर वाहन चालकों को सतर्क करने के लिए 300 मीटर पहले से ही साइनेज बोर्ड लगवाने के निर्देश एनएचएआई को दिए। जिलाधिकारी ने परिवहन, पुलिस एवं लोक निर्माण विभाग की संयुक्त टीम बनाकर सभी स्कूलों की जांच करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिन विद्यालयों में प्रवेश व निकास द्वार अलग-अलग नहीं होंगे, उन विद्यालयों पर कार्रवाई की जायेगी। जिन स्कूलों के बाहर सड़क पर स्कूल बस से बच्चों को उतारा व बैठाया जाता है, उन



सभी को लोक निर्माण विभाग के स्तर से नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि इससे सड़क दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ता है और अनावश्यक जाम की स्थिति भी उत्पन्न होती है। जिलाधिकारी ने कहा कि यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले, बिना सीट बेल्ट, ओवर स्पीड, बिना हेलमेट और ओवरलोड वाहन चालकों के विरुद्ध अधिक से अधिक चालान की कार्यवाही की जाए। ओवर स्पीडिंग, रेड लाइट जंपिंग, ड्रिंक एंड ड्राइव तथा मोबा. इल का प्रयोग करते हुए वाहन चलाने वालों के विरुद्ध लाइसेंस निलंबन की कार्यवाही में भी तेजी लाएं।

नेशनल हाईवे पर ई-रिक्शा चलाने वालों की वजह से यातायात में आ रही दिक्कतों के दृष्टिगत जिलाधिकारी ने एआरटीओ को निर्देश दिए कि हाईवे पर ई-रिक्शा चलाने के मामले में सख्त कदम उठाएं और ई-रिक्शा सीज करें। जिले के सभी चिन्हित ब्लैक स्पॉट के विषय में समीक्षा करते हुए दुर्घटनाओं को रोकने के लिए प्रभावी कदम उठाने के लिए भी जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी ब्लैक स्पॉट पर जरूरी सुरक्षात्मक कार्य प्राथमिकता से कराना सुनिश्चित करें। बैठक में अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी के. वी. सिंह, एआरटीओ राजेश कुमार श्रीवास्तव, पीटीओ होरी लाल वर्मा सहित सड़क सुरक्षा समिति के अन्य सदस्य व संबंधित अधिकारीगण मौजूद रहे।

# राज्य महिला आयोग की सदस्य ने की महिला जनसुनवाई



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य सुनीता सैनी ने तहसील स्वार के सभागार में महिला जनसुनवाई की। मा. सदस्य ने जनसुनवाई के दौरान कहा कि राज्य महिला आयोग महिला उत्पीड़न की रोकथाम तथा पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाए जाने के लिए प्रतिबद्ध है।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि महिला उत्पीड़न से सम्बन्धित प्रकरण संज्ञान में आने पर तत्काल जांच कराकर नियमानुसार विधिक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। इस दौरान सुनीता सैनी ने पीड़ित महिलाओं की समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुनकर सम्बन्धित अधिकारी एवं थाना प्रभारी से दूरभाष पर वार्ता कर प्रकरण को जांचने और नियमानुसार विधिक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिये।

उन्होंने कहा कि शिकायतों के निस्तारण में किसी भी स्तर पर लाप. रवाही न बरती जाए। महिला जनसुनवाई में 50 पीड़ित महिलाओं ने सदस्य को प्रार्थना पत्र देकर अपनी समस्याओं से अवगत कराया। सदस्य ने यथाशीघ्र गुणवत्तापरक शिकायतों के निस्तारण के निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिये। जनसुनवाई में अधिकतर मामले भूमि विवाद, घरेलू हिंसा व दहेज उत्पीड़न से सम्बन्धित रहे।

सदस्य ने अधिकारियों से विभिन्न विभागों द्वारा चलायी जा रही महिलाओं के उत्थान से सम्बन्धित कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्राप्त कर रिपोर्ट प्रेषित करने के निर्देश दिए।

# एसडीएम को उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक/रामपुर।** ऑल इंडिया एंटी करप्शन और सोशल वेलफेयर ऑर्गेनाइजेशन ने उप जिला अधिकारी मिलक को अपने पद पर रहते मिलक में किए गए उत्कृष्ट कार्यो के लिए सम्मानित किया ऑल इंडिया एंटी करप्शन एंड सोशल वेलफेयर ऑर्गेनाकइजेशन रामपुर के जिलाध्यक्ष विनोद प्रकाश सक्सेना के नेतृत्व में संस्थान के समस्त पदाधिकारी गण के द्वारा उप जिलाधिकारी मिलक सुनील कुमार को पुष्पगुछ देकर सम्मानित किया गया साथ ही विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई आपके द्वारा मिलक क्षेत्र में महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए आप एक व्यवहार कुशल प्रशासनिक अधिकारी हैं आपने अपना कर्तव्य का निर्वाह करते हुए जनता के पक्ष में निष्पक्ष कार्य किए हैं आपके द्वारा यह भी कहा गया है कि जनता के साथ कोई भी अन्याय नहीं किया जाएगा जनता को किसी प्रकार भी भयभीत होने की आवश्यकता नहीं है मिलक क्षेत्र में प्रशासन के द्वारा जनता को भय मुक्त रखना हमारा कर्तव्य है अगर



आप सरकार के नियम के अनुसार सही मानक से कार्य कर रहे हैं तो आपको भयभीत होने की आवश्यकता नहीं है जहां-जहां पर माफियाओं ने कब्जा कर रखा है उस जगह को कब्जा मुक्त करवाया जाएगा दूध में मिलावटी माफिया डट के मिलावट कर रहे हैं और जनता के बीच उस दूध को बेचा जा रहा है 15 मई को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आदेश जारी किए हैं कि जहां पर भी दूध में मिलावट पाई जा रही है उस सब की जांच हो जिससे जनता के स्वास्थ्य को देखते हुए दूध के सैंपल भरना व उन पर कार्रवाई होना अति आवश्यक है आपने आश्वासन दिया है की मिलक क्षेत्र में दूध मिलावटी माफियाओं व भू माफियाओं को किसी प्रकार से बक्सा नहीं जाएगा समय-समय पर उनकी चेकिंग की जाएगी और दोष सिद्ध होने पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी जहां पर उपस्थित प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर नंदन प्रसाद, प्रदेश महासचिव अनुपम कुमार पटेल, प्रदेश सचिव दिगपाल सिंह, मंडल इंचार्ज जाकिर रजा खान, प्राजंल अग्रवाल, रेहान अल्वी, ओम निवास गुप्ता इत्यादि उपस्थित रहेंगे।

## सैफनी मुस्तफा मस्जिद में रखी गुल्लक का टूटा ताला, अज्ञात के नाम थाने में दी तहरीर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैफनी/रामपुर।** नगर निवासी अकरम अली पुत्र अहमद अली में बताया कि वह 24 मई की प्रातःकाल लगभग 4:30 बजे मुस्तफा मस्जिद शाहाबाद रोड पर नमाज पढ़ने के लिए पहुंचे तभी उन्होंने देखा कि मस्जिद की गुल्लक का ताला टूटा पड़ा है जोकि लगभग गुल्लक तीन साल से बंद पड़ी थी जिसमें लगभग 20 से 25 हजार रुपए रहे होंगे प्रार्थी ने बताया कि जिसकी लिखित रूप अज्ञात चोरों के नाम से तहरीर पुलिस को दे दी गई है।और जल्द से जल्द कार्यवाही करने की मांग की लेकिन पुलिस इस मामले को लेकर टाल मटोल कर रही है।

## एक नजर

## 2 नफर वारंटियों को किया गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्वार/रामपुर।** पुलिस ने छापामार कार्यवाही करते हुए 2 वारंटी को गिरफ्तार कर सम्बंधित मुकदमे में विविध कार्यवाही की गई ।पुलिस अधीक्षक के आदेश पर मंगलवार की रात्रि कोतवाली प्रभारी प्रदीप कुमार मलिक के निर्देश पर पुलिस द्वारा अपराधियों की धरपकड़ को लेकर चलाए गए अभियान के अंतर्गत पुलिस ने कार्यवाही करते हुए 1 वारंटी मो अहमद पुत्र रमजानी निवासी फरीदपुर 2 सलीम पुत्र तुफैल अहमद निवासी मधुपुरा को उसके मसकन से गिरफ्तार कर सम्बंधित मुकदमे में विविध कार्यवाही की गई।गिरफ्तार करने वाली टीम मेंउ.नि.केशु शर्मा,हे. का.,महिपाल सिंह, धर्मेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

## आजमीनों हज का दूसरा जत्था सऊदी अरब के लिए रवाना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्वार/रामपुर।** क्षेत्र के दर्जनों आजमीने हज का दूसरा जत्था आज हज के लिए सऊदी रवाना हो गया इन्होंने आज नई दिल्ली स्थित इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से फ्लाइट संख्या 3083 से शाम 8:00 बजे सऊदी के जेद्दा स्थित किंग फहद अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के लिए उड़ान भरी । हाजी लोग जद्दा एयरपोर्ट से सीधे मक्का जाएंगे एवं जाते ही उमरा करेंगे इसके उपरांत हज प्रक्रिया आरंभ करेंगे। आमतौर पर हज मैं हाजी पहले मदीना जाते है। एवं बाद में मक्का जाकर हज करते हैं। आज जाने वाले यह हाजी पहले हज अदा करेंगे इसके उपरांत वह मदीना में लगभग 10 दिन रुकने के बाद 43 दिन के सफर के बाद स्वदेश लौटेंगे। आज जाने वाले हाजियों में सबसे बड़ा जत्था ग्राम गूलर पीपलसाने का रहा इस गांव से पूर्व प्रधान इकबाल हुसैन के नेतृत्व में लगभग 22 हाजी हज करने के लिए गए हैं। इसके अलावा गांव के रईस अहमद बब्बू मियां, इस्पाक छोटे हकीम जाकिर अली बिजार खाते के बेचा नरपत नगर के रहमत अली एहसान अली साबिर ग्राम बड़ी खोद से जुनैद बब्बू शाहिद मसवासी के निजामुद्दीन आदि सभी अपनी पत्नियों के साथ हज करने के लिए रवाना हुए रवाना होने से पूर्व इन हाजियों को हवाई अड्डे पर उनके परिजनों एवं संबंधियों ने अश्रुपूर्ण पूर्ण विदाई दी।

# रामपुर डिस्ट्रीब्यूटर एसोसिएशन ने मुक्तेश्वर में की वार्षिक बैठक

**व्यापार में पारदर्शिता, सहयोग और चुनौतियों पर हुई खुलकर चर्चा**

**( इमरान हुसैन )**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** जिले की प्रमुख व्यापारिक संस्था रामपुर डिस्ट्रीब्यूटर एसोसिएशन ने अपनी वार्षिक बैठक उत्तराखंड के खूबसूरत हिल स्टेशन मुक्तेश्वर में सम्पन्न की। इस बैठक में संगठन के सभी सदस्यों ने भाग लिया और व्यापारिक मुद्दों, बाजार की स्थिति, और भविष्य की रणनीतियों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया।

मुक्तेश्वर की शांत व प्राकृतिक वातावरण में आयोजित इस बैठक का उद्देश्य था व्यापारिक संबंधों को और अधिक सुदृढ़ बनाना, आपसी संवाद को बढ़ाना और वर्तमान समय में वितरकों के सामने आने वाली समस्याओं का समाधान खोजना।

बैठक की अध्यक्षता एसोसिएशन के अध्यक्ष शुएब मोहम्मद खान ने की। उन्होंने स्वागत भाषण में कहा कि डिस्ट्रीब्यूटर किसी भी व्यापा. रिक प्रणाली की रीढ़ होते हैं। हमें अपनी भूमिका को न सिर्फ व्यावसायिक रूप से बल्कि सामा. जिक और नैतिक जिम्मेदारी के रूप में भी निभाना है।

बैठक में उठाए गए प्रमुख मुद्दे



जिसमें कई सदस्यों ने छोटे वितरकों को जीएसटी रिटर्न फाइलिंग, इनवॉइसिंग और क्रेडिट के मामलों में आ रही दिक्कतें साझा कीं। इसके समाधान के लिए संगठन ने जीएसटी विशेषज्ञों की कार्यशाला आयोजित करने का प्रस्ताव रखा।

कई वितरकों ने उत्पाद वितरण के दौरान कंपनियों द्वारा थोपे जा रहे अनावश्यक टारगेट और क्रेडिट नियमों पर चिंता जताई। यह तय किया गया कि इसके लिए एक सामूहिक ज्ञापन तैयार कर कंपनियों को भेजा जाएगा। संगठन ने आह्वान किया कि सभी सदस्य उचित मूल्य नीति का पालन करें और प्रतिस्पर्धा के नाम पर अनैतिक छूट न दें। इससे व्यापारिक भाईचारा बना रहेगा। ऑनलाइन बिक्री के प्रभाव पर भी चर्चा हुई, जिसमें छोटे डिस्ट्रीब्यूटर को दरकिनार किए जाने की शिकायतें सामने आईं। इसके लिए नीति- निर्माताओं तक आवाज पहुंचाने की योजना बनी।

बैठक के अंत में आपसी मेल-मिलाप और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ, जिसने सबको एक-दूसरे के और करीब ला दिया। कार्यक्रम का संचालन सचिव राजीव शर्मा ने किया और सभी सदस्यों ने खुले मन से भागीदारी निभाई। रामपुर डिस्ट्रीब्यूटर एसोसिएशन की यह बैठक न सिर्फ व्यापारिक संवाद का माध्यम बनी, बल्कि इससे संगठन के भीतर एकजुटता, पारदर्शिता और सहयोग की भावना को भी नई दिशा मिली। सभी सदस्यों ने यह संकल्प लिया कि आने वाले समय में वे न केवल अपने व्यापार को ईमानदारी से बढ़ाएंगे, बल्कि समाज और बाजार के प्रति अपनी जिम्मेदारी भी निभाएंगे। इस मौके पर उपाध्यक्ष संजय गर्ग, उप सचिव वाजिद अली, गौरव जैन, राजीव अग्रवाल, आलोक जैन, अमित अग्रवाल, प्रदीप अग्रवाल, शाकेब शम्सी, शाहिद शम्सी, सुभाष अरोरा, जीतू सिडाना, गौरव गुप्ता, सुमित रस्तोगी, फिरोज खान, अमित अग्रवाल, बबलू शम्सी, सागर होजरी आदि मौजूद रहे।

## शॉर्ट सर्किट से खाद व दवाई की दुकान में लगी आग लाखों का नुकसान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पटवाई/रामपुर।** पटवाई क्षेत्र कस्बे की नई बाजार स्थित साई राम ट्रेडर्स के नाम से खाद की दुकान है। मंगलवार की रात्रि शॉर्ट सर्किट होने से दुकान में आग लग गई। दुकान मालिक राजेंद्र ने बताया दुकान के ऊपर ही मकान बना हुआ है, जिसमें परिवार रहता है। रात्रि करीब 11 बजे आग की लपटे और धुएं की आहट हुई। उठ कर देखा तो दुकान में आग की लपटे उठ रही थी। आसपास के लोगों में भी खलबली हो गई। सभी लोगों की मदद से आग पर काबू पा लिया गया। दुकान में रखी 2 लाख से ज्यादा की नगदी व दुकान में रखा काफी सामान चलकर राख हो गया। आग लगने की वजह पानी की मोटर में हुए शॉर्ट सर्किट से बताई गई है।

**सम्बन्ध विच्छेद सूचना**

मैंने अपने पुत्र अजेन्द्र कुमार व उसकी पत्नी ज्योति राठौर को गलत संगत में पड़ जाने को लेकर अपनी चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद कर लिया है। भविष्य में उन दोनों का मुझसे व मेरे परिवार से कोई सम्बन्ध नहीं रहेगा। भविष्य में उनके द्वारा किए गए किसी भी प्रकार के अनैतिक कृत्य के वह स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**रामप्रसाद पुत्र श्री भूकन लाल निवासी मोहल्ला चक स्वार जिला रामपुर।**

## मिलावट खोरों के खिलाफ अभियान से दूध बेचने वालों में मची खलबल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक/रामपुर।** प्रदेश सरकार की सख्ती के बाद खाद्य सुरक्षा अधिकारी और उप जिलाधिकारी ने मिलावट खोरी की धर पकड़ हेतू अभियान चलाया आज नगर के विभिन्न जगहों पर उप जिलाधिकारी सुनील कुमार तथा खाद्य सुरक्षा अधिकारी टीम ने बुधवार को छापा मारकर दूध और क्रीम का सैंपल लिया दोनों सैंपलों का परीक्षण के लिए राजकीय लैब भेज दिया गया है लैब की रिपोर्ट आने के बाद ही क्वालिटी के बारे में पता चल पाएगा खाद्य सुरक्षा अधिकारी की टीम ने मिलक नगर से बाइक से दूध लाने वाले लोगों की बाइक रोककर दूध का सैंपल लिया इस अवसर पर उप जिलाधिकारी सुनील कुमार व खाद्य सुरक्षा अधिकार की टीम भी साथ में रही।

**सम्बन्ध विच्छेद सूचना**

मैनें अपने पुत्र विक्की को गलत संगत में पड़ने के कारण उसे अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है । वह किसी भी कृत्य के लिये स्वयं जिम्मेदार होगा।

**सुखलाल पुत्र जानकी प्रसाद निवासी खजुरिया खुर्द, बिलासपुर, रामपुर।**

खेल विशेष

## धीमे ओवर गति के लिए पंत पर लगा 30 लाख का जुमार्ना

**लखनऊ, वार्ता।** लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के कप्तान ऋषभ पंत पर धीमी ओवर गति के लिए 30 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। ऋषभ पंत का आईपीएल के इस सत्र में यह तीसरा अपराध है। आईपीएल के नये नियमों के तहत पंत पर प्रतिबंध लगाने की बजाए उन पर 30 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया। इस दौरान मैच में खेलने वाले सभी खिलाड़ियों में से प्रत्येक पर या तो 12 लाख रुपये या उनके मैच शुल्क का 50 प्रतिशत (जो भी कम हो) जुर्माना लगाया गया। मंगलवार को लखनऊ सुपर जायंट्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के साथ हुए मैच में धीमे ओवर रेट के लिए पंत पर यह जुर्माना लगाया गया है। इस मैच में पंत ने 61 गेंदों में (नाबाद 118) रन की पारी खेलते हुए तीन विकेट पर 227 रन तक पहुंचाया। आरस. ीबी ने जितेश (नाबाद 85) और कोहली (54) की शानदार पारियों की बदौलत यह लक्ष्य आठ गेंद शेष रहते हासिल कर लिया था।

## भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने शूटआउट में अर्जेंटीना को रौंदा

**अर्जेंटीना, वार्ता।** भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने चार देशों के टूर्नामेंट के अपने तीसरे मैच में नियमित समय में स्कोर 1-1 से बराबरी पर रहने के बाद पेनल्टी शूटाआउट में मेजबान अर्जेंटीना को 2-0 से हराया। यहां खेले गए मुकाबले में भारत के लिए कनिका ने (44वें) मिनट में एकमात्र गोल किया, जबकि लालरिनपुई और लालथंतलुंगी ने शूटआउट में गोल दाग कर टीम की जीत सुनिश्चित की। अर्जेंटीना की डेल वैले ने (10वें) मिनट पहले क्वार्टर में गोलकर अपनी टीम को बढ़त दिलाई। इसके बाद भारत ने तीसरे क्वार्टर में कनिका के 44वें मिनट से गोलकर स्कोर 1-1 से बराबरी पर लाकर टीम को मुक. ाबले में वापस ला दिया। निर्धारित समय में स्कोर बराबरी पर रहने पर मैच में परिणाम के लिए पेनल्टी शूटआउट का सहारा लिया गया।

# पंजाब-आरसीबी की नजर फाइनल पर




● हेजलवुड और डेविड की वापसी से आरसीबी का गेंदबाजी आक्रमण मजबूती देगा और पंजाब को हराने में सहायक होगी

**चंडीगढ़, वार्ता।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) और पंजाब किंग्स के बीच होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 क्वालीफायर वन मुकाबले से पहले आरसीबी जॉश हेजलवुड और टिम डेविड की वापसी से उत्साहित है और टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचने के लिए मैदान में उतरेगी। वहीं पंजाब किंग्स अपनी मजबूत बल्लेबाजी लय और घरेलू परिस्थितियों का फायदा उठाकर फाइनल में पहुंचना चाहेगी। मुल्लांपुर के महाराजा यादवेंद्र सिंह क्रिकेट स्टेडियम में शुक्रवार को होने वाले यह मुक. ाबला जीतने वाली टीम सीधे फाइनल में पहुंच जाएगी। प्लेऑफ में हमेशा मुकाबला आक्रामक होता रहा है। हेजलवुड और डेविड की वापसी से आरसीबी का गेंदबाजी आक्रमण मजबूती देगा और फिनिशिंग पावर पंजाब किंग्स की मजबूत टीम को हराने सहायक होगी। आईपीएल के इस सत्र में आरसीबी के लिए 10 मैचों में 18 विकेट लेने वाले हेजलवुड का तेज गेंदबाजी आक्रमण, अनुभव, अनुशासन और नियंत्रण उनकी क्षमता को बेहतरीन बनाता हैं। बीच के ओवरों में उनकी रन रोकने और महत्वपूर्ण विकेट लेने की क्षमता पंजाब की गहरी बल्लेबाजी लाइन. अप को रोकने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। हेजलवुड के साथ, अनुभवी भारतीय खिलाड़ी भुवनेश्वर कुमार और क्रुणाल पांड्या की ऑलराउंड क्षमता आक्रमण में और गहराई और विविधता जोड़ती है। टिम डेविड डेथ ओवरों में बड़े शॉट लगाकर मैच फिनिशिंग के लिए जाने जाते है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की बल्लेबाजी में विराट कोहली अहम भूमिक निभा रहे हैं। उन्होंने अब तक पूरे टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए 60-20 की औसत से 600 से अधिक रन बनाए हैं और लगातार अच्छी बल्लेबाजी ने आरसीबी को मजबूत स्थिति में रखा है। फिल साल्ट शीर्ष पर तेज शुरुआत प्रदान करता है, जबकि रजत पाटीदार ने हाल ही में फिटनेस संबंधी परेशानियों के बावजूद 140 से ऊपर की स्ट्राइक रेट से महत्वपूर्ण रन बनाए हैं। मयंक अग्रवाल और रोमारियो शेफर्ड का प्रदर्शन भी सराहनीय रहा है। पंजाब किंग्स को कम तर नहीं आंका जा सकता है। टीम ने 14 मैचों में से नौ जीत के साथ लीग स्टैंड्गि में शीर्ष पर रही। उनकी बल्लेबाजी संतुलित और लचीली है। उसके पास प्रभसिमरन सिंह और प्रियांश आर्य की धाकड़ सलामी जोड़ी है। यह जोड़ी टीम की मजबूत नींव रखने में मददगार रही है। वहीं कप्तान श्रेयस अय्यर ने मध्य क्रम में 172 की प्रभावशाली स्ट्राइक रेट से 500 से अधिक रन बनाए हैं। मार्कस स्टोइनिस, जोश इंगलिस और शशांक सिंह के अंतिम ओवरों में योगदान ने अक्सर पंजाब के पक्ष में मैच पलटा है। गेंदबाजी की बात की जाए तो अर्शदीप सिंह पंजाब किंग्स की अगुवाई कर रहे हैं। उन्होंने अब तक टूर्नामेंट में 18 विकेट लिए है। अंतर्राष्ट्रीय प्रतिबद्धताओं के कारण तेज गेंदबाज मार्को जेनसन की अनुपस्थिति एक चुनौती है। काइल जैमीसन से अतिरिक्त जिम्मेदारी लेने की उम्मीद है, हालांकि उनकी इकॉनमी रेट टीम के लिए लचता का विषय रही है। युजवेंद्र चहल की स्पिन टीम को बीच के ओवरों में रन रोकने और विकेट लेने की क्षमता दिखाती। मुल्लांपुर की पिच बल्लेबाजी के अनुकूल होने की उम्मीद है, जिसमें पहली पारी का औसत स्कोर 170 के आसपास रह सकता। कुल मिलाकर देखा जाए तो रॉयल चैलेंजर्स बेंगलरु और पंजाब किंग्स की टीमें संतुलित दिख रही हैं ऐसे में हेजलवुड और टिम डेविड की वापसी आरसीबी के बोनस साबित हो सकता है।

## आईपीएल का फाइनल सशस्त्र बलों को समर्पित करना सराहनीय कदम: गंभीर



■ सशस्त्र बलों को समर्पित किया गया कोई भी कार्य को हमारा पूर्ण समर्थन है

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने बुधवार को कहा कि भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) का इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के फाइनल मुकाबले को सशस्त्र बलों को समर्पित करना वास्तव में 'अविश्वनीय' सराहनीय कदम है और यह हमारी राष्ट्रीय एकता को दर्शाता है। गंभीर ने संवाददाता सम्मेलन से कहा कि मैं अक्सर कई मामलों में बीसीसीआई की आला. ेचना करता रहा हूं, लेकिन यह पहल वास्तव में सराहनीय है। सशस्त्र बलों को समर्पित किया गया कोई भी कार्य को हमारा पूर्ण समर्थन है। उन्होंने कहा कि यह एक अच्छी पहल है। यह दर्शाता है कि पूरा देश एकजुट है और हमारे सशस्त्र बलों को सलाम कर रहा है। बिना किसी स्वार्थ के हमारी रक्षा करने के लिए मैं सशस्त्र बलों को श्रेय देता हूं। मुख्य कोच गंभीर ने कहा कि हमारे सैनिक बदले में कुछ भी अपेक्षा किए बिना हमारी सेवा करते हैं, सुरक्षा करते हैं और बलिदान देते हैं। उन्होंने कहा कि यह कदम न केवल क्रिकेट संस्था के लिए बल्कि इससे भी अधिक वर्दीधारी बहादुर पुरुषों और महिलाओं के लिए व्यापक सराहना

# यूनुस खान बनें पाकिस्तान के मुख्य टेस्ट कोच: वसीम अकरम



● पाकिस्तान के गेंदबाज ने कहा: यूनुस में लंबे प्रारूप में राष्ट्रीय टीम के प्रदर्शन को बेहतर बनाने की क्षमता है

**कराची, वार्ता।** पाकिस्तान क्रिकेट टीम अपने वजूद की तलाश में है। हाल फिलहाल में इस टीम का अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर जो हर्श हुआ है, वह किसी से छिपा नहीं है। एक के बाद एक टूर्नामेंट में पहले दौर से ही बाहर होने के बाद टीम और मैनेजमेंट स्तर पर कई बदलाव हुए। हालांकि, इसका फायदा नहीं मिला। कोच से लेकर खिलाड़ियों को हटाया गया, लेकिन फिर भी टीम के प्रदर्शन में सुधार नहीं है। हाल फिलहाल में पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने माइक हेसन को सीमित ओवर क्रिकेट का मुख्य कोच नियुक्त किया था, जो गैरी कर्स्टन के जाने के बाद से खाली था। अब पीसीबी के सामने नए टेस्ट कोच को लाने की जिम्मेदारी है।

इसी कड़ी में पाकिस्तान के महान गेंदबाज वसीम अकरम ने एक नाम का सुझाव दिया है। उन्होंने कहा कि यूनुस खान टेस्ट में पाकिस्तान के मुख्य कोच पद के लिए उपयुक्त हैं। अकरम ने कहा कि यूनुस में लंबे प्रारूप में राष्ट्रीय टीम के प्रदर्शन को बेहतर बनाने की क्षमता है। पाकिस्तान के इस पूर्व कप्तान ने कराची में एक कार्यक्रम में कहा, श्मेरा मानना है कि यूनुस एक बहुत अच्छा विकल्प है। वह मेरी पसंद होगा लेकिन सब कुछ उसकी उपलब्धता और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड की सोच पर निर्भर करता है। यूनुस इससे पहले 2021 में दो साल के लिए पाकिस्तान के बल्लेबाजी कोच नियुक्त हुए थे। उन्होंने हालांकि बोर्ड के कुछ अधिकारियों के साथ मतभेद के कारण छह महीने में ही इस्तीफा दे दिया था। तब तेज गेंदबाज हसन अली के साथ भी उनका विवाद हुआ। वह इस साल की शुरुआत में आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में अफगानिस्तान की टीम से मेंटर के तौर पर जुड़े थे। टेस्ट कोच के पद के लिए मिस्बाह उल हक, अजहर महमूद और सकलैन मुश्ताक के नाम चर्चा में हैं, लेकिन वसीम ने अच्छी युवा टीम बनाने के लिए यूनुस का समर्थन किया। अकरम ने कहा, श्मुझे लगता है कि यूनुस खिलाड़ियों की मानसिकता बदल सकते हैं और टेस्ट टीम में नयापन ला सकते हैं।

● बीसीसीआई का चौंकाने वाला फैसला ●

# पद से हटाए गए टी दिलीप, अब इंग्लैंड भी जाएंगे

● बोर्ड ने उन्हें फिर फील्डिंग कोच नियुक्त किया, घरेलू टेस्ट सीरीज और ऑस्ट्रेलियाई दौरे पर हार बना कारण

**मुंबई, वार्ता।** भारतीय टीम के लिए यह महीना कुछ चौंकाने वाला रहा है। रोहित शर्मा और विराट कोहली के टेस्ट से संन्यास ने दुनिया भर के फैंस को चौंका कर रख दिया। इसके बाद आगामी इंग्लैंड दौरे के लिए शुभमन गिल नए टेस्ट कप्तान बनाए गए। हालांकि, यह सब घटनाएं पिछली दो टेस्ट सीरीज से जुड़ी हुई हैं। पिछले साल न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू टेस्ट सीरीज और उसके बाद ऑस्ट्रेलिया दौरे पर हार ने इस बदलाव को अंजाम दिया।

सिर्फ खिलाड़ी के स्तर पर बदलाव नहीं हुए, बल्कि टीम मैनेजमेंट में भी काफी उथल पुथल देखने को मिली थी। सहायक कोच अभिषेक नायर और फील्डिंग कोच टी दिलीप को पिछले महीने उनके पद से बर्खास्त किया गया। हालांकि, अब बीसीसीआई ने एक बार फिर सभी को चौंकाते हुए और अजीबोगरीब फैसला लेते हुए टी दिलीप को वापस बुलाया और उन्हें इंग्लैंड दौरे के लिए फील्डिंग कोच नियुक्त किया है। दरअसल, बीसीसीआई ने उपयुक्त विकल्प नहीं मिलने के बाद टी दिलीप को आगामी इंग्लैंड दौरे के लिए राष्ट्रीय टीम के फील्डिंग कोच के रूप में फिर से नियुक्त करने का फैसला किया है। बीसीसीआई ने चैंपियंस ट्रॉफी में विजयी अभियान के बाद कोचिंग स्टाफ में फेरबदल किया था। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 2024-25 बार्डर-गावस्कर ट्रॉफी में भारत के खराब प्रदर्शन के लिए नायर और दिलीप को दोषी मानते हुए उन पर गाज गिरी थी और बोर्ड ने पिछले महीने दोनों को हटाने का फैसला किया था। इस घटनाक्रम की जानकारी रखने वाले एक सूत्र ने बताया, श्दिलीप एक अच्छे कोच हैं जिन्होंने तीन साल (2021 से) से अधिक समय तक टीम के लिए अच्छा काम किया। वह इनमें से अधिकांश क्रिकेटरों को बहुत करीब से जानते हैं इसलिए उन्हें इंग्लैंड के खिलाफ बड़ी सीरीज के लिए टीम में शामिल करना अच्छा ही होगा। बीसीसीआई नए फील्डिंग कोच के रूप में किसी विदेशी को लाने के लिए बहुत उत्सुक था, लेकिन बोर्ड निश्चत समय में ऐसा नहीं कर सका। दिलीप को हटाने के बाद सहायक कोच रेयान टेन डेशकाटे को फील्डिंग कोच की अतिरिक्त जिम्मेदारी दी गई थी। सूत्र ने कहा कि इसलिए इस समय कोई नया नाम लाने का कोई मतलब नहीं है और दिलीप खिलाड़ियों के बीच भी बहुत लोकप्रिय हैं। अपने पिछले कार्यकाल के दौरान दिलीप ने पहले कुछ लोकप्रिय सुझाव पेश किए थे, जिससे टीम में फील्डिंग का स्तर सुधरा भी था। इनमें मैच के दिन सर्वश्रेष्ठ फील्डर को पदक देना या उन पदकों को वितरित करने के लिए कुछ दिग्गज हस्तियों को लाना शामिल हैं।

नवनियुक्त टेस्ट कप्तान शुभमन गिल और रिजर्व बल्लेबाज बी साई सुदर्शन छह जून से शुरू होने वाले इंग्लैंड लायंस के खिलाफ भारत ए के दूसरे चार दिवसीय मैच से चूक सकते हैं। ये दोनों गुजरात टाइटंस का हिस्सा हैं। अगर गुजरात की टीम तीन जून को अहमदाबाद में होने वाले फाइनल के लिए क्वालिफाई कर जाती है तो गिल और सुदर्शन दोनों के लिए मैच से पहले भारत ए में शामिल होना मुश्किल होगा। इसके अलावा उन्हें इंग्लैंड में अलग-अलग परिस्थितियों के हिसाब से जल्दी से जल्दी लाल गेंद के प्रारूप में ढलना होगा। भारत ए के कोच भारत के पूर्व खिलाड़ी ऋषिकेश कानितकर होंगे और उन्हें रेयान टेन डेशकाटे (बल्लेबाजी कोच) और ट्राय कूली (गेंदबाजी कोच) का साथ मिलेगा।

## जितेश ने खेली आईपीएल की सर्वश्रेष्ठ पारी: टॉम मूडी

**लखनऊ, वार्ता।** रायल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के कार्यवाहक कप्तान जितेश शर्मा ने मंगलवार को लखनऊ सुपर जाएंट्स के खिलाफ मुकाबले में शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने अर्द्धशतकीय पारी के साथ टीम को न सिर्फ जीत दिलाई, बल्कि क्वालिफायर-1 में भी पहुंचा दिया। उनकी इस पारी ने ऑस्ट्रेलिया के पूर्व ऑलराउंडर टाम मूडी को प्रभावित किया। लखनऊ के इकाना स्टेडियम में खेले गए लीग चरण के आखिरी मुकाबले में आरसीबी के कार्यवाहक कप्तान जितेश ने 33 गेंदों पर नाबाद 85 रन की शानदार पारी खेलकर टीम को जीत दिलाई। मूडी ने ईएसपीएनक्रिकइन्फो से कहा, श्मेरे लिए यह पारी आईपीएल के वर्तमान सत्र की सर्वश्रेष्ठ पारी है। हमने युवा और अनुभवी खिलाड़ियों की कुछ बेहतरीन पारियां देखी हैं, लेकिन यह पारी वाकई उल्लेखनीय है। प्लेयर ऑफ द मैच जितेश ने 33 गेंद की नाबाद पारी में आठ चौके और छह छक्के लगाए। उन्हें मयंक का अच्छा साथ मिला जिन्होंने 23 गेंद पर नाबाद 41 रन की पारी में पांच चौके जड़े। दोनों ने पांचवें विकेट के लिए 45 गेंद में 107 रन की अटूट साझेदारी कर टीम को जीत दिलाई। मूडी ने आगे कहा कि परिस्थितियां पूरी तरह से प्रतिकूल थी लेकिन उन्होंने इस पर ध्यान नहीं दिया और मैच का पासा पलट दिया। उन्होंने पूरी चतुराई से बल्लेबाजी की। वह जिस तरह से खेल रहे थे उसे देखकर लग रहा था कि वह इससे पहले भी कई बार ऐसा कर चुके हैं। आरसीबी की पारी के 12वें ओवर में विराट को. हली (54) के आउट होने के बाद जितेश क्रीज पर आए थे। तब आरसीबी का स्कोर चार विकेट पर 123 रन था।

# अमेरिका ने ओमान को नौ रनों से हराया

विश्व कप लीग-2



**अमेरिका, वार्ता।** साई तेजा एम (73), स्मित पटेल (41) और संजय कृष्णमूर्ति (नाबाद 40) की शानदार पारियों के बाद जसदीप सिंह और हरदीप सिंह (तीन-तीन विकेट) की बदौलत अमेरिका ने मंगलवार रात विश्व कप लीग दो के एकदिवसीय मुकाबले में ओमान को नौ रनों से शिकस्त दी। फ्लोरिडा के सेंट्रल ब्रोवार्ड रीजनल पार्क स्टेडियम टर्फ मैदान पर खेले गए मुकाबले में ओमान ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी अमे. रिका के लिए स्मित पटेल और शयन जहांगीर की सलामी जोड़ी ने 69 रन जोड़े। 11वें ओवर में सुफयान महमूद ने शयन जहांगीर (37) को आउट कर ओमान को पहली सफलता दिलाई। 16वें ओवर में आमिर ने स्मित पटेल (41) को आउटकर अमेरिका को दूसरा झटका दिया। अमेरिका ने निर्धारित 50 ओवरों में कप्तान मोनांक पटेल(26), साई तेजा एम (73), हरमीत सिंह (33) और संजय कृष्णमूर्ति (नाबाद 40) आदि के योगदान से आठ विकेट पर 293 रनों का स्कोर खड़ा किया। ओमान की ओर से सुफयान महमूद ने तीन विकेट लिए। शकील अहमद आमिर कलीम को दो-दो विकेट मिले। समय श्रीवास्तव ने एक बल्लेबाज को आउट किया। अमे. रिका के 293 रनों के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी ओमान की शुरुआत खराब रही और उसने दूसरे ही ओवर में आमिर कलीम (पांच) का विकेट गवां दिया। इसके बाद मुजीबुउर अली ने कप्तान जतिंदर सिंह के साथ पारी को संभालने का प्रयास किया। 16वें ओवर में जतिंदर सिंह (40) के रनआउट होने पर इस साझेदारी का अंत हुआ। तीसरे विकेट के रूप में मुजीबुउर (19) रन बनाकर आउट हुये। हम्माद मिर्जा ने (50)रनों की अर्द्धशतकीय पारी खेली। विनायक शुक्ला ने (46) और सुफयान महमूद (72) रनों की पारी खेली। आखिरी ओवरों में अमेरिकी गेंदबा. जों ने कसी हुई गेंदबाजी की। ओमान के बल्लेबाज निर्धारित 50 ओवरों में नौ विकेट पर 284 रन ही बना सके और उनकी टीम नौ रन से मुकाबला हार गई।

## भारत 44 साल बाद एशियाई भारोत्तोलन चैंपियनशिप की करेगा मेजबानी

**अहमदाबाद, वार्ता।** भारत 44 सालों के बाद अगले साल अहमदाबाद में होने वाली एशियाई भारोत्तोलन चैंपियनशिप की मेजबानी करेगा। एशियाई भारोत्तोलन महासंघ (एडब्ल्यूएफ) ने बुधवार को यह जानकारी दी। भारत ने पिछली बार 1982 में नई दिल्ली में एशियाई भारोत्तोलन चैंपियनशिप का आयोजन हुआ था। वर्ष 2026 एक से 10 अप्रैल तक चलने वाली इस चैंपियनशिप में एशियाई मंच पर भारतीय भारोत्तोलन के लिए एक ऐतिहासिक वापसी होगी। उज्बेकिस्तान के ताशकंद में 2024 में हुई एडब्ल्यूएफ कांग्रेस में इस चैंपियनशिप को गुजरात के गांधीनगर को आबंटित किया गया था। जिसका आयोजन स्थल अब बदलकर अहमदाबाद कर दिया गया है। यह अंतर्राष्ट्रीय भारोत्तोलन महासंघ (आईडब्ल्यूएफ) द्वारा शुरू की गई नई भार श्रेणियों के तहत आयोजित होने वाली पहली एशियाई चैंपियनशिप भी होगी। इससे वैश्विक स्तर पर खेल के लिए एक नए युग की शुरुआत होगी। यह चैपियनशिप भारतीय भारोत्तोलकों की नई पीढ़ी को मंच प्रदान करेगी।

## पुरी समुद्र तट पर अवैध जल क्रीड़ा सुविधा ध्वस्त

**पुरी, वार्ता।** ओडिशा के पुरी जिला प्रशासन ने पुरी बीच के बलियापांडा इलाके में चल रही एक अवैध जल क्रीड़ा सुविधा को ध्वस्त कर दिया है। स्काई डाइव एडवेंचर एंड वाटर स्पोर्ट्स नाम से चल रही यह सुविधा उचित प्राधिकरण या सुरक्षा उपायों के बिना पर्यटकों को स्पीडबोट की सवारी और स्काईडाइविंग का अनुभव प्रदान कर रही थी। यह कार्रवाई पिछले शनिवार को एक स्पीडबोट पलटने से हुयी दुर्घटना के बाद की गई क्योंकि इस दुर्घटना में सभी यात्री समुद्र में गिर गए थे। इन यात्रियों में क्रिकेटर सौरव गांगुली के भाई स्नेहाशीष गांगुली और उनकी पत्नी अर्पिता



# विराट ने रचा इतिहास

● टी-20 में 9000 रनों का आंकड़ा छूने वाले पहले बल्लेबाज वार्नर को पछाड़ा

**लखनऊ, वार्ता।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के पूर्व कप्तान विराट कोहली ने मंगलवार को लखनऊ सुपर जाएंट्स (एलएसजी) के खिलाफ शानदार प्रदर्शन किया और बड़ी उपलब्धि हासिल कर ली। वह टी-20 में किसी एक टीम की तरफ से खेलते हुए 9000 रनों का आंकड़ा छूने वाले पहले बल्लेबाज बन गए। किंग कोहली ने इस मुकाबले में 24 रन बनाते ही टी-20 में 9004' रन बना लिए। कोहली ने अपने आईपीएल करियर की शुरुआत 2008 में आरसीबी के साथ की थी, तब से वह इसी टीम का हिस्सा हैं। लखनऊ के इकाना स्टेडियम में उनका बल्ला जमकर गरजा और वह 9000 रनों का आंकड़ा छूने वाले पहले बल्लेबाज बन गए। लखनऊ के खिलाफ उन्होंने 27 गेंदों में सत्र का आठवां अर्द्धशतक जड़ा। वह 30 गेंदों में 10 चौके की मदद से 54 रन बनाकर आउट हुए। को. हली इसके साथ ही आईपीएल में सर्वाधिक अर्द्धशतक लगाने वाले बल्लेबाज बन गए। लखनऊ के खिलाफ पचासा जड़ते ही वह इस मामले में डेविड वार्नर से आगे निकल गए। इससे पहले कोहली और वार्नर संयुक्त रूप से शीर्ष पर थे। इन दोनों बल्लेबाजों के नाम आईपीएल में 62 अर्द्धशतक लगाने का रिकार्ड दर्ज था। हालांकि, अब कोहली के नाम 63 अर्द्धशतक हो गए हैं। रोहित शर्मा तीसरे स्थान पर हैं जिन्होंने आईपीएल में 46 अर्द्धशतक लगाए हैं। एक सीजन में सबसे ज्यादा अर्द्धशतकीय पारी खेलने के मामले में यह कोहली का तीसरा सफल सीजन है। उन्होंने 2016 में 11 और 2023 में आठ पचासे लगाए थे।

# भारतीय महिला हॉकी टीम नीदरलैंड हुई रवाना

■ भारतीय महिला टीम आठ जून तक नीदरलैंड के एम्सटर्डम में अभ्यास करेंगी


फाइल फोटो

**बेंगलुरु, वार्ता।** भारतीय महिला हॉकी टीम का 24 सदस्यीय दल कप्तान सलीमा टेटे की अगुवाई में 28 मई से शुरु हो रही एफआईएच प्रो लीग यूरोपीय चरण के लिए बुधवार को यहां से नीदरलैंड के लिए रवाना हो गई।

हॉकी इंडिया की आज यहां जारी विज्ञप्ति के अनुसार भारतीय महिला टीम आठ जून तक नीदरलैंड के एम्सटर्डम में अभ्यास करेगी। उसके बाद टीम लंदन जाएगी, जहाँ उसे ऑस्ट्रेलिया और अर्जेंटीना के खिलाफ अपने पहले चार मैच खेलने हैं। भारतीय महिला टीम 14 और 15 जून को ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम से भिड़ेगी, उसके बाद 17 और 18 जून को अर्जेंटीना की महिला टीम से मैच खेलेगा। इसके बाद, टीम 19 जून को एंटवर्प जाएगी, जहाँ उसे बेल्जियम की राष्ट्रीय टीम के खिलाफ 21 और 22 जून को अपने अगले दो मैच खेलने है। भारतीय टीम 28 और 29 जून को जर्मनी के बर्लिन में चीन के खिलाफ दो मैचों के साथ यूरोपीय चरण का समापन करेंगी। नीदरलैंड रवाना होने से पहले भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान सलीमा टेटे ने कहा कि हमारे लिए एफआईएच प्रो लीग का एक बहुत ही महत्वपूर्ण चरण है, क्योंकि हम चार बहुत मजबूत टीमों से मुकाबला होगा। उन्होंने कहा कि हम अपने मैचों से पहले एम्सटर्डम में अपनी रणनीति को और बेहतर बनाएंगे।

## सीपीएल का दूसरा संस्करण 31 मई से होगा शुरू

**अहमदाबाद, वार्ता।** गुजरात के अहमदाबाद में क्रिकेट प्रीमियर लीग (सीपीएल) का दूसरा संस्करण 31 मई से शुरु होगा। चिरिपाल ग्रुप के प्रमोटर और सीपीएल के सह-संस्थापक रोनक चिरिपाल ने बुधवार को यहां यूनीवार्ता को बताया कि सीपीएल 2025 गुजरात की क्रिकेट खेलने की भावना को जागृत कर सके और सच्ची प्रतिभाओं को एक मंच प्रदान करने का एक प्रमुख मंच बनाने के सपने को साकार करने की दिशा में लिया गया दूसरा दृढ़ कदम है। क्रिकेट प्रीमियर लीग का दूसरा संस्करण एसजी हाईवे पर, निरमा यूनिवर्सिटी के सामने स्थित एसजीवीपी ग्राउंड्स में 31 मई से 14 जून, 2025 के बीच आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि चिरिपाल ग्रुप की प्रमुख पहल, सीपीएल का आयोजन करने का मिशन शीर्ष रणजी ट्रॉफी खिलाड़ियों और उभरती हुई स्थानीय प्रतिभाओं को एक संगठित, प्रतिस्पर्धात्मक मंच प्रदान करके गुजरात के घरेलू क्रिकेट के परिदृश्य को नए स्तर पर ले जाना है।

# सम्पादकीय

गुरुवार, 29 मई 2025

## भारत की सतर्कता

भले ही भारत-पाक के बीच सीजफायर हो गया हो, लेकिन दोनों देशों में अब भी आपसी विश्वास की भारी कमी देखी जा रही है। भारत अपनी तरफ से किसी तरह की कोई ढिलाई बरतना नहीं चाहता। तभी तो वह सीमावर्ती राज्यों में मॉकड्रिल करने जा रहा है। राजस्थान, गुजरात, हरियाणा, जम्मू के लोगों से सतर्क रहने की अपील की जा रही है। लोगों में युद्ध के समय किसी तरह का बेवजह का तनाव पैदा न हो। वह अपने आपको बचाने के लिए यह मॉकड्रिल की जा रही है। गुरुवार (आज) को जम्मू-कश्मीर, गुजरात, हरियाणा और राजस्थान में मॉकड्रिल होगी। जबकि पंजाब में तीन जून को यह ड्रिल होगी। मॉकड्रिल एक तरह की प्रेक्टिस है, जिसमें हम यह देखते हैं कि अगर कोई इमरजेंसी जैसे एयर स्ट्राइक या बम हमला हो जाए तो आम लोग और प्रशासन कैसे और कितनी जल्दी रिएक्ट करते हैं। इसी तरह ब्लैक आउट एक्सरसाइज का मतलब है कि तय समय के लिए पूरे इलाके की लाइट बंद कर देना। इसका मतलब यह होता है कि अगर दुश्मन देश हमला करे, तो इलाके को अंधेरे में कैसे सुरक्षित रखा जा सकता है। सात मई को देश के 44 शहरों में 12 मिनट का ब्लैक आउट किया गया था। इसी दिन भारत ने पाकिस्तान के नौ स्थानों पर ऑपरेशन सिंदूर के चलते एयरस्ट्राइक की थी। जिसमें सौ से अधिक आतंकवादी मारे गए थे। जाहिर है यह मॉकड्रिल बताती है कि भारत-पाकिस्तान को यह संदेश भी देना चाहता है कि वह अभी भी युद्ध मोड में है और किसी भी दुस्साहस का जवाब देने के लिए भारतीय सेना व भारतीय लोग पूरी तरह मुस्तैद हैं। सरकार ने जिस तरह देश में तीनों सेनाओं के जवानों पर अब एक ही अधिकारी एक्शन ले सकने का नोटिफिकेशन जारी किया है, यह बताने के लिए काफी है कि भारत अब अपनी सेना को बेहद चुस्त-दुरुस्त कर रहा है। अब एक सेना का अधिकारी ही तीनों सेनाओं वायु, थल और जल सेनाओं को निर्देश दे सकेगा। जाहिर है इससे समय में बेहद कमी आएगी और सेना को एकजुट होकर कार्रवाई करने में मदद मिलेगी। 27 मई से इंटरसर्विस आर्गेनाइजेशन नियम लागू कर दिया गया है। इस नए कानून बनने से इंटरसर्विस आर्गेनाइजेशन के तहत एक कमांडर इन चीफ/ऑफिसर इन कमांड की नियुक्ति होगी। यह कानून 15 अगस्त 2023 को राष्ट्रपति की मंजूरी मिलने के बाद बन गया था और 10 मई 2024 से लागू किया गया। जाहिर है इससे हमारी सेना को एकजुट रखने में बड़ी मदद मिलेगी। असल में हमारा पड़ोसी पाकिस्तान एक ऐसा देश है, जिस पर भरोसा नहीं किया जा सकता। जब तक वह आतंकवाद से अपने आपको अलग नहीं रखता और उनको संरक्षण देना बंद नहीं करता, तब तक उस पर भला भरोसा भी कैसे किया जा सकता है। भारत ने भी साफ किया है कि जब तक पाकिस्तान आतंकवाद को संरक्षण देता रहेगा, भारत उसके साथ कठोरता से पेश आता रहेगा, बल्कि भारत ने अब आतंकवाद पर जीरो टॉलरेंस की नीति बना ली है।

## अकेले शांति से जीना चाहता है भारत



भारत अकेले शांति से जीना चाहता है, लेकिन पाकिस्तान ऐसा नहीं होने देता, भारत युद्ध नहीं चाहता था, लेकिन आतंकवादियों को सजा दिए बिना नहीं छोड़ा जा सकता, पाकिस्तान लगातार भारत के खिलाफ आतंकी हमलों को बढ़ावा दे रहा है, भारत ने आपरेशन सिंदूर इसलिए शुरू किया, क्योंकि पाकिस्तान ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले के अपरा. धियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की थी, भारत को 1989 से लगातार आतंकी हमलों का सामना करना पड़ा है और यह स्थिति अब और बर्दाश्त नहीं की जा सकती, अंतर्राष्ट्रीय समुदाय अपरा. धियों की पहचान करं उन पर कार्रवाई करे।

**-शशि थरूर**
**पूर्व विदेश मंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता**

# भारतीय राजनीति के असली चौधरी थे भारत रत्न चौ. चरण सिंह



29 मई पुण्यतिथि पर विशेष



**आरपी तोमर**

भारत रत्न चौधरी चरण सिंह एक ऐसा नाम है जो भारतीय राजनीति और इसके लोकतंत्र के लिए किसी हीरो से कम नहीं। यह वह नाम है जो ना जाने कितने ही बड़े संवैधानिक पदों पर रहकर यह दिखा गया कि कतार में खड़े आखिरी व्यक्ति के जीवन में कैसै बदलाव लाया जा सकता है। चौधरी चरण सिंह ने देश की कृषि नीतियों को आकार देने में बेहद अहम भूमिका निभाई। चौधरी चरण सिंह ने अपना पूरा जीवन किसानों के हित और उनके कल्याण में समर्पित कर दिया और यही वजह है कि उन्हें किसानों का मसीहा कहा जाता है। चौधरी चरण सिंह सिर्फ एक राजनीतिज्ञ, एक किसान नेता, एक पार्टी के अध्यक्ष और एक भूतपूर्व प्रधानमंत्री का नाम ही नहीं था बल्कि चरण सिंह एक विचारधारा का भी नाम है। जो भारतीय राजनीति में अकाट्य है और सदैव रहेगा। चरण सिंह की राजनीति में कोई दुराव या कोई कपट नहीं था, बल्कि जो उन्हें अच्छा लगता था, उसे वो ताल ठोक कर अच्छा कहते थे और जो उन्हें बुरा लगता था, उसे कहने में उन्होंने कोई गुरेज भी नहीं करते थे। उनका व्यक्तित्व बहुत रौबीला था, जिनके सामने लोगों की बोलने की हिम्मत नहीं पड़ती थी। उनके चेहरे पर हमेशा पुख्तगी होती थी। हमेशा संजीदा गुफ्तगू करते थे। बहुत कम मुस्कुराते थे। अगर मैं गलत नहीं हूं तो एकआध लोगों ने ही उन्हें कभी कहकहा लगाते हुए देखा होगा। वो उसूलों के पाबंद थे और बहुत साफ-सुथरी राजनीति करते थे। वे सच्चे मायने में भारत रत्न हैं। किसानों के मसीहा चौधरी चरण सिंह का जन्म उत्तर प्रदेश के मेरठ जिले के नूरपुर गांव में 23 दिसंबर 1902 को हुआ था। उनकी शिक्षा सरकारी उच्च विद्यालय और विश्वविद्यालय मेरठ से पूरी हुई। उन्होंने विज्ञान स्नातक, कला स्नातकोत्तर और विधि स्नातक की पढ़ाई की थी। चौधरी चरण सिंह ने पूरे जीवनभर किसानों के मुद्दे उठाए और उनके हक दिलाने का काम किया। चौधरी चरण सिंह का निधन 29 मई 1987 को 84 साल की उम्र में दिल्ली में हुआ था। जब 1929 में लाहौर में कांग्रेस ने पूर्ण स्वराज्य का एलान किया तो नेहरू कांग्रेस के सबसे बड़े नेता के रूप में उभरे, तब चौधरी चरण सिंह ने गाजियाबाद में कांग्रेस कमेटी का गठन किया। 1930 में सविनय अवज्ञा आंदोलन शुरू हुआ तो चौधरी चरण सिंह हिंडन नदी के किनारे नमक बनाने पहुंच गए तो अंग्रेज सरकार ने उन्हें छह महीने की जेल की सजा दी। जेल से वापसी पर वे पूरे जोर-शोर से स्वतंत्रता आंदोलन में कूद गए। 1937 में चुनाव हुए तो बागपत से चौधरी चरण सिंह विधानसभा के लिए चुने गए। विधानसभा में किसानों की फसल से संबंधित एक बिल पेश किया। यह उस वक्त का क्रांतिकारी बिल था, जब ब्रिटिश सरकार ने भारतीय किसानों को ही सबसे ज्यादा चोट पहुंचाई थी। अंग्रेजी सरकार ने मुगलिया टैक्स सिस्टम को हटाकर बेहद क्रूर सिस्टम लागू किया था। जिसकी वजह से बहुत गरीबी फैल गई थी। उन्होंने 1939 में कर्जा माफी विधेयक पास करवाकर किसानों के खेतों की नीलामी रुकवाई। 1939 में ही किसान के बच्चों को सरकारी नौकरियों में 50 फीसदी आरक्षण दिलाने की कोशिश की पर इसमें सफलता नहीं मिल पाई। 1939 में किसानों को टैक्स बढ़ाने और बेदखली से मुक्ति दिलाने के लिए जमीन उपयोग का बिल तैयार किया और ऋण निर्मोचन विधेयक पास कराकर चौधरी साहब ने लाखों गरीब किसानों को कर्जे से मुक्ति दिलाई।

इसी साल निजी सदस्यों के संकल्प के तहत उन्होंने कृषि उत्पादन मंडी विधेयक पेश किया, जिसमें किसानों को बिचौलियों से मुक्त कराकर वाजिब दाम दिलाने का प्रावधान था। उनके सुझावों को कई सरक. ारों ने क्रियान्वित किया, इसमें पहला राज्य पंजाब था। ब्रिटिश भारत के पंजाब प्रांत की विधानसभा ने सर छोटू राम के राजस्व मंत्री रहते हुए वर्ष 1938 में जो पहला कृषि उत्पाद मंडी अधिनियम पारित कर उसे लागू किया था। दरअसल, उसकी परिकल्पना चौधरी चरण सिंह की ही थी। चौधरी चरण सिंह जब पहली बार चुनाव जीतने के बाद उत्तर प्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री गोविंद बल्लभ पंत के संसदीय सचिव बने थे, तब चौधरी साहब कृषि उत्पाद मंडी बनाने के लिए एक बिल लेकर आना चाहते थे लेकिन, पंत ने उन्हें मना कर दिया, जिसके बाद चौधरी चरण सिंह ने उत्तर प्रदेश की यूनाइटेड प्रोविंस लेजिस्लेटिव असेंबली में एक प्राइवेट मेंबर बिल पेश किया, लेकिन वो बिल पारित नहीं हो पाया, यह बात वर्ष 1937 की है। 1940 में कांग्रेस बड़ी उहापोह में थी कि ब्रिटिश सरकार के खिलाफ आंदोलन छेड़ें कि नहीं, छोटे स्तर पर व्यक्तिगत सत्याग्रह की शुरुआत हुई, चौधरी चरण सिंह इसमें भी शामिल हुए। जेल गए, फिर छूटे और 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन में चरण सिंह को फिर मौका मिला। वे अंडरग्राउंड हो गए और एक गुप्त क्रांतिकारी संगठन तैयार किया। पुलिस का आदेश था कि देखते ही गोली मार दी जाए पर चौधरी चरण सिंह सभा करके हर जगह से निकल जाते थे। अंत में गिरफ्तार हो गए। जिन्हें डेढ़ साल की सजा हुई, जेल में ही उन्होंने शिष्टाचार किताब लिखी। वे जातिवाद के कट्टर विरोधी थे और उनके प्रयासों का असर था कि 1948 में उत्तर प्रदेश में राजस्व विभाग ने सरकारी कागजों में जोत मालिकों की जाति नहीं लिखने का फैसला लिया। उन्होंने गोविंद बल्लभ पंत को पत्र लिखकर 1948 में मांग की थी कि अगर शैक्षिक संस्थाओं के नाम से जाति-सूचक शब्द नहीं हटाए जाते तो उनका अनुदान बंद कर दिया जाए। हालांकि यह मसला टलता रहा, लेकिन जब वे 1967 में खुद मुख्यमंत्री बने तो सरकारी अनुदान लेने वाली शिक्षा और सामाजिक संस्थाओं को अपने नामों के आगे से जातिसूचक शब्द हटाने पड़े। उन्होंने ही आजादी के बाद भारत में सोवियत रूस की तर्ज पर आर्थिक नीतियां लगाई गईं। चौधरी साहब का कहना था कि इंडिया में यह चलेगा नहीं, इसको लेकर चौधरी साहब कहते थे कि किसानों को जमीन का मालिकाना हक देने से ही बात बनेगी। उस वक्त नेहरू का विरोध करना ही बड़ी बात थी लेकिन चौधरी साहब सहकारी खेती के रूसी मॉडल के सख्त खिलाफ थे। हालांकि इससे उनके राजनैतिक करियर पर असर पड़ा फिर भी चौधरी साहब ने अपनी बात कहनी शुरू कर दी थी। चौधरी चरण सिंह 1952, 1962 और 1967 की विधानसभा में जीते थे। गोविंद बल्लभ पंत की सरकार में पार्लियामेंट्री सेक्रेटरी रहे। रेवेन्यू, लॉ, इनफॉर्मेशन, हेल्थ कई मिनिस्ट्री में भी रहे, संपूर्णानंद और चंद्रभानु गुप्ता की सरकार में भी मंत्री रहे। 1967 में चरण सिंह ने कांग्रेस पार्टी छोड़कर भारतीय क्रांति दल नाम से अपनी पार्टी बना ली। राम मनोहर लोहिया का इनके ऊपर हाथ था। उत्तर प्रदेश में पहली बार कांग्रेस हारी और चौधरी चरण सिंह मुख्यमंत्री बने। चौधरी चरण सिंह 1967 और 1970 में मुख्यमंत्री बने। चौधरी चरण सिंह ने अपने मुख्यमंत्री काल में एक बड़ा निर्णय लेते हुए खाद पर से सेल्स टैक्स हटा लिया। सीलिंग से मिली जमीन किसानों में बांटने की कोशिश की पर उत्तर प्रदेश में ए सफल नहीं हो पाया। इसके बाद इंदिरा गांधी प्रधानमंत्री बनी तब देश में माहौल गड़बड़ हो गया था, 1975 में इंदिरा ने विवादास्पद निर्णय लिया और इमर्जेंसी लगा दी। चौधरी चरण सिंह भी जेल में डाल दिए गए। जेल में विरोधी पक्ष लामबंद हो गया और 1977 में लोकसभा के चुनाव हुए। इंदिरा बुरी तरह हारीं और देश में पहली बार गैर-कांग्रेसी पार्टियों ने मिलकर सरकार बनाई। मोरार जी देसाई प्रधानमंत्री बने, चौधरी चरण सिंह इस सरकार में उप-प्रधानमंत्री और गृह मंत्री रहे। वित्तमंत्री भी बने।जनता पार्टी को बनाने में उनका ही आधार और किसान शक्ति सबसे अधिक काम आई। जनता पार्टी के नेताओं, जिसमें आज की भाजपा और तबका जनसंघ भी शामिल था।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# अफगानिस्तान से रिश्तों में सुधार के पीछे कूटनीति



**अक्षत सरोत्री**

अक्सर एक बात सामने आती है कि दुश्मन का दुश्मन दोस्त होता है। अफगानिस्तान के साथ वीजा डिपलोमैसी शुरू करने के पीछे का कारण बहुत बड़ी कूटनीतिक चाल है। आपको याद होगा कुछ दिन पहले ही अफगानिस्तान की सरकार की चीन से बातचीत चल रही थी। आप इसके मायने समझ सकते हैं। चीन अफगानिस्तान में सेना का बेस चाहता है ताकि भारत पर दबाव बनाया जा सके।

चीन की यह वैसी ही चाल थी जैसी चीन कई सालों से बलूचिस्तान में रहकर पाकिस्तान के साथ मिलकर भारत के खिलाफ रच रहा है। आपको बता दें कि इसके लिए एक ऑनलाइन पोर्टल लॉन्च किया गया है, जो निवेशकों, कलाकारों, एथलीटों, छात्रों और इलाज के लिए आने वाले मरीजों और उनके अटेडेंड के साथ ही संयुक्त राष्ट्र राजनयिक वीजा के लिए आवेदन की अनुमति देता है। यह ऐसे समय में हो रहा है, जब पहलगाम आतंकी हमले के बाद से भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ा हुआ है।

नई दिल्ली ने अभी तक इस बारे में कोई आधिका. रिक बयान जारी नहीं किया है, लेकिन यह कदम भारत और तालिबान के बीच बढ़ते कूटनीतिक संबंधों के बीच उठाया गया है। इसी महीने भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने अफगानिस्तान में तालिबान सरकार के कार्यवाहक विदेश मंत्री आमिर खान मुत्ताकी से फोन पर बात की थी। काबुल में तालिबान की वापसी के बाद यह दोनों देशों के बीच पहली मंत्री स्तरीय वार्ता थी। अफगानिस्तान की सत्ता पर तालिबान का कब्जा हुए करीब चार साल बीत चुके हैं। 15 अगस्त, 2021 में तालिबान ने गनी की सरकार को गिराकर काबुल पर कब्जा कर लिया था, जिसके बाद दुनिया के लगभग सभी देशों ने तालिबान में अपने दूतावास बंद कर दिए थे। अब दुनिया का रुख तालिबान की प्रति बदल रहा है। इसका सबसे बड़ा उदाहरण बीते साल रूस द्वारा तालिबान को आतंकी संगठन की सूची से हटाना था। 2003 में रूस ने तालिबान को आतंकी संगठन घोषित किया था, लेकिन दिसंबर, 2024 में रूस ने तालिबान को इस सूची से हटा दिया था।

आपको बता दें कि भारत- अफगानिस्तान के बीच ऐतिहासिक संबंध रहे हैं और अशरफ गनी की सरकार के समय दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय रिश्ते भी बेहतर थे, लेकिन तालिबान के सत्ता पर काबिज होने के बाद भारत ने तालिबान के साथ अपने संबंधों को खत्म कर लिया। हालांकि, अब वक्त बदल रहा है। अफगानिस्तान की तालिबानी सरकार के साथ भारत की बातचीत की शुरुआत इसी साल जनवरी में हुई थी। जनवरी में विक्रम मिसरी और मुत्ताकी के बीच दुबई में बातचीत हुई थी। अब विदेश मंत्री जयशंकर ने खुद तालिबान के विदेश मंत्री से बातचीत की थी। हालांकि, अभी तक भारत की ओर से औपचारिक रूप से तालिबान की सरकार को मान्यता नहीं दी है। तालिबान के सत्ता में आने के बाद से ही पाकिस्तान से उसकी ठनी हुई है। भारत-अफगानिस्तान की तालिबान सरकार के बीच शुरू हो रही यह बातचीत पाकिस्तान जैसे दुश्मन को रणनीतिक रूप से घेरने के रूप में देखी जा रही है। अफगानिस्तान ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले की निंदा की थी। इसके बाद जब पाकिस्तान की ओर से कहा गया कि भारत ने अफगानिस्तान को निशाना बनाकर मिसाइल हमला किया, तो खुद तालिबान की सरकार ने इसका खंडन कर दिया था।

आपको बता दें कि अभी कुछ दिन पहले ही बीजिंग में पाकिस्तान के उपप्रधानमंत्री और विदेश मंत्री इशाक डार, चीनी विदेश मंत्री वांग ई और अफगानिस्तान के कार्यवाहक विदेश मंत्री आमिर खान मुत्ताकी ने मिलकर अपने-अपने देशों में व्यापार, बुनियादी ढांचे और विकास को बढ़ावा देने पर विचार-विमर्श किया था। बैठक के बाद, इशाक डार ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा, पाकिस्तान, चीन और अफगानिस्तान क्षेत्रीय शांति, स्थिरता और विकास के लिए एक साथ खड़े हैं। यह बैठक तीन देशों के बीच सहयोग को और मजबूत करने का संकेत देती है, लेकिन भारत के लिए यह एक चुनौतीपूर्ण कदम हो सकता है। हालांकि आपको बता दें इस बैठक को फेल करने के लिए भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर पहले ही मन बना चुके थे। भारत ने चीन-पाकिस्तान इकोनॉमिक कॉरिडोर के किसी तीसरे देश में विस्तार पर कड़ा विरोध जताया था। भारत का कहना है कि CPEC का एक हिस्सा पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर से होकर गुजरता है और इसे भारत अपनी संप्रभुता का उल्लंघन मानता है। भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने पिछले साल कहा था कि जो भी देश CPEC प्रोजेक्ट में शामिल होंगे, वे जम्मू-कश्मीर में भारत की संप्रभुता का उल्लंघन करेंगे। भारत ने इस कारण से चीन के बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव में शामिल होने से इंकार कर दिया है, जो कि लगभग 60 बिलियन डॉलर का एक विशाल प्रोजेक्ट है। इस प्रोजेक्ट में पाकिस्तान के जरिए एक बड़े पैमाने पर इंफ्रास्ट्रक्चर और विकास कार्य किए जाने हैं, जो भारत के लिए चिंता का विषय है। इसके अतिरिक्त आपको याद होगा कि भारत-अफगानिस्तान के बीच चाबहार पोर्ट को लेकर भी साझेदारी है। वहीं इंटरनेशनल नॉर्थ साउथ ट्रांसपोर्ट कॉरिडोर को लेकर भी दोनों देश मिलकर काम कर रहे हैं। यह कॉरिडोर भारत से लेकर ईरान, रूस होते हुए यूरोप को जोड़ने वाला है। इस तरह दो अहम प्रोजेक्ट्स में दोनों देश साथ हैं और पाकिस्तान के साथ दोनों के ही संबंध सहज नहीं हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# एक म्यान, दो तलवारें: शौर्य की अद्वितीय मिसाल थे महाराणा प्रताप




**योगेश कुमार गोयल**

अपनी वीरता, स्वाभिमान, दृढ़ संकल्प और त्याग से इतिहास में अपना नाम स्वर्णाक्षरों में अंकित कराने वाले हिन्दू हृदय सम्राट वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप 16वीं शताब्दी के ऐसे कुशल वीर योद्धा थे, जिन्होंने विभिन्न युद्धों में अपने अदम्य साहस का प्रदर्शन किया। अपने साम्राज्य की रक्षा के लिए उन्होंने अपने जीवनकाल में हमेशा मुगलों को समय-समय पर दांतों चने चबाने पर विवश किया। दरअसल मेवाड़ के शासक महाराणा प्रताप ऐसे महान वीर और निर्भीक शासक थे, जिन्हें मुगलों का शासन कदापि स्वीकार नहीं था। मेवाड़ में सिसोदिया राजवंश के राजा राणा उदय सिंह और महारानी जयवंता बाई के ज्येष्ठ पुत्र महाराणा प्रताप बचपन से ही घुड़सवारी, तीरंदाजी और युद्ध कला में भी पारंगत थे। उनकी वीरता से भारत भूमि तो गौरवान्वित हुई ही, मेवाड़ की वह शौर्य-भूमि भी धन्य हुई, जहां उन्होंने जन्म लिया था। इतिहासक. ार महाराणा प्रताप को ऐसा योद्धा मानते हैं, जिनके युद्ध कौशल के दुश्मन भी कायल थे और इसीलिए प्राय: दुश्मन भी उन्हें सलाम करते थे। मेवाड़ की धरती को मुगलों के आतंक से बचाने के लिए उन्होंने अनेक लड़ाईयां लड़ी, जिनके कारण ही उनका नाम पराक्रमी, शूरवीर, साहसी, महान् राष्ट्रभक्त और एक वीर सम्राट के रूप में इतिहास के पन्नों में अजर-अमर हो गया। युद्ध कला और नीति निर्माण में निपुण महाराणा प्रताप की शौर्य गाथाएं मेवाड़ में तो आज भी लोकगीतों के माध्यम से बताई जाती हैं।

इन्हीं हिन्दू हृदय सम्राट महाराणा प्रताप की जयंती हिंदी कैलेंडर के अनुसार इस वर्ष 29 मई को मनाई जा रही है, जिसे लेकर मेवाड़ में एक सप्ताह पहले ही कार्यक्रम शुरू हो गए थे। महान राजपूत शासक मेवाड़ के 13वें राजा महाराणा प्रताप का जन्म 1540 में राजस्थान के मेवाड़ में ज्एष्ठ मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि के दिन पुष्य नक्षत्र में हुआ था। बचपन में उन्हें कीका के नाम से पुकारा जाता था और उनका राज्याभिषेक गोग. ुंदा में हुआ था। दरअसल बचपन में महाराणा प्रताप का जीवन काफी समय तक भीलों के साथ भी बीता। भील उस समय अपने पुत्र को कीका कहकर संबोधित करते थे, इसीलिए महाराणा प्रताप को भी कीका कहकर संबोधित किया जाता था। महाराणा प्रताप की शौर्य गाथाओं से तो हालांकि आज की पीढ़ी भी परिरि. चत होगी ही, लेकिन यह तथ्य कम लोग ही जानते होंगे कि युद्ध के समय वे एक म्यान में एक साथ दो तलवारें रखा करते थे, एक स्वयं के लिए और दूसरी दुश्मन के लिए। यही नहीं, वह एक कुशल योद्धा की भांति कभी किसी निहत्थे पर वार भी नहीं करते थे और जरूरत पड़ने पर म्यान से निकालकर अपनी ही दूसरी तलवार शत्रु को लड़ने के लिए दे देते थे। महाराणा प्रताप जब युद्ध के लिए प्रस्थान करते थे तो 208 किलोग्राम वजनी दो तलवारें, 72 किलोग्राम का कवच और 80 किलोग्राम का भाला अपने साथ लेकर जाते थे। महाराणा प्रताप के 24 भाई और 20 बहनें थी। उनके एक सौतेले भाई जगमल ने उन्हें धोखा देते हुए अजमेर जाकर अकबर से संधि कर ली थी लेकिन महाराणा प्रताप अकबर के विशाल साम्राज्य के समक्ष कभी नहीं झुके और उन्होंने जीते-जी अकबर की अधीनता को कभी स्वीकार नहीं किया बल्कि अकबर के साथ कई वर्षों तक संघर्ष किया। उन्होंने देश के पहले स्वतंत्रता संग्राम का नेतृत्व किया और हल्दी घाटी युद्ध में अकबर के साथ वीरतापूर्वक लड़े। महाराणा प्रताप और मुगल बादशाह अकबर के बीच 18 जून 1576 को हल्दी घाटी में भीषण युद्ध हुआ था। उस युद्ध में महाराणा प्रताप को अफगानी राजाओं का समर्थन प्राप्त था। अफगानी हाकिम खान अंतिम सांस तक युद्ध में राजपूतों की ओर से लड़े थे। अन्न की कमी के कारण महाराणा प्रताप की सेना को हार का सामना पड़ा था, लेकिन महाराणा प्रताप ने अकबर की 85 हजार सैनिकों वाली विशाल सेना के सामने अपने 20 हजार सैनिकों और सीमित संसाधनों के बल पर स्वतंत्रता के लिए वीरतापूर्वक संघर्ष किया। हालांकि महाराणा प्रताप को उस युद्ध के मैदान से भागने के लिए विवश होना पड़ा था, लेकिन उन्होंने जब तक बड़ी संख्या में अकबर की सेना का सफाया करने में कामयाबी हासिल की थी, जिसके चलते उनकी बहादुरी की अपार प्रशंसा हुई। उस युद्ध में जख्मी होने के बावजूद महाराणा मुगलों के हाथ नहीं आए।

हल्दी घाटी की हार के बाद भी दृढ़ निश्चई, पराक्रमी और वीरता की मिसाल महाराणा प्रताप ने हार नहीं मानी और नई रणनीति के तहत मुगलों से लोहा लेने का संकल्प लिया। इसके लिए उन्होंने गुरिल्ला युद्ध की रणनीति अपनाई और अरावली की पहाड़ियों में शरण ली। वहीं से ही उन्होंने मुगल सेना पर खूब छापामार हमले किए। 12 वर्षों तक उन्होंने वनवास में रहकर ही संघर्ष किया और मेवाड़ को मुगलों से मुक्त कराने का निरंतर प्रयास करते रहे। कहा जाता है कि जंगल में रहते हुए उन्होंने न जमीन पर सोकर रातें गुजारी बल्कि केवल घास की ही रोटी भी खाई लेकिन अकबर के सामने कभी हार नहीं मानी। गुरिल्ला युद्ध के जरिए वे हर पल मुगलों की नाक में नकेल कसते रहे और इस प्रकार उन्होंने अपनी मातृभूमि की रक्षा के लिए अपना सब कुछ न्योछावर कर दिया। 30 वर्ष लंबे संघर्ष और युद्ध के बाद भी अकबर महाराणा प्रताप को न तो बंदी बना सका और न ही झुका सका। महाराणा प्रताप के शौर्य की बात हो और उनके प्रिय घोड़े चेतक का जिक्र न किया जाए, यह भी संभव नहीं। दरअसल महान राजपूत योद्धा महाराणा प्रताप का अश्व चेतक भी उन्हीं की भांति वीर योद्धा था, जो दुनिया के सर्वश्रेष्ठ घोड़ों में से एक था। चेतक महाराणा प्रताप के प्रति वफादारी के लिए जाना जाता है, जो एक बेहद बुद्धिमान और ताकतवर घोड़ा था। युद्ध में दुश्मन को चकमा देने के उद्देश्य से उसके मुंह के आगे हाथी की सूंड लगाई जाती थी। एक बार जब मुगल सेना महाराणा प्रताप के पीछे लगी थी, तब चेतक महाराणा प्रताप को अपनी पीठ पर लिए 26 फीट के उस नाले को भी लांघ गया था, जिसे मुगल पार नहीं कर सके। हल्दी घाटी युद्ध में चेतक बुरी तरह घायल हो गया था, जिसके बाद उसकी मृत्यु हो गई और आज उसी युद्धस्थल के पास चेतक का मंदिर बना हुआ है। वीरता, स्वाभिमान और दृढ़ संकल्प के प्रतीक महाराणा प्रताप केवल एक महान योद्धा ही नहीं थे बल्कि एक आदर्श शासक और प्रेरणादायक व्यक्तित्व भी थे, जिन्होंने अपने जीवनकाल में कुंभलगढ़ किले का निर्माण, चावंड, रणकपुर और जगन्नाथपुरी जैसे मंदिरों का निर्माण कराया और गायों की रक्षा के लिए अनेक गौशालाओं की भी स्थापना की। महाराणा प्रताप सदैव भारत के वीर योद्धाओं और देशभक्तों के लिए प्रेरणास्रोत बने रहेंगे। युद्ध और शिकार के दौरान लगी चोटों के कारण 56 वर्ष की आयु में 29 जनवरी 1597 को उन्हें वीरगति प्राप्त हुई। महाराणा प्रताप ने कुल 11 शादियां की थी और उनके कुल 17 बेटे और 5 बेटियां थी। महाराणा प्रताप के बाद गद्दी पहली पत्नी अजाब्दे पंवार के बेटे अमर सिंह को मिली थी।





# अमेरिका ने इजरायल को 90 हजार टन से अधिक हथियार भेजेः रिपोर्ट



- इजरायल के हमलों से दो महीने से अधिक समय में 3900 से अधिक लोग मारे गए
- 2023 से गाजा संघर्ष में मारे गए लोगों की संख्या 54056 तक पहुंच गई

**मास्को।** अमेरिका ने अक्टूबर 2023 से अब तक इजरायल को 90 हजार टन से अधिक सैन्य आपूर्ति की है, जिसमें बख्तरबंद वाहन और गोला-बारूद भी शामिल हैं। द टाइम्स ऑफ इजरायल अखबार ने इजरायली रक्षा मंत्रालय के हवाले से यह जानकारी दी है।

उन्होंने बताया कि अक्टूबर 2023 में गाजा संघर्ष शुरू होने के बाद से अब तक अमेरिका से 800 परिवहन विमान और 140 जहाज हथियारों से लैस इजरायल पहुंच चुके हैं। रिपोर्ट के अनुसार इजरायल को दिए गए सैन्य उपकरणों में 'बख्तरबंद वाहन, युद्ध सामग्री, गोला-बारूद, व्यक्तिगत सुरक्षा गियर और चिकित्सा उपकरण' शामिल हैं। इजरायल ने 18 मार्च को ऑपरेशन गिदोन के रथ के हिस्से के रूप में गाजा पट्टी में एक नए हमले की शुरुआत की घोषणा की थी। जिसके बारे में इजरायल का दावा है कि ऑरेशन गिदोन से अंततः हमास को पराजित किया जा सकेगा। गाजा स्वास्थ्य प्राधिकरण का अनुमान है कि इजरायल के हमलों से दो महीने से अधिक समय में 3900 से अधिक लोग मारे गए हैं। वहीं, गाजा स्वास्थ्य मंत्रालय ने कल बताया कि सात अक्टूबर, 2023 से गाजा संघर्ष में मारे गए लोगों की संख्या 54,056 तक पहुंच गई है।

## रूसी वायु रक्षा ने तीन घंटे में 112 ड्रोन किए नष्ट



**मास्को।** रूसी वायु रक्षा ने पिछले तीन घंटों में छह रूसी क्षेत्रों में 112 यूक्रेनी ड्रोन को रोका और नष्ट कर दिया। यह जानकारी रूसी रक्षा मंत्रालय ने बुधवार को दी। मंत्रालय ने कहा कि 27 मई को मास्को के समय के अनुसार 21:00 से 28 मई को 00:00 तक, वायु रक्षा प्रणालियों ने 112 यूक्रेनी विमान-प्रकार के मानव रहित हवाई वाहनों को नष्ट कर दिया। इनमें से ब्रांस्क क्षेत्र में 59, बेलगोरोड क्षेत्र में 19, तुला क्षेत्र में 13, कुर्स्क क्षेत्र में 10, ओर्योल क्षेत्र में आठ और कलुगा क्षेत्र में तीन शामिल हैं।

## वेनेजुएला ने अपने नागरिकों से अमेरिका यात्रा से परहेज करने का किया आग्रह

**कराकस।** वेनेजुएला ने अपने नागरिकों से अमेरिका जाने से बचने का आग्रह किया गया। विदेश मंत्री यवन गिल ने टेलीग्राम पर एक यात्रा चेतावनी जारी की। उन्होंने कथित मानवाधिकार उल्लंघन का हवाला देते हुए कहा कि अमेरिका में वेनेजुएला के लोगों को निर्वासन, परिवार से अलग होने और मनमाने ढंग से हिरासत में लिए जाने का खतरा है। उन्होंने अमेरिका पर 'प्रवासन ब्लैकमेल' का उपयोग करने और ज़ेनोफ़ोबिया को बढ़ावा देने का भी आरोप लगाया। यह चेतावनी अमेरिकी विदेश विभाग द्वारा अमेरिकियों और कानूनी निवासियों को वेनेजुएला की यात्रा न करने की सलाह दिए जाने के कुछ घंटों बाद आई।



गुलमर्ग। अपने मंत्रियों और शीर्ष अधिकारियों के साथ बैठक के बाद जम्मू-कश्मीर के सीएम उमर अब्दुल्ला।

## अमेरिका-कनाडा के साथ इस साल के अंत में होगी मुक्त व्यापार समझौते की समीक्षाः एडरार्ड

**मेक्सिको सिटी।** मेक्सिको के वित्त मंत्री मार्सेलो एबरार्ड ने कहा है कि मुक्त व्यापार पर अमेरिका-मेक्सिको-कनाडा समझौते की आगामी समीक्षा बैठक सितम्बर के अंत या अक्टूबर की शुरुआत में शुरू हो सकती है। एबरार्ड ने यहां संवाददाताओं से कहा कि आने वाले महीनों में मुक्त व्यापार समझौते की समीक्षा से पहले अमेरिकी विनियमों के लिए विभिन्न क्षेत्रों के साथ परामर्श करने की जरुरत है। उन्होंने कहा कि मेक्सिको भी 'हर चीज का मूल्यांकन' करेगा। वित्त मंत्री ने कहा कि वह मौजूदा समय में देश के व्यापार क्षेत्र के साथ स्टील और एल्यूमीनियम के मुद्दों पर काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि मेक्सिको की अर्थव्यवस्था उत्तरी अमेरिका में अधिक एकीकरण के साथ 'आर्थिक क्षेत्रीयकरण' के दौर में प्रवेश करेगी।

## ईरान गए तीन भारतीयों के परिजन लापता

- इस घटना को लेकर भारत सरकार की ओर से चिंता जाहिर की गई
- ये सभी पंजाब के अलग-अलग जिलों के रहने वाले हैं

**तेहरान।** भारत के तीन नागरिक जो हाल ही में ईरान की यात्रा पर गए थे, उनके परिवार वालों ने भारतीय दूतावास को बताया है कि वे लापता हो गए हैं। इस पर भारतीय दूतावास ने तेहरान में ईरानी अधिकारियों के समक्ष इस मामले को तुरंत सूचित किया है।

इस मामले में ईरान में मौजूद भारतीय दूतावास ने ईरानी प्रशासन से साफ-साफ कहा है कि लापता भारतीय नागरिकों को जल्द से जल्द ढूंढा जाए और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। भारतीय दूतावास ने यह भी बताया है कि वे लगातार लापता लोगों के परिवारों से संपर्क में हैं और इस मामले में हो रही कार्रवाई से उन्हें हर अपडेट दे रहे हैं। भारतीय दूतावास ने कहा कि हमने यह मामला मजबूती से उठाया है और ईरान सरकार से निवेदन किया है कि इन भारतीय नागरिकों को ढूंढने के लिए जरूरी कदम तुरंत उठाए जाएं। इस घटना को लेकर भारत सरकार की ओर से चिंता जाहिर की गई है और उम्मीद की जा रही है कि जल्द ही इन नागरिकों का पता चल जाएगा। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, ये सभी पंजाब के अन्य-अन्य जिलों के रहने वाले हैं। जो 11 मई को तेहरान पहुंचे और उसके बाद से ही लापता है। परिजनों के अनुसार, एक ट्रैवल एजेंट ने उन सभी को आस्ट्रेलिया भेजने का वादा किया और ईरान में रुकने की सुविधा कराने की बात कही, लेकिन ईरान पहुंचने के बाद से उनका कोई अता-पता नहीं है।

## इंडोनेशिया-फ्रांस ने गाजा में युद्ध विराम निर्बाध मानवीय पहुंच का किया आह्वान

**जकार्ता।** इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांटो और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने बुधवार को गाजा में युद्ध को तत्काल रोकने और मानवीय सहायता तक निर्बाध पहुंच का आह्वान किया। प्रबोवो ने स्टेट पैलेस (राष्ट्रपति भवन) में मैक्रों का स्वागत किया, जहां दोनों नेताओं ने कई मुद्दों पर चर्चा की। प्रबोवो ने बैठक के बाद संयुक्त संवाददाता सम्मलेन को संबोधित करते हुए कहा कि हम अंतर्राष्ट्रीय कानून के सम्मान को बनाए रखने में एक-दूसरे के साथ समन्वय करने पर सहमत हुए है। उन्होंने कहा कि दोनों देश (इंडोनेशिया और फ्रांस) ने संप्रभु देश के रूप में फलस्तीनी स्वतंत्रता की दिशा में प्रयासों का समर्थन करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है।

## भारत शांति चाहता है, पाकिस्तान नहींः थरूर

### बोलेः भारत युद्ध नहीं चाहता था, लेकिन आतंकवादियों को सजा दिए बिना नहीं छोड़ा जा सकता

- भारत को 1989 से लगातार आतंकी हमलों का सामना करना पड़ा है
- इस मुलाकात के बाद पनामा ने भारत के समर्थन का ऐलान किया



**पनामा।** पनामा के दौरे पर पहुंचे कांग्रेस नेता शशि थरूर ने कहा कि भारत अकेले शांति से जीना चाहता है, लेकिन पाकिस्तान ऐसा नहीं होने देता। उन्होंने साफ किया कि भारत युद्ध नहीं चाहता था, लेकिन आतंकवादियों को सजा दिए बिना नहीं छोड़ा जा सकता। थरूर ने कहा कि पाकिस्तान लगातार भारत के खिलाफ आतंकी हमलों को बढ़ावा दे रहा है।

भारत ने आपरेशन सिंदूर इसलिए शुरू किया क्योंकि पाकिस्तान ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले के अपराधियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की थी। आतंकवाद के खिलाफ पनामा का भारत को समर्थन थरूर के नेतृत्व में एक सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल पनामा की यात्रा पर पहुंचा है। इसमें भाजपा, कांग्रेस और दूसरे दलों के सांसद भी हैं। इस यात्रा का मकसद दुनिया को भारत की आतंकवाद के खिलाफ एकजुटता और सख्त रवैये का संदेश देना है। इस मुलाकात के बाद पनामा ने भारत के समर्थन का ऐलान किया है। पनामा की असेंबली की अध्यक्ष डाना कास्टानेडा ने कहा है कि पनामा शांति के इस अभियान में भारत के साथ खड़ा होना चाहता है, और हमें उम्मीद है कि हम आतंकवाद को हरा सकते हैं। कास्टानेडा के साथ बैठक में कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने कहा कि हम सभी अलग-अलग राजनीतिक पृष्ठभूमि और भारत के अलग-अलग हिस्सों से आते हैं लेकिन हम राष्ट्रीय उद्देश्य में एकजुट हैं। शशि थरूर ने मंगलवार को पनामा में भारतीय समुदाय के लोगों को भी संबोधित किया। थरूर ने कहा कि भारत को 1989 से लगातार आतंकी हमलों का सामना करना पड़ा है और यह स्थिति अब और बर्दाश्त नहीं की जा सकती। उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय समुदाय से अपील की कि वे अपराधियों की पहचान करें और उन पर कार्रवाई करें। उन्होंने यह भी बताया कि इस आपरेशन में भारत ने पाकिस्तान के भीतर मौजूद नौ आतंकवादी ठिकानों पर हमला किया। यह केवल नियंत्रण रेखा (एलओसी) तक सीमित नहीं रहा, बल्कि भारत ने अंतर्राष्ट्रीय सीमा को भी पार किया। थरूर ने कहा कि इससे पहले भारत ने 2016 में उरी हमले के बाद और 2019 में पुलवामा हमले के बाद पाकिस्तान के भीतर आतंकवादी ठिकानों को निशाना बनाया था, लेकिन इस बार हमला और भी ज्यादा भीतर तक किया गया। थरूर ने आतंकियों को स्पष्ट चेतावनी देते हुए उन्होंने कहा कि अब हर हमले की कीमत चुकानी पड़ेगी और भारत इस दिशा में किसी तरह की नरमी नहीं दिखाएगा। थरूर की टीम ने पनामा से पहले गुयाना का दौरा किया था, जहां उन्होंने 26 मई को गुयाना के स्वतंत्रता दिवस समारोह में भाग लिया और वहां के प्रधानमंत्री और मंत्रियों के साथ आतंकवाद जैसे मुद्दों पर चर्चा की। थरूर ने गुयाना से भी पाकिस्तान को चेतावनी दी थी। उन्होंने कहा था कि भारत का इरादा सिर्फ जवाबी कार्रवाई करना था। भारत, पाकिस्तान के साथ लम्बी लड़ाई नहीं चाहता था, लेकिन अगर पाकिस्तान दोबारा हमला करने की हिमाकत करता है तो फिर हमारा जवाब पहले से भी ज्यादा आक्रामक होगा।

## कम्बोडिया, थाइलैंड सैनिकों के बीच झड़प

**नॉम पेन्ह।** कम्बोडिया और थाईलैंड के सैनिकों के बीच बुधवार सुबह एक विवादित सीमा क्षेत्र में कुछ देर के लिये झड़प हुई। कम्बोडियाई सेना के प्रवक्ता माओ फाल्ला ने शिन्हुआ संवाद समिति से टेलीफोन पर कहा कि सीमा क्षेत्र में कम्बोडिया और थाईलैंड सैनिकों के बीच करीब 10 मिनट तक सशस्त्र झड़प हुई, लेकिन मुझे अभी तक नहीं पता कि पहले किसने गोली चलाई। उन्होंने कहा कि संघर्ष किस कारण से हुआ, अभी इसका भी पता नहीं चला है। फिलहाल, हताहतों के बारे में तत्काल जानकारी उपलब्ध नहीं है। प्रवक्ता ने बताया कि दोनों पक्षों के स्थानीय कमांडरों की ओर से एक-दूसरे से बातचीत करने और संघर्षविराम का आदेश देने के बाद स्थिति शांत हो गई है।

## दो भारतीय शांति रक्षकों को यूएन मरणोपरांत करेगा सम्मानित

- भारत संयुक्त राष्ट्र शांति सेना में चौथा सबसे ज्यादा योगदान करने वाला देश है

**न्यूयार्क।** संयुक्त राष्ट्र दो भारतीय शांतिरक्षकों को मरणोपरांत सम्मानित करेगा। दोनों भारतीय शांतिरक्षक अपने कर्तव्य को निभाने के दौरान बलिदान हो गए थे। यह सम्मान समारोह 29 मई को अंतर्राष्ट्रीय शांति रक्षक दिवस के अवसर पर आयोजित किया जाएगा।

जिन दो भारतीय शांतिरक्षकों को सम्मानित किया जाएगा, उनमें ब्रिगेडियर जनरल अमिताभ झा और हवलदार संजय सिंह शामिल हैं। ब्रिगेडियर जनरल अमिताभ झा, यूएन डिसइंगेजमेंट आब्जर्वर फोर्स और हवलदार संजय सिंह यूएन स्टैबलाइजेशन मिशन, कांगो में तैनात थे। दोनों को मरणोपरांत डैग हैमर्सजोल्ड मेडल से सम्मानित किया जाएगा। भारत संयुक्त राष्ट्र शाति सेना में चौथा सबसे ज्यादा योगदान करने वाला देश है। फिलहाल विभिन्न यूएन शांति रक्षक अभियानों में भारत के 5300 सैन्य और पुलिस जवान तैनात हैं। ये सैनिक अबेई, सेंट्रल अफ्रीकन रिपब्लिक, डेमोक्रेटिक रिपब्लिकन ऑफ कांगो, लेबनान, सोमालिया, साउथ सूडान और वेस्टर्न सहारा जैसे देशों में तैनात हैं। 29 मई को होने वाले सम्मान समारोह में संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनिया गुटेरेस 1948 से अब तक संयुक्त राष्ट्र मिशन में बलिदान हुए 4400 शांति रक्षकों की याद में पुष्पांजलि अर्पित करेंगे। सम्मान समारोह में कुल 57 सैन्य, पुलिस और सामान्य नागरिक शांति रक्षकों को मरणोपरांत सम्मानित किया जाएगा।

ये 57 शांति सैनिक बीते साल विभिन्न यूएन मिशन में बलिदान हुए। बीते साल भारतीय सेना की मेजर राधिका सेन को '2023 यूएन मिलिट्री जेंडर एडवोकेट ऑफ द ईयर अवार्ड' से सम्मानित किया गया था। 2024 का मिलिट्री जेंडर एडवोकेट सम्मान घाना के स्क्वाड्रन लीडर शैरोन मिनसोटे और यूएन की महिला पुलिस अधिकारी सिएरा लिओन की सुपरीटेंडेंट जैनब गबला को दिया जाएगा। अंतर्राष्ट्रीय संयुक्त राष्ट्र शांति सैनिक दिवस की शुरुआत साल 2002 में की गई थी।

## श्रीलंका में नशीले पदार्थ की तस्करी में शामिल 11 गिरफ्तार

**कोलंबो।** श्रीलंका के अधिकारियों ने समुद्री अभियान में 600 किलोग्राम से अधिक हेरोइन और क्रिस्टल मेथामफेटामाइन जब्त की है। श्रीलंका की नौसेना, राज्य खुफिया सेवा और पुलिस नारकोटिक्स ब्यूरो की संयुक्त टीम ने इस मामले में 11 आरोपियों को गिरफ्तार किया है तथा दो मछली पकड़ने वाली नावें भी बरामद की गई है। अधिकारियों ने बताया कि कार्रवाई में देश के दक्षिणी समुद्री क्षेत्र में दो मछली पकड़ने वाली नावों से 600 किलोग्राम से अधिक हेरोइन और मेथामफेटामिन (आइस) बरामद की गईं। नावों को डिकोविता बंदरगाह लाया गया, जहां नशीली दवाओं की खेप और आरोपियों को हिरासत में लिया गया।

## गाजा में खाने के लिए मची भगदड़

### तीन की मौत, 46 घायल, सात लोग अभी लापता



- इजरायली सैनिकों ने किया था हवाई फायर

**राफा।** गाजा के दक्षिणी शहर राफा में मंगलवार को खाना लेने पहुंचे लोगों में भगदड़ मच गई। इससे 3 लोगों की मौके पर मौत हो गई, वहीं 46 घायल हो गए। इसके अलावा 7 लोग लापता भी हैं। अल जजीरा की रिपोर्ट के मुताबिक यह भगदड़ इजरायली सैनिकों के हवा में फायर करने के बाद बची।

वहीं इजरायल सेना ने कहा कि उसके सैनिकों ने भीड़ को नियंत्रण में रखने के लिए चेतावनी के तौर पर गोलियां चलाई थीं। गाजा में लोगों को खाना मुहैया कराने के लिए फूड सेंटर शुरू किए जा रहे हैं। मंगलवार को राफा शहर में ऐसे ही एक सेंटर पर खाना लेने के लिए हजारों लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई थी। इजरायली फायरिंग के बाद हजारों फलस्तीनी खाने के लिए सेंटर पर दौड़ पड़े। राफा में आज जो कुछ हुआ, वह एक जानबूझकर किया गया नरसंहार और एक पूर्ण युद्ध अपराध है। गाजा में फिलहाल एक हफ्ते के लिए मदद पहुंचाई जाएगी। इस दौरान इजरायल गाजा में खाना बांटने के लिए नए वितरण केंद्र बनाएगा। ये सेंटर इजरायली सेना की निगरानी में रहेंगे। इसका संचालन अमेरिकी कंपनियां करेंगी। नई व्यवस्था के तहत गाजा के लोगों को गाजा ह्यूमैनिटेरियन फाउंडेशन (जीएचएफ) के जरिए मदद दी जाएगी। हालांकि कई सहायता एजेंसियों ने इस योजना की आलोचना की है। उनका कहना है कि इससे मानवाधिकार का उल्लंघन होता है। संयुक्त राष्ट्र (यूएन) का कहना है कि वह जीएचएफ के साथ काम नहीं करेंगे, क्योंकि यह निष्पक्ष नहीं है। गाजा में जीएचएफ के 4 वितरण केंद्र खोले जाने की तैयारी है जबकि यूएन के पूरे गाजा में 400 वितरण केंद्र हैं। अगर जीएचएफ से गाजा के लोगों को खाना मिले तो बहुत कम लोगों तक ही मदद पहुंच पाएगी।



### ट्रम्प का फितूर बदस्तूर जारी

## स्टूडेंट वीजा को लेकर अब अमेरिका में आई शामत

- यूएस जाने वाले छात्रों के सोशल मीडिया की जांच होगी, क्लास छोड़ने पर वीजा रद्द कर दिया जाएगा

**वाशिंगटन।** अमेरिकी सरकार ने विदेशी छात्रों के लिए नए वीजा इंटरव्यू पर रोक लगा दी है। विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने मंगलवार को इसे लेकर एक आदेश जारी किया। आदेश का मकसद देश की यूनिवर्सिटीज में यहूदी विरोध और वामपंथी विचारों को रोकना है।

रुबियो ने दुनिया भर में अमेरिकी दूतावासों को आदेश जारी कर कहाः वे स्टूडेंट वीजा के लिए नए इंटरव्यू शेडयूल न करें, क्योंकि ट्रम्प सरकार अमेरिका आने वाले छात्रों के सोशल मीडिया प्रोफाइल की जांच को और सख्त करने जा रही है। उन्होंने आगे कहाः तत्काल प्रभाव से कांसुलर सेक्शन आगे के दिशानिर्देश जारी होने तक स्टूडेंट या एक्सचेंज विजिटर (एफ, एम और जे) वीजा के लिए नए अपाइंटमेंट की इजाजत नहीं दे। हालांकि पहले से शेडयूल किए गए इंटरव्यू हो सकते हैं, लेकिन लिस्ट में नए अपाइंटमेंट नहीं जोड़े जाएं। यह रोक एफ, एम और जे वीजा केटेगरी पर लागू होती है, जो ज्यादातर अंतर्राष्ट्रीय छात्रों और एक्सचेंज विजिटर्स को कवर करती हैं। दावा है कि ये इन प्रोग्राम्स के जरिए आने वाले छात्र अमेरिका सुरक्षा के लिए खतरा हो सकते हैं या यहूदी-विरोधी माहौल को बढ़ावा दे सकते हैं। ट्रम्प सरकार ने अधिकारियों को इंस्टाग्राम, टिकटाक और एक्स जैसे प्लेटफार्म पर पोस्ट, लाइक, कमेंट और शेयर की जांच करने के भी आदेश दिए हैं, ताकि राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा माने जाने वाले कंटेंट का पता लगाया जा सके। द गार्जियन के मुताबिक अधिकारी मार्च से, उन छात्रों के सोशल मीडिया की जांच कर रहे हैं, जो फलस्तीन समर्थक प्रदर्शनों में शामिल थे। वे ऐसे पोस्ट के स्क्रीनशाट ले रहे हैं, जिन्हें अपमानजनक माना जाता है, भले ही बाद में वह कंटेंट हटा दिया गया हो। हालांकि इस आदेश में यह साफ तौर पर नहीं बताया गया है कि भविष्य में सोशल मीडिया जांच में क्या देखा जाएगा। पहले, सोशल मीडिया जांच केवल उन छात्रों के लिए लागू थी, जो फलस्तीन समर्थक प्रदर्शनों में शामिल थे। ट्रम्प प्रशासन ने कहा है कि कोई विदेशी छात्र बिना जानकारी कोर्स छोड़ता है, क्लास नहीं जाता या पढ़ाई बीच में छोड़ता है, तो उसका स्टूडेंट वीसा रद्द किया जा सकता है। भारत में अमेरिकी दूतावास ने एक बयान में जारी कर इसकी जानकारी दी। दूतावास ने किसी भी समस्या से बचने के लिए हमेशा अपने वीजा शर्तों का पालन करने के लिए कहा। दूसरी तरफ ट्रम्प प्रशासन हार्वर्ड यूनिवर्सिटी के साथ लगभग 850 करोड़ रुपये का कान्ट्रैक्ट रद्द करने की तैयारी कर रहा है।

## ट्रम्प ने रोमानिया के राष्ट्रपति डैन को अमेरिका आने का दिया न्यौता

**बुखारेस्ट।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने मंगलवार शाम रोमानिया के राष्ट्रपति निकुसोर डैन से फोन पर बात की और उन्हें अमेरिका आने का निमंत्रण दिया। रोमानियाई प्रसारक डिजी24 ने सूत्रों का हवाले से अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी है। गौरतलब है कि मई 2025 का चुनाव जीतने के बाद डैन ने सोमवार को पदभार संभाला। उन्होंने चार दलों-सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी, सेव रोमानिया यूनियन पार्टी, नेशनल लिबरल पार्टी और रोमानिया में हंगरी के डेमोक्रेटिक अलायंस की भागीदारी के साथ एक नया मंत्रिमंडल बनाने पर बातचीत शुरू की। विपक्षी गठबंधन ने रोमानियाई संघ के अधिकारियों पर चुनाव धोखाधड़ी और विदेशी हस्तक्षेप का आरोप लगाते हुए डैन के शपथग्रहण समारोह का बहिष्कार करने की घोषणा की। रिपोर्ट में कहा गया कि दोनों नेताओं के बीच बातचीत करीब दस मिनट तक चली। हाल के वर्षों में, रक्षा, ऊर्जा सुरक्षा और आर्थिक सहयोग के क्षेत्रों में अमेरिका और रोमानिया के संबंध मजबूत हुए हैं। देवेसेलु में अमेरिकी मिसाइल रक्षा बेस 2016 से रोमानियाई क्षेत्र में काम कर रहा है, और 2023 में दोनों देशों ने परमाणु ऊर्जा विकास के क्षेत्र में सहयोग पर एक समझौते पर हस्ताक्षर किए थे।

## यमन शरणार्थी को रिहा करे पुलिसः उच्च न्यायालय

**मुंबई।** बॉम्बे उच्च न्यायालय ने यमन नागरिक मोहम्मद कासिम मोहम्मद अल शिबाह को तत्काल रिहा करने का आदेश दिया है। गौरतलब है कि वीजा अवधि समाप्त होने के बाद भी यहां रहने पर पुलिस ने 16 मई से बायकुला पुलिस थाने में हिरासत में रखा गया था। एक अधिवक्ता ने बुधवार को यह जानकारी दी। न्यायमूर्ति गौरी गोडसे और न्यायमूर्ति सोमशेखर सुंदरसन की अवकाश पीठ ने बिना औपचारिक आदेश के शरणार्थी के हिरासत को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई के दौरान यह आदेश पारित किया। न्यायालय ने आदेश पारित करते हुए निर्देश दिया कि याचिकाकर्ता अल शिबाह को तुरंत रिहा किया जाए और उन्हें न्यायालय की पूर्व अनुमति के बिना ग्रेटर मुंबई के अधिकार क्षेत्र को नहीं छोड़ने और अपने मोबाइल फोन पर लोकेशन सेवाओं को सक्रिय रखने का निर्देश दिया।